माघ शुक्ल पक्ष, तृतीया
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 12 फरवरी 2024
वर्ष -2 अंक -172, पृष्ठ -14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य - 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर नगर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





युद्धविराम नहीं, परमाणु युद्ध सुझाते हैं एआई मॉडल 14
नौ अरब कमाकर भी शांत नहीं होने वाला है एनिमल 13



पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
नववर्ष ऑफर
4/- प्रतिदिन
फोन: 0512– 2548300


# मुख्यमंत्री के साथ मंत्री-विधायकों ने रामलला के दरबार में टेका मत्था

## रालोद, बसपा और कांग्रेस के विधायकों ने भी किए दर्शन, समाजवादी पार्टी ने किया किनारा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/अयोध्या

**अमृत विचार:** सत्तापक्ष और विपक्ष के तमाम विधायकों ने रविवार को अयोध्या पहुंचकर एक साथ रामलला के दर्शन किए, मत्था टेके। हालांकि मुख्य विपक्ष दल समाजवादी पार्टी के विधायक इसमें शामिल नहीं थे, लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना के साथ रामलला के दरबार में हाजिरी लगाने वालों में भाजपा एवं सहयोगी दलों समेत रालोद, कांग्रेस बसपा और जनसत्ता दल के विधायक शामिल रहे। यहां विधान परिषद सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह भी साथ रहे।

इस दौरान सत्तापक्ष और विपक्ष के विधायक उत्साहित और भक्ति भाव में डूबे हुए नजर आए। मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष के साथ मंदिर परिसर में बैठकर राम की भक्ति में भजन भी गुनगुनाए। इस दौरान सुरक्षा



रामलला के दर्शन के बाद मंदिर परिसर में योगी सरकार के मंत्री–विधायक जय श्रीराम का उद्घोष करते हुए।

**▸▸ बसों के अंदर रामधुन बजाई जगह-जगह लोगों ने बरसाए फूल**

की भी चाक चौबंद व्यवस्था की गई। इसकी कमान खुद गृह सचिव संजय प्रसाद और डीजीपी प्रशांत कुमार ने संभाली। वीवीआईपी मूमेंट के दौरान आम श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो, इसका भी पूरा ध्यान रखा गया। अयोध्या धाम में रविवार को मंत्रिमंडल के साथ बड़ी संख्या में आम श्रद्धालुओं ने भी रामलला के दर्शन किए। इस दौरान लोगों ने मुख्यमंत्री को सामने देखकर गदगद हो जय श्रीराम का उद्घोष किया।

इससे पहले अयोध्या धाम में रामलला के दर्शन के लिए विधायक और मंत्रियों का काफिला सुबह करीब 9 बजे दस लग्जरी बसों से लखनऊ से रवाना हुआ और करीब 11.30 बजे अयोध्या पहुंचा, जबकि मुख्यमंत्री महर्षि वाल्मीकि अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से अयोध्या धाम पहुंचे।

### मैं बहुत भावुक हूं: सतीश महाना

दर्शन करने के बाद राज्य विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि मैं बहुत भावुक हूं, क्योंकि मैं जब इस स्थान पर आया था तो यहां एक ढांचा खड़ा था, जो 6 दिसंबर को हमारे सामने टूटा था। मैं उस समय यहां पर आया था जब 1990 में यहां गोली चली थी। मैं उस समय यहां पर आया था, जिस समय चबूतरे का निर्माण हुआ था और आज सबसे सौभाग्य की बात है कि भगवान के प्रत्यक्ष रूप से दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इसके अलावा कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता अराधना मिश्र मोना, बसपा नेता उमाशंकर सिंह, जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी के अध्यक्ष राजा भैया भी विधायकों के साथ अयोध्या रामलला के दर्शन करने पहुंचे।

### विधायक और मंत्रियों के समूह पर पुष्पवर्षा

विधायक और मंत्रियों का समूह जैसे ही श्रीरामजन्म भूमि पहुंचा, वहां पर पहले से मौजूद स्थानीय लोगों ने पुष्पवर्षा और नारों के साथ उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान उत्साहित जनता ने बुलडोजर पर सवार होकर पुष्पवर्षा की। वहीं बसों पर सवार विधायक, मंत्री हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन स्वीकार करते रहे। लंबी कतार में खड़ी महिलाओं ने भी पुष्प वर्षा कर विधायकों का स्वागत किया।

# हल्द्वानी हिंसा मामले में 25 और दंगाई गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** बनभूलपुरा दंगे मामले में पुलिस ने एक नामजद समेत 25 और दंगाइयों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार दंगाइयों की संख्या अब 30 हो गई है। इन दंगाइयों के पास से पुलिस ने बनभूलपुरा थाने से लूटे गए 99 सरकारी कारतूस, 54 अन्य कारतूस तथा सात तमंचे भी बरामद किए गए हैं। हालांकि मास्टरमाइंड बताया जा रहा अब्दुल मलिक अब भी पुलिस की पकड़ से बाहर है।

इस बीच प्रशासन ने कर्फ्यू में ढील देते हुए अब इसे सिर्फ बनभूलपुरा थाना क्षेत्र तक सीमित कर दिया है। हालांकि स्थिति पर नियंत्रण बनाए रखने के लिए रविवार को अर्द्धसैनिक बलों की चार कंपनियां यहां पहुंच गईं। एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि गिरफ्तार लोगों से लूटे गए कारतूस भी बरामद कर लिए गए हैं। एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि जल्द ही इस मामले में और गिरफ्तारियां होंगी।



**▸▸ आरोपियों के पास से तमंचे और 153 कारतूस बरामद**

हल्द्वानी में हुई घटना में शामिल उपद्रवियों पर कार्रवाई जारी है। दंगाइयों को एक–एक कर गिरफ्तार किया जा रहा है। प्रदेश में जो भी अतिक्रमण है, उस पर कार्रवाई निश्चित तौर पर होगी और इस अभियान को रोका नहीं जाएगा।– **पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री**

**कर्फ्यू में ढील, आवश्यक सेवाएं सुचारू:** जिलाधिकारी वंदना ने कर्फ्यू में और ढील दी है। अब कर्फ्यू को सिर्फ बनभूलपुरा थाना क्षेत्र तक ही सीमित कर दिया गया है। बनभूलपुरा क्षेत्र को छोड़कर शेष हल्द्वानी में कर्फ्यू हटाए जाने के बाद नैनीताल की जिलाधिकारी वंदना सिंह के निर्देश पर प्रशासन ने बनभूलपुरा में भी आवश्यक सेवाओं को सुचारू कर दिया। बनभूलपुरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को सुचारू करने के साथ ही मेडिकल स्टोर भी खुलवा दिए गए।

## एक नजर

### कांग्रेस सांसद साहू से दूसरे दिन ईडी की पूछताछ

**रांची।** झारखंड से कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य धीरज प्रसाद साहू से ईडी ने लगातार दूसरे दिन पूछताछ की। अधिकारियों ने बताया कि साहू अपराह्न करीब 3 बजे रांची स्थित ईडी के कार्यालय में दाखिल हुए। ईडी के अधिकारियों ने भूमि धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन के मामले में शनिवार को साहू से करीब 11 घंटे तक पूछताछ की थी। इसी मामले में एजेंसी ने हाल ही में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया था। अधिकारियों ने कहा था, 'साहू को फिर से पूछताछ के लिए ईडी के अधिकारियों के सामने पेश होने के लिए कहा गया है, क्योंकि पूछताछ अभी पूरी नहीं हुई है।'

### किसानों का दिल्ली कूच पंजाब-हरियाणा बॉर्डर सील

**चंडीगढ़।** किसानों के 13 फरवरी के प्रस्तावित 'दिल्ली चलो' मार्च से पहले हरियाणा के अधिकारियों ने अंबाला के पास शंभू में पंजाब से लगी सीमा को सील कर दिया है। सीमा पर कंक्रीट के अवरोधक, रेत की बोरियां, कंटीले तार लगाने के साथ-साथ सड़कों पर दंगारोधी वाहन मौजूद रखे गए हैं। प्रदर्शनकारियों को पुलिस अवरोधकों को फेंकने से रोकने के लिए घग्गर फ्लाईओवर पर सड़क के दोनों किनारों पर लोहे की चादरें लगाई गई हैं।

### नीतीश सरकार का शक्ति परीक्षण आज

**पटना।** बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार का आज विधानसभा में शक्ति परीक्षण है। इससे पहले विधायकों में टूट के दावों–प्रतिदावों से राजनीतिक अटकलबाजियों का बाजार गर्म है।

# भाजपा ने राज्यसभा के लिए यूपी से की सात प्रत्याशियों की घोषणा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**▸▸ प्रदेश के मौजूदा नौ राज्यसभा सदस्यों में से आठ का टिकट काटा**

**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी ने राज्यसभा चुनाव के लिए उत्तर प्रदेश से सात प्रत्याशियों की घोषणा की है। भाजपा की सूची दर्शाती है कि भाजपा ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जातीय समीकरण साधने के लिए प्रदेश के मौजूदा नौ राज्यसभा सदस्यों में से आठ का टिकट काट दिया है। मौजूदा सदस्यों में से केवल सुधांशु त्रिवेदी को दोबारा मौका मिल रहा है। उम्मीदवारों की रविवार को जारी सूची में भाजपा ने पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी, आरपीएन सिंह और पार्टी के प्रदेश महामंत्री अमरपाल मौर्य के नाम शामिल है।

इसके अलावा आगरा के पूर्व महापौर नवीन जैन, गाजीपुर सदर भाजपा की पूर्व विधायक संगीता बलवंत बिंद, मुगलसराय से भाजपा की पूर्व विधायक साधना सिंह और मथुरा के पूर्व सांसद तेजवीर सिंह को भी प्रत्याशी बनाया गया है।

### सपा से रामजीलाल और जया बच्चन उम्मीदवार

**आगरा।** राष्ट्रीय महासचिव रामजीलाल सुमन और जया बच्चन को समाजवादी पार्टी ने राज्यसभा के लिए उम्मीदवार बनाया है। विधायकों की संख्या के आधार पर समाजवादी पार्टी के दो सांसद निर्वाचित होना तय है। राज्यसभा उम्मीदवार बनाए जाने पर रामजीलाल सुमन से बात की गई तो उन्होंने बताया कि उन्हें इस बात की खुशी है कि पार्टी ने उन पर एक बार फिर से भरोसा जताया है। इस संबंध में आधिकारिक घोषणा आज हो सकती है।

## सागरिका घोष और सुष्मिता देव टीएमसी की रास उम्मीदवार

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने राज्य में आगामी राज्यसभा चुनाव के लिए वरिष्ठ पत्रकार सागरिका घोष, पार्टी नेता सुष्मिता देव और दो अन्य लोगों के नामों की रविवार को घोषणा की। टीएमसी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'हमें आगामी राज्यसभा चुनावों के लिए सागरिका घोष, सुष्मिता देव, मोहम्मद नदीमुल हक और ममता बाला ठाकुर की उम्मीदवारी की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है।' टीएमसी ने कहा, 'हम उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं देते हैं।'

# आगरा में मां-बेटे की हत्या करने के बाद फांसी के फंदे पर झूला कारोबारी

संवाददाता, आगरा

**▸▸ आत्महत्या से पहले बनाया वीडियो, करोड़ों के कर्ज से परेशान होना बताया**

**अमृत विचार:** थाना न्यू आगरा के लायर्स कॉलोनी में रविवार को एक ही परिवार के तीन शव मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस के मुताबिक कारोबारी तरुण चौहान के घर सुबह जब नौकरानी पहुंची तो उसने देखा कि उसका शव फंदे से लटका हुआ है और उनकी मां और उनके 12 वर्षीय बेटे का शव बेड पर पड़ा हुआ है।

नौकरानी ने इसकी सूचना पड़ोसी और पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने तरुण चौहान के शव को फंदे से उतारा। पुलिस उपायुक्त नगर सूरज राय के मुताबिक तरुण चौहान की पत्नी खाटू श्याम दर्शन के लिए गई हुई थी। प्रथम दृष्टया मां और बेटे को पहले जहरीला पदार्थ दिया गया और उसके बाद तरुण चौहान ने फांसी पर लटककर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने जांच शुरू की तो तरुण का मोबाइल मिला। मोबाइल में पुलिस को एक वीडियो मिला, जिसे खुद तरुण ने बनाया था। इस वीडियो में वह कहता हुआ नजर आ रहा है कि वह कर्ज में फंस गया है। उसकी सामाजिक और आर्थिक प्रतिष्ठा दांव पर है। अब उसका जीने का मन नहीं कर रहा है।



खाटू श्याम से लौटकर आई पत्नी को रो-रोकर बुरा हाल है। उसने बताया वह अपने बेटे से बहुत प्यार करते थे। उसे एक दिन के लिए भी अपने से अलग नहीं करते थे।

# एटा में सात वर्षीया बच्ची की दुष्कर्म के बाद हत्या, खेत में मिला शव

संवाददाता, एटा

**▸▸ पुलिस ने अगले ही दिन आरोपी को किया गिरफ्तार, पूछताछ में जुर्म कबूला**

**अमृत विचार :** कोतवाली देहात क्षेत्र के गांव गाजीपुर पहोर में शनिवार को सात वर्षीया बच्ची की दुष्कर्म के बाद हत्या कर दी गई। बच्ची का शव गांव के बाहर सरसों के खेत में पड़ा मिला। पुलिस ने घटना का खुलासा कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ के दौरान उसने अपना जुर्म कबूल लिया।

कोतवाली देहात इलाके के ग्राम गाजीपुर पहोर निवासी सात वर्षीया बच्ची शनिवार दोपहर लगभग 12 बजे घर से अपनी सहेलियों के साथ खेलने गई थी। शाम करीब 4 बजे तक वह नहीं लौटी तो मां ने तलाशना शुरू किया। देर शाम बच्ची का पता नहीं चला तो सूचना कोतवाली देहात पुलिस को दे दी गई। शनिवार रात करीब 10 बजे डॉग स्क्वायड की मदद से गांव के बाहर सरसों के खेत में बच्ची का शव बरामद हुआ। उसके कपड़े फटे हुए थे। उसकी दुष्कर्म के बाद हत्या की गई थी।

एसएसपी राजेश कुमार सिंह ने बताया कि उसी गांव के 26 वर्षीय युवक जवाहर शर्मा ने घटना को अंजाम दिया, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

## सशस्त्र पुलिस के लिए 13 क्षेत्रीय भाषाओं में होगी परीक्षा

**नई दिल्ली।** गृह मंत्रालय के अधीन केंद्रीय पुलिस बलों में अब हिंदी अंग्रेजी के अलावा 13 क्षेत्रीय भाषाओं में उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा देने की छूट मिली है। इसका पहली बार प्रयोग केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल में सिपहिया की होने वाली भर्ती के दौरान किया जाएगा।

7 मार्च को आयोजित होने वाली उक्त परीक्षा में 128 शहरों के करीब 48 लाख उम्मीदवार 20 फरवरी से 7 मार्च तक क्षेत्रीय भाषाओं में लिखित परीक्षा दे सकेंगे। अभी तक यह व्यवस्था सिर्फ हिंदी और अंग्रेजी भाषा के लिए थी। जिन क्षेत्रीय भाषाओं को लिखित परीक्षा के लिए शामिल किया गया है, उसमें गुजराती, बंगाली, उर्दू, पंजाबी, मराठी, मलयालम, तमिल, तेलगु, कन्नड़, उड़िया, मणिपुरी, कोंकणी एवं असमिया भाषा हैं। गृहमंत्री अमित शाह की पहल पर सरकार ने उक्त आशय की अधिसूचना जारी कर दी है।

# बुंदेलखंड ठंडे बस्ते में, केन-बेतवा लिंक की तैयारी

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

**▸▸ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसी माह कर सकते हैं शिलान्यास**

**▸▸ उत्तर प्रदेश एवं मध्य प्रदेश के 13 जिले होंगे लाभान्वित**

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश एवं मध्य प्रदेश की सरकारों ने प्रस्तावित बुंदेलखंड राज्य को पीछे धकेलते हुए केन-बेतवा नदी लिंक परियोजना को ज्यादा महत्व देना शुरू किया है। लोकसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस परियोजना का इसी माह कभी भी शिलान्यास कर सकते हैं। परियोजना की लागत 46 हजार करोड़ है। इसमें 90 प्रतिशत केंद्र एवं पांच-पांच प्रतिशत उत्तर प्रदेश व मध्य प्रदेश की सरकारें देंगी।



इस परियोजना का परिचय तत्कालीन प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के समय में वर्ष 2003 में नदी जोड़ परियोजना से हुआ था, लेकिन कांग्रेस की मनमोहन सरकार के दौरान 10 वर्ष तक इस परियोजना में कोई कार्य नहीं हुआ। मोदी सरकार ने इस योजना पर जब काम शुरू किया तो वन एवं पर्यावरण मंत्रालय ने वन भूमि के लैंड यूज पर आपत्ति दर्ज कर दी थी, जिसके चलते यह परियोजना फिर अधर में लटक गई। अब 6017 हैक्टेयर वन भूमि का लैंड यूज बदलने की अनुमति वन मंत्रालय ने दे दी है। दूसरी तरफ केंद्र सरकार ने इस परियोजना की पहली किस्त भी जारी कर दी है।

परियोजना के तहत पन्ना जिले में एक बांध बनेगा और वहां एक नहर के माध्यम से केन नदी का अतिरिक्त पानी बेतवा नदी में छोड़ा जाएगा। परियोजना पूरी होने के बाद उत्तर प्रदेश एवं मध्य प्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र की काया बदलने का दावा किया जा रहा है। दोनों राज्यों की लगभग 8 लाख हेक्टेयर बंजर व असिंचित जमीन को उपजाऊ व सिंचित बनाया जाएगा। दोनों राज्यों के 62 लाख लोगों को शुद्ध पेयजल मिलेगा। 130 मेगावाट क्षमता वाले दो (थर्मल व सोलर) पावर प्रोजेक्ट भी चलेंगे।






गुमटी बाजार में आधी सड़क घेरे खड़े रहते हैं वाहन। अमृत विचार



दुकानों के आगे फुटपाथ पर कब्जे, कैसे आएं ग्राहक। अमृत विचार

# दुकानदारों के अतिक्रमण से गुम हो रहा गुमटी बाजार

## 10-10 फिट के फुटपाथों पर वर्षों से कब्जा किए हैं दुकानदार, बंदी के दिन फुटपाथ से लेकर डिवाइडर तक रहता है इनका कब्जा

**बेजार बाजार**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर के प्रमुख बाजारों में शुमार गुमटी बाजार अतिक्रमण की अराजकता में गुम हो रहा है। इस बाजार में छोटे से लेकर बड़े-बड़े आलीशान शोरूम हैं और गुमटी बड़े रिहायशी एरिया में भी है, लेकिन अतिक्रमण के कारण व्यापारियों का धंधा चौपट होने की कगार पर है। पूरे बाजार में कब्जे के कारण लोग सुबह से शाम तक जाम की समस्या से परेशान रहते हैं। दुकानदारों ने पूरा फुटपाथ घेर रखा है और उसके आगे ठेले-खोमचे लग जाते हैं। थोड़ी जगह बची तो वहां वाहन खड़े हो जाते हैं। शाम को पैदल चलने की भी जगह नहीं रहती, वाहन की कौन कहे। इस कारण ग्राहक इधर आना पसंद नहीं करते। नगर निगम, केडीए, ट्रैफिक पुलिस ने कब्जे हटाने को लेकर प्लान भी बनाए, लेकिन समस्याओं का निस्तारण नहीं हो सका।

वर्ष 1950 में करीब 60 दुकानों से स्थापित होने वाला गुमटी बाजार आज शहर के प्रमुख बाजारों में से एक है। बाजार में वर्तमान समय में करीब 800 से एक हजार से अधिक दुकानें व शोरूम हैं। रोजाना अमूमन पांच हजार ग्राहक खरीदारी को आते हैं, त्योहारों के समय में इनकी संख्या बढ़ जाती है। लेकिन बाजार में मूलभूत सुविधाओं को लेकर कोई भी इंतजाम नहीं है। बाजार में पार्किंग के लिए वर्ष 2015 में तत्कालीन जिलाधिकारी ने सड़क के दोनों ओर डिवाइडर से सात-सात फिट तक वाहनों को खड़ा करने की योजना तैयार की थी, जो कि पूरी तरह से समाप्त हो चुकी है। आधी-आधी सड़क तक वाहन खड़े रहने के कारण दिन भर जाम रहता है। दुकानों के बाहर 10-10 फिट के फुटपाथ है। जयहिंद टॉकिज से संत नगर चौराहे तक व गुमटी चौराहे पर स्थित चौकी के पीछे पूरे फुटपाथ पर लोगों ने कब्जा कर रखा है।



सड़क पर लगे ठेले। अमृत विचार

- 80 फिट चौड़ी सड़क पर भी चार पहिया वाहन फंस जाते

**1950** में स्थापित हुआ था बाजार

**69** स्ट्रीट वेंडर्स रजिस्टर्ड हैं बाजार में

**150** से अधिक लगते हैं ठेले-खोमचे

**800** से ज्यादा दुकानें हैं बाजार में


### 59 स्ट्रीट वेंडर्स थे, अब 150 के पार पहुंचे

गुमटी बाजार में फजलगंज थानाक्षेत्र में 52 व नजीराबाद में 17 स्ट्रीट वेंडर्स चिह्नित किए गए थे। जिनको सड़क किनारे ढाई फिट चौड़ी व पांच फिट लंबी सीढ़ीनुमा स्थायी लकड़ी की दुकान बना कर व्यापार करना था, लेकिन व्यवस्था सिर्फ कागजों तक ही सीमित रही। व्यापारियों ने बताया कि इस समय बाजार में तकरीबन 150 से अधिक स्ट्रीट वेंडर्स खड़े होते हैं, जिनका कोई निर्धारित स्थान नहीं है। साथ ही न्यूबसंत टॉकीज से संत नगर चौराहे तक टैक्सी, लोडर चालकों का कब्जा रहता है।

### सेंट्रल पार्क में पार्किंग की व्यवस्था ने तोड़ा दम

बाजार में पार्किंग की व्यवस्था लागू करने के लिए वर्ष 2018-19 में न्यू बसंत टॉकीज के पास स्थित सेंट्रल पार्क दर्शनपुरवा में वाहनों की पार्किंग के लिए योजना तैयार की गई थी, जिस पर व्यापार मंडल ने भी सहमति जताई थी। पार्किंग निर्माण के लिए व्यापारियों की तत्कालीन केडीए उपाध्यक्ष के साथ बैठक भी हुई थी, लेकिन आज तक योजना धरातल पर नहीं उतर सकी।

### क्या बोले व्यापारी



बाजार में अतिक्रमण बहुत बड़ी समस्या है। अतिक्रमण का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि 80 फिट चौड़ी सड़क पर एक चार पहिया वाहन भी आसानी से नहीं गुजर सकता। बाजार में दिन भर भीषण जाम लगा रहता है। जाम के कारण ग्राहक बाजार में आने से कतराता है।

**-रमेश भाटिया, कपड़ा कारोबारी**




सोमवार को बंदी के दिन बाजार में ठेला दुकानदार सड़क के दोनों ओर व फुटपाथ पर कब्जा किए रहते है, जिस कारण पैदल चलना तक दुश्वार रहता है। विरोध करने पर विवाद करने पर आमादा हो जाते है। बाजार के अतिक्रमण को खत्म कराने के लिए स्थानीय पुलिस में दिन में दो बार गश्त करनी चाहिए।

**-अनुराग बलूचा, महामंत्री**



दुकानों के बाहर स्थित फुटपाथों पर अधिकांश दुकानदारों ने कब्जा कर रखा है। कई दुकानदारों ने तिरपाल लगाकर फुटपाथ को बंद कर रखा है। अगर फुटपाथ खाली करा दिए जाएं तो पैदल चलने वालों को काफी सुविधा मिलेगी। जबसे स्थानीय पुलिस ने गश्त करना बंद किया है तब से अतिक्रमण चरम पर है।

**-राजे गुप्ता, अध्यक्ष, गुमटी व्यापार मंडल**



बाजार में पार्किंग के साथ-साथ यूरिनल की भी व्यवस्था नहीं है। यूरिनल न होने से खास तौर पर महिलाओं को परेशानी का सामना करना पड़ता है। बाजार के पास ही रेलवे की भूमि खाली पड़ी है, जिस पर अधिकारियों की पहल से यूरिनल बनाया जा सकता है। साथ ही मार्केट के जर्जर यूरिनलों को नगर निगम सही करा दें तो उनको उपयोग में लाया जा सकता है।

**-नरेश भाटिया, कपड़ा कारोबारी**



बाजार में अतिक्रमण की समस्या पहले से विकराल है। अब केस्को अंडरग्राउंड केबिल के बाक्स सड़क किनारे रख रहा है, जिसके किनारे पर स्ट्रीट वेंडर्स कब्जा करेंगे। वहीं सड़क के बीच पर टेलीफोन के पोल खड़े है। बिजली के तार लटके होने के कारण हादसे का भय सताता रहता है।

**-राजीव मेहरा, व्यापारी**

### व्यापारियों के सुझाव

- पार्किंग के पर्याप्त इंतजाम किए जाएं, सड़क किनारे पार्किंग के लिए पर्याप्त पुलिस बल की व्यवस्था की जाए।
- फुटपाथों को खाली कराया जाए। दोबारा कब्जा मिलने पर जुर्माने की कार्रवाई की जाए
- दो शिफ्ट में बाजार में पुलिस गश्त की व्यवस्था लागू हो, जिससे कब्जे व जाम की समस्या से निजात मिल सके।
- रेलवे लाइन की जगह पर यूरिनल बनाएं जाए व मार्केट में बने यूरिनल की मरम्मत कराई जाए।

# चोरी की बिजली से चार्ज होते मिले 13 ई-रिक्शा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- केसा प्रवर्तन दल ने बाबूपुरवा में मारा छापा

**अमृत विचार।** शहर में दौड़ रहे हजारों ई-रिक्शे अवैध चार्जिंग करके केस्को को प्रतिमाह करोड़ों रुपये की चपत लगा रहे हैं। ई रिक्शा घरेलू कनेक्शन से चार्ज किए जा रहे हैं जबकि इनके लिए अलग से महंगी दर निर्धारित हैं। अमृत विचार ने इसका खुलासा किया था। इसके बाद केस्को अधिकारियों ने ई-रिक्शों पर कार्रवाई शुरू की और बाबूपुरवा क्षेत्र में अवैध रूप से चार्ज किए जा रहे 13 ई-रिक्शे पकड़े।



शहर में 80 हजार से अधिक ई-रिक्शों का संचालन किया जा रहा है, जबकि आरटीओ में सिर्फ 30 हजार के करीब ही ई-रिक्शे पंजीकृत है। घरेलू टैरिफ से अधिकांश ई-रिक्शे चार्ज किए जा रहे हैं। जबकि नियम के तहत कामर्शियल इलेक्ट्रिक वाहनों की चार्जिंग के लिए बिजली की अलग दरें निर्धारित हैं और इनकी चार्जिंग के लिए बिजली का कामर्शियल कनेक्शन होना जरूरी है। इसके बावजूद कामर्शियल वाहनों को निजी कनेक्शन से चार्ज किया जा रहा है। इससे केस्को को हर माह करोड़ों का चूना लग रहा है।

केस्को प्रथम के प्रवर्तनदल के प्रभारी हरिहर सिंह व अवर अभियंता अमित कुमार, सिपाही संजय, सुनील, मुकेश, महिला सिपाही सुनीता यादव ने बाबपुरवा थाना क्षेत्र में अजीतगंज निवासी अकरम खान के परिसर को चेक किया।

प्रवर्तनदल के प्रभारी के मुताबिक यहां पर मीटर कनेक्शन की सर्विस केबिल को मीटर से पहले काटकर अतिरिक्त केबिल को जोड़कर (मीटर बाईपास) बिजली चोरी से 13 ई-रिक्शा चार्ज करते पकड़े गए। इस संबंध में अकरम खान के खिलाफ एपीटी थाना में मुकदमा दर्ज कराया गया है। इसके अलावा टीम ने देहली सुजानपुर व किदवई नगर में भी छापा मारा। उन्होंने बताया कि अभियान जारी रहेगा।

**लापरवाही**




**बिना शटरिंग के गहरी सीवर लाइन की खुदाई :** प्रोजेक्ट कॉन्ट्रेक्टर ने मजदूरों की जान को खतरे में डाला। मजदूरों की जान जोखिम में डाल कर जाजमऊ चुंगी के निकट बिना शटरिंग व बैरिकेडिंग लगाकर गहरी सीवर लाइन की खुदाई की जा रही है। मिट्टी धंसने का खतरा बना है। शहर में पूर्व में गहरी सीवर लाइन खुदाई में कई मजदूर अपनी जान गवां चुके हैं। इसके बावजूद प्रशासन ने सबक नहीं लिया। **फोटो - मनोज तिवारी**

# कुत्तों को संरक्षण देने पर दंपति का विरोध

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बर्रा दो में शनिवार को आवारा कुत्तों द्वारा बच्चे को काटने के मामले मं. रविवार को इलाकाई लोग आवारा कुत्तों को संरक्षण देने वाले दंपति के घर विरोध करने पहुंचे तो दंपति ने अभद्रता कर दी। लोगों ने पुलिस को सूचना देकर नगर आयुक्त से कुत्तों को पकड़वाने की अपील की।

बर्रा दो निवासी शुभ कुमार(12) को शनिवार शाम दुर्गा पूजा पार्क के पास आवारा कुत्तों ने काट लिया था। रविवार को शुभ के पिता उमेश, पड़ोसी धर्मेश, विजय, रीता, देवेश, शोभित समेत अन्य क्षेत्रीय लोगों ने कुत्तों को संरक्षण देने वाले एक दंपति के घर पहुंच कर शिकायत की। आरोप है कि विरोध करने पर दंपति भड़क गए और अभद्रता शुरू कर दी। आक्रोशित लोगों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। बर्रा थाना प्रभारी दिनेश सिंह बिष्ट ने बताया कि दोनों पक्षों से आपस में मामला निपटाने को कहा है।

# 'धरोहर' में छात्राओं ने दिखाई भारत की एकता

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- मोती लाल खेडिया इंटर कॉलेज का वार्षिकोत्सव

**अमृत विचार।** विष्णुपुरी स्थित सेठ मोती लाल खेड़िया इंटर कॉलेज का 32वां वार्षिकोत्सव धरोहर रविवार को आयोजित हुआ। विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल मुख्य अतिथि थे। रिमझिम इस्पात के प्रबंध निदेशक योगेश अग्रवाल की अध्यक्षता में स्कूल छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किये। बच्चों ने हनुमान चालीसा का पाठ किया। विद्यालय अध्यक्ष सुभाष चन्द्र खेडिया और प्रबंधक कमल किशोर गुप्ता ने विद्यालय की प्रगति पर प्रकाश डाला।

मुख्य अतिथि विनोद बंसल ने राम मंदिर आंदोलन में लगे हुए प्रमुख संघ कार्यकर्ताओं डॉ. रमेश चन्द्र शर्मा, दिनेश चन्द्र गुप्ता, प्रकाश शर्मा, विद्यालय के प्रबंधक डॉ. कमल किशोर गुप्ता सहित अन्य कार्यकर्ताओं का सम्मान किया। छात्राओं ने भारत की एकता व अखंडता का दर्शन कराते हुए वसुधैव कुटुम्बकम् नृत्य नाटिका प्रस्तुत की। संचालन विद्यालय के छात्रों सागर, दिव्यांशी, रितिका, शिक्षिका कंचन नाथ एवं आचार्य सचिन यादव ने किया। प्रधानाचार्या सुमन चंदोला, वीरेन्द्रजीत सिंह, रामकृष्ण खेडिया, श्याम बाबू जी गुप्त, श्रेष्ठ खेडिया, लक्ष्मीं कान्त शुक्ल सारिका मिश्रा मौजूद रहे।



मोतीलाल खेड़िया कॉलेज में हुआ वार्षिकोत्सव। अमृत विचार

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

**प्रारूप संख्या-3**
**कुटुम्ब न्यायालय/परिवार न्यायालय हरदोई**
**याचिका संख्या- 424 वर्ष 2023**
याची **सुनील कुमार सैनी पुत्र श्री लाल सैनी**
निवासी मो0 मिर्जापुर लाला बाजार बुद्धा देवी मंदिर कस्बा व थाना मल्लावां तहसील बिलग्राम जिला हरदोई
**बनाम**
प्रत्युत्तरदाता **रानी सैनी पत्नी सुनील कुमार सैनी पुत्री राजेंद्र प्रसाद सैनी**
निवासी मो0 सेन्ट्रल पार्क शास्त्री नगर मकान नंबर 221/6 कानपुर जिला कानपुर

महोदय, चूंकि उक्त नामित याची ने आपके विरुद्ध याचिका संस्थित किया है जैसा कि याचिका में वर्णित है। आपके एतद् द्वारा इस न्यायालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर आप पर इस समन की तामीली से तीन सप्ताह के भीतर न्यायालय की अनुमति से वकालतनामा दाखिल करने की अपेक्षा की जाती है। और चूंकि वाद सं. 424 2023 के 17/03/24 दिन को न्यायाधीश के समक्ष निर्देश के लिए रखा जाएगा, इसलिए आपको एतद्द्वारा सं. 424/ 2023 के 17/03/2024 दिन को दोपहर पूर्व 11.00 बजे याची के दावा का उत्तर देने के लिए न्यायाधीश के समक्ष उपस्थित होने के लिए समन किया जाता है, और यह और सूचना ग्रहण कीजिए कि यदि आप अपनी व्यक्तिगत उपस्थिति या वकालतनामा में असफल, जैसा कि ऊपर निर्देश दिया गया है या यदि आप पूर्व वर्णित दिन को न्यायाधीश के समक्ष उपस्थित रहने में असफल रहते हैं तो याचिका को उसी दिन या किसी पश्चात्वर्ती दिन को अप्रतिरक्षित रूप में अमान्य किये जाने का आदेश दिया जा सकता है और आप अपने विरुद्ध डिक्री या आदेश पारित किये जाने के लिये दायी होंगे। यह ... 201 ... के ... दिन को पूर्वोक्त ... प्रमुख न्यायाधीश से ....... लिखा गया।

**प्रधान न्यायाधीश**
**कुटुम्ब न्यायालय, हरदोई**

**मनमानी** एक ओर नगर निगम उतार रहा, दूसरी ओर से रातों रात टंग जा रहीं, डीएम के आदेश के बाद भी रोक नहीं लग सकी

# राजनीतिक सरगर्मी बढ़ने से शहर में अवैध होर्डिंग्स की भरमार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर में अवैध होर्डिंग लगाने का खेल जारी है। राजनीतिक सरगर्मी बढ़ने से हार्डिंगों की बाढ़ आ गई है जो न केवल नगर निगम की आय को नुकसान पहुंचा रही हैं बल्कि बेतरतीब टंगी होर्डिंग्स जान के लिये खतरा भी बनी है। डीएम के निर्देश के बाद नगर निगम अवैध होर्डिंग को हटाने का अभियान तो चला रहा है, लेकिन एक दिन नगर निगम हटाता है वहीं उसी रात नई होर्डिंग्स से शहर दोबारा पट जाता है।

डीएम राकेश कुमार सिंह ने ओवर ब्रिज, रोड और चौराहों पर बिना अनुमति के होर्डिंग बैनर लगाने पर कार्रवाई के निर्देश दिये हैं। दीवारों पर लिखकर प्रचार प्रसार करने वालों से भी नगर निगम को वसूली करने को कहा गया है। इसके साथ ही नगर आयुक्त शिव शरणप्पा जीएन को निर्देश दिए हैं कि बिना अनुमति वाले प्रचार-प्रसार को चिह्नित कर संबंधित को नोटिस भेजकर वसूली करें। डीएम के अनुसार अवैध होर्डिंग्स की वजह से प्रमुख चौराहों से लेकर अंदरूनी हिस्सों तक ट्रैफिक में समस्या हो रही, जबकि सुंदरता पर भी ग्रहण लगा हुआ है।



नगर निगम उतरवा रहा अवैध होर्डिंग और पोस्टर। अमृत विचार

**157** यूनीपोल लगे हुए हैं शहर में

**550** होर्डिंग नगर निगम से पंजीकृत

**1200** से ज्यादा होर्डिंग अवैध लगीं

### मकानों पर होर्डिंग लगाने का नियम

- मकानों पर होर्डिंग लगाने के लिए नगर निगम से परमिशन जरूरी
- मकान का रेजीडेंशियल की जगह कामर्शियल टैक्स का नियम
- मकानों का नक्शा पास होना चाहिए, मजबूती का भी प्रमाण पत्र हो
- हर साल रिन्यूवल से पहले मजबूती के वैरीफिकेशन की रिपोर्ट व एनओसी
- कमी मिलने पर इसकी जिम्मेदारी राजस्व इंस्पेक्टर व कर्मचारियों की होगी

### बिना परमीशन मकानों पर तानी जा रही होर्डिंग्स

नगर निगम की इनकम का बड़ा साधन होर्डिंग का किराया भी है। नगर निगम एजेंसियों को निर्धारित स्पेस बेचता है। एजेंसियां होर्डिंग लगाती हैं। लेकिन, बहुत से मकानों में बिना परमीशन होर्डिंग लगा दी गई हैं। मकानों में होर्डिंग लगी है तो कॉमर्शियल टैक्स भी वसूल करना चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। राजस्व निरीक्षक और कर्मचारी सुविधा शुल्क के चलते आंखें बंद किए हुए हैं और अपनी जेब भारी कर रहे हैं। साथ ही नगर निगम को राजस्व का चूना भी लगा रहे हैं।

### जर्जर भवनों पर भारी भरकम होर्डिंग

हटिया, नरोना चौराहा, फूलबाग, परेड, लाटूश रोड, गोविंद नगर पुल, घंटाघर, मूलगंज, रावतपुर, जनरलगंज समेत कई जगह जर्जर भवनों पर होर्डिंग लगी है। जर्जर भवन गिरने के साथ ही भारी भरकम लगी होर्डिंग गिरने से बड़ा हादसा हो सकता है। दक्षिण में होर्डिंग्स की बड़ी समस्या है। गोविंद नगर पुल से दीप टाकीज तिराहे और संजय वन तक खंबों पर होर्डिंग्स लगी हैं।

### 22 जनवरी के बाद से चला अभियान नाकाफी

शहर में अवैध होर्डिंग को चिन्हित कर उसके खिलाफ अभियान पहले से चलाया जा रहा है। 22 जनवरी के बाद कई जगह पर अभियान चलाकर होर्डिंग भी हटाई गई है। जोनल इंचार्ज दो व विज्ञापन प्रभारी राजेश सिंह ने बताया कि अभियान चलाया जा रहा है। तीन सौ से ज्यादा अवैध होर्डिंग हटाई गई हैं।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
सूचित हो कि मेरी हाईस्कूल जिसका रोल नं0- 0879001 एंव इण्टरमीडियट रोल नं0- 0457232 की मार्कशीट एंव सर्टिफिकेट वास्तव में खो गये हैं। जिसे भी मिले कृपया मो.नं. 9044510744 पर सम्पर्क करे। **मो इमरान अंसारी उम्र लगभग 35 वर्ष पुत्र मुन्डैवर अली निवासी- 11/31 गिरधारी लाल का हाता, शूटरगंज कानपुर नगर।**

**सूचना**
सूचित हो मैं **सरला पत्नी लल्ली, निवासिनी 312, तरहिया, तहसील- बख्शी का तालाब, लखनऊ,** मेरे मतदाता पहचान पत्र संख्या FPP5879929 पर मेरा नाम सरला अंकित है, जो सत्य व सही है। जबकि मेरे आधार कार्ड संख्या 7544 8709 0243 में मेरा नाम त्रुटिवश राम दुलारी अंकित हो गया है। अत: मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम राम दुलारी के स्थान पर सरला अंकित किया जाय।

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **संतोष कुमार प्रसाद पुत्र श्री गंगा विष्णु प्रसाद, वर्तमान पता- 561/541, न्यू सिंधु मानस नगर, कृष्णा नगर, लखनऊ, उ0प्र0,** मेरी पुत्री का बैंक पास बुक व अन्य राजस्व अभिलेखो में शुद्ध व सही नाम संध्या ठाकुर अंकित है, जो कि सत्य है। जबकि उसके आधार कार्ड में त्रुटिवश कुमारी संध्या अंकित हो गया है। जिसे संशोधित कर शुद्ध व सही नाम संध्या ठाकुर (SANDHYA THAKUR) अंकित किया जाय।

**NOTICE**
All common people are informed. The name of the applicant was Alok Mishara, now according to the records it has become Alok Kumar Mishra, hence now in future the applicant Should be known and known as Alok Kumar Mishra. Applicant-**Alok Kumar Mishra son of Anil Kumar Mishra Village Karanpur Post Babhnan Sugar Mill District Gonda**

आज का मौसम
तेज धूप के बीच हवा बहेगी, बादल भी आ सकते हैं।

23.6° अधिकतम तापमान | 05.4° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06 : 47 | सूर्यास्त 05 : 59

## एक नजर

### अवैध स्टैंड से वसूली को लेकर दो भिड़े

**कानपुर।** अवैध स्टैंड लगाकर वसूली करने को लेकर दो युवक आपस में भिड़ गए। दोनों ने बीच सड़क एक दूसरे को जमकर पीटा। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। नौबस्ता थानाक्षेत्र के बसंत विहार में अवैध स्टैंड से वसूली करने को लेकर दो युवकों के बीच में विवाद हो गया। वायरल वीडियो में दो युवक पुलिस कर्मी के सामने एक दूसरे के साथ उठा पटक करते नजर आ रहे हैं। पुलिस कर्मी मूक दर्शक बना खड़ा नजर आ रहा है।

# जाजमऊ पुल पर महीने भर में उखड़ा पैचवर्क

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


यहां दिसंबर में पैचवर्क हुआ था। अमृत विचार


फुटपाथ भी टूटा पड़ा है। अमृत विचार

- दिसंबर में किया गया था पुल पर पैचवर्क का कार्य
- पांच करोड़ से जाजमऊ से रामादेवी तक होगा सुधार

> पांच करोड़ रुपये से सड़क की मरम्मत का काम होना है। इसके टेंडर की प्रक्रिया चल रही है। मार्च तक सड़क बना दी जाएगी। पुल पर भी यदि गड्ढे होंगे तो उनका भी पैचवर्क किया जाएगा।
>
> – अमन रोहिल्ला, परियोजना निदेशक एनएचएआई

**अमृत विचार।** कानपुर से लखनऊ तक राष्ट्रीय राजमार्ग की स्थिति बहुत ही खराब हो गई है। जगह-जगह गड्ढों की वजह से एक तो वाहनों की रफ्तार धीमी हो रही है दूसरे जाम लग रहा है। साथ ही हादसे भी हो रहे हैं। जाजमऊ गंगा पुल की मरम्मत का कार्य दिसंबर में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण कानपुर की इकाई ने कराया था लेकिन अब इस पर फिर गड्ढे होने लगे हैं। पुल के फुटपाथ की स्थिति तो कुछ ज्यादा ही खराब है। यह भी टूट गया है।

जाजमऊ में गंगा पर दो पुल बने हैं। पुराने पुल का उपयोग लखनऊ से आने के लिए किया जाता है जबकि नए पुल का उपयोग लखनऊ जाने के लिए होता है। प्राधिकरण की कानपुर इकाई को पुल और रामादेवी से जाजमऊ तक हाईवे की मरम्मत करनी है। पुल के बाद उन्नाव सीमा में सड़क की मरम्मत का कार्य प्राधिकरण की लखनऊ इकाई के पास है। हर दिन इस पर दो लाख से अधिक वाहन गुजरते हैं। लाखों रुपये का टोल हर दिन वसूला जाता है लेकिन मरम्मत के नाम पर कुछ भी नहीं किया जा रहा है। गड्ढों का पैचवर्क तो कभी कभार होता है लेकिन वह भी महीना भर नहीं चल पाता। गड्ढे फिर जस के तस हो जाते हैं। पुल की मरम्मत दिसंबर में की गई थी लेकिन जो स्थिति है उससे नहीं लगता कि मानक के अनुरूप काम हुआ होगा। मानक की अनदेखी का ही परिणाम है कि सड़क पुल पर गड्ढे हो गए। बारिश के समय रामादेवी से जाजमऊ तक फ्लाईओवर पर भी मरम्मत का कार्य किया गया था लेकिन लेकिन अब उस पर भी गड्ढे हो गए हैं। जाजमऊ से रामादेवी के बीच सड़क बनाने के लिए एनएचएआई की ओर से टेंडर की प्रक्रिया की जा रही है। पांच करोड़ रुपये से काम होना है। उम्मीद की जा रही है कि मार्च तक काम शुरू हो जाएगा।

# पिंटू सेंगर हत्याकांड में बर्खास्त सिपाही पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चकेरी थानाक्षेत्र में बसपा नेता व हिस्ट्रीशीटर नरेंद्र सिंह उर्फ पिंटू ठाकुर की गोली मारकर हत्या के मामले में आरोपी बर्खास्त कांस्टेबल पर आय से अधिक संपत्ति के मामले में भ्रष्टाचार निवारण संगठन ने चकेरी थाने में एफआईआर दर्ज कराई है।

भ्रष्टाचार निवारण संगठन के कानपुर इकाई के इंस्पेक्टर चतुर सिंह ने बताया कि मिर्जापुर के थाना कछवा अंर्तगत ग्राम भैसा निवासी श्याम सुशील मिश्रा कांस्टेबल था। वह डी ब्लॉक श्याम नगर का निवासी है। वर्ष 2019 में कांस्टेबल के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने की शिकायत मुख्यालय लखनऊ में की गई थी। जिसके बाद आरोपी कांस्टेबल के खिलाफ आय से संपत्ति के मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम (1988) 13 (1),13 (2) में एफआईआर दर्ज की गई है।

इंस्पेक्टर चतुर सिंह ने बताया कि आरोपी कांस्टेबल श्याम सुशील मिश्रा का नाम चकेरी के पिंटू सेंगर हत्याकांड में आया था। जिस पर मामला भी दर्ज हुआ था। उन्होंने बताया कि आरोपी कांस्टेबल की संपत्ति की शिकायत लखनऊ में की गई। इसके बाद मामले की जांच शुरू हुई। जांच से पाया गया कि श्याम सुशील मिश्र ने अपनी आय के समस्त ज्ञात और वैध श्रोतों से तीन करोड़ 11 लाख से अधिक अर्जित किया। न तो कांस्टेबल ने अपने बयान कराए न ही स्पष्टीकरण दिया। जांच पूरी होने पर कांस्टेबल श्याम सुशील मिश्रा प्रथम दृष्ट्या दोषी पाया गया।

# गडकरी के साथ सीएम योगी भी आएंगे शहर

## कानपुर रिंग रोड परियोजना का शिलान्यास 15 को

## भाजपा ने कार्यक्रम को लेकर तैयारियां कीं शुरू

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


नितिन गडकरी।


योगी आदित्यनाथ।

**अमृत विचार।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआइ) की 93.2 किलोमीटर कानपुर रिंग रोड परियोजना का शिलान्यास करने 15 फरवरी को केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी शहर आएंगे। उनके साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी होंगे। कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के एक बड़े पदाधिकारी ने इसकी पुष्टि की है। भाजपा ने केंद्रीय मंत्री और सीएम योगी के कार्यक्रम को लेकर तैयारी शुरू कर दी है।

कानपुर रिंग रोड परियोजना में सचेंडी-मंधना और सचेंडी-रमईपुर में समतलीकरण का कार्य शुरू हो गया है। सचेंडी-मंधना में ढाई लाख क्यूबिक घन मीटर मिट्टी भराई का कार्य भी हो गया है। इस पैकेज में कुल 46 लाख क्यूबिक घन मीटर मिट्टी भराई का काम होगा। योजना के शिलान्यास के लिए नितिन गडकरी 15 को शहर आएंगे। एनएचएआई अधिकारियों के अनुसार यह कार्यक्रम सचेंडी में आयोजित हो सकता है। केंद्रीय मंत्री रायबरेली, उसके बाद कानपुर और फिर उन्नाव पहुंचेंगे। कार्यक्रम में नितिन गडकरी के साथ सीएम योगी आदित्यनाथ भी होंगे। कई और मंत्री व जनप्रतिनिधि भी शामिल रहेंगे। भाजपा कानपुर-बुंदेलखंड ने तैयारी शुरू की है। पदाधिकारियों का कहना है कि एक दो दिन में सीएम का कार्यक्रम आ सकता है।

### लालगंज-उन्नाव फोरलेन हाईवे का होगा लोकार्पण

केंद्रीय मंत्री सबसे पहले रायबरेली में लालगंज-उन्नाव फोरलेन हाईवे का लोकार्पण करेंगे। वहां से केंद्रीय मंत्री सीधे कानपुर आएंगे, जहां वह रिंग रोड प्रोजेक्ट का शिलान्यास करेंगे। कानपुर-अलीगढ़ जीटी रोड फोरलेन सड़क और चकेरी-प्रयागराज सिक्स लेन सड़क का लोकार्पण करेंगे। वहां से उन्नाव जाएंगे, जहां वह रिंग रोड के उन्नाव के हिस्से का शिलान्यास और उन्नाव-लालगंज फोरलेन सड़क का लोकार्पण करेंगे।


## दांपत्य संबंध न बनाने का आरोप

**कानपुर।** हनुमंत विहार निवासी विवाहिता ने पति पर दांपत्य जीवन को सुखी बनाने के लिए दो लाख रुपये मांगने का आरोप लगाया है। फतेहपुर बिंदकी निवासी विवाहिता ने बताया कि जनवरी 2023 को उसका विवाह हनुमंत विहार निवासी युवक से हुआ था। शादी के बाद से पति ने उसके साथ दापंत्य संबंध नहीं बनाए। सास व ननद को मामले की जानकारी दी तो उन्होंने ससुर को पूरी बात बताई। आरोप है कि ससुर ने दहेज में दो लाख रुपये मांगे। इसके बाद पति समेत ससुरालीजन प्रताड़ित करने लगे। त्योहार पर मायके जाने पर ससुरालीजनों ने पति का इलाज पूरा होने के बाद घर आने को कहा। फिर ससुरालीजनों ने घर से निकाल दिया।

# मॉडल की मौत की झूठी कहानी पर शिकायत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पुलिस कमिश्नर को पत्र देकर एफआईआर की मांग
- कमिश्नर ने जांच फीलखाना पुलिस को सौंपी


मामले की जानकारी देते अधिवक्ता फैजान अंसारी। अमृत विचार


पूनम पांडेय।

**अमृत विचार।** मशहूर मॉडल पूनम पांडेय की मौत की झूठी कहानी रचने के बाद मुंबई के अधिवक्ता और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर फैजान अंसारी ने पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार को पत्र सौंपकर जन शिकायत प्रकोष्ठ में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस कमिश्नर ने फीलखाना थाना प्रभारी को मामले की जांच के आदेश दिए हैं।

शहर पहुंचे मीरा रोड पूर्वी मुंबई निवासी फैजान अंसारी ने बताया कि पूनम पांडेय ने अपनी मौत की झूठी खबर फैलाकर करोड़ों लोगों को आहत किया है। उन्होंने मशहूर होने के लिए अपनी मौत की झूठी अफवाह फैलाई थी। जिसके बाद मुंबई से लेकर कानपुर तक हड़कंप मच गया था। कहा कि पूनम पांडेय कानपुर की रहने वाली हैं। दूसरे दिन पूनम पांडेय ने सोशल मीडिया पर सामने आकर देशवासियों से माफी मांगी थी। उन्होंने पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार के जन शिकायत प्रकोष्ठ में पूनम पांडेय के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। कहा कि पूनम पांडेय ने सर्वाइकल कैंसर से मौत की झूठी खबर फैलाई। इससे महिलाओं और उनके परिवार वालों के मन में डर और दहशत बैठ गई। कहा कि पूनम पांडेय और उनके पति सैम देश के अलग-अलग कैंसर हॉस्पिटलों में दो-दो करोड़ रुपये का डोनेशन देने से बच सकते हैं। कहा कि पूनम पांडेय ने यह सब खेल अपनी पब्लिसिटी के लिए रचा था और करोड़ों देशवासियों के साथ ही पूरी बॉलीवुड इंडस्ट्री के विश्वास से खिलवाड़ किया है। वह अगर हॉस्पिटलों में इलाज के लिए डोनेशन नहीं देतीं तो वह पूनम पांडेय और उनके पति के खिलाफ 100 करोड़ रुपये का मानहानि का दावा कोर्ट में करेंगे। एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

बता दें कि दो फरवरी को मशहूर मॉडल पूनम पांडेय की मौत पर शहर में सनसनी बनी रही थी। यह अफवाह भी फैली कि पूनम कानपुर की मूल निवासी हैं और उनकी मौत यहीं हुई है। लेकिन पुलिस अफसरों से लेकर खुफिया इस बात को तस्दीक नहीं कर पाई थी।

# चमड़े पर हाथ की सिलाई करना सीखेंगे युवा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कौशल विकास केंद्र पांडु नगर से मिशन को भेजा गया प्रस्ताव
- विश्व बाजार में मांग बढ़ने पर लिया गया फैसला

**अमृत विचार।** शहर के युवा अब चमड़े के उत्पादों पर हाथ से सिलाई करना भी सीखेंगे। इसके लिए कौशल विकास मिशन को शहर से प्रस्ताव भेजा गया है। माना जा रहा है मार्च से यह प्रशिक्षण शुरू हो जाएगा। वैश्विक बाजार में हाथ से चमड़े के उत्पादों में की जाने वाली डिजाइन की मांग बढ़ने से यह निर्णय लिया गया है।

एक जिला एक उत्पाद योजना के तहत जिले से चमड़ा और गारमेंट्स जोड़ा गया है। ओडीओपी में चमड़ा शामिल होने के बाद शहर के केंद्रों में चमड़े से जुड़े उत्पादों को तैयार किए जाने का प्रशिक्षण दिया जाता है। सर्वोदय नगर आईटीआई सहित अन्य सेंटर में युवा इस क्षेत्र में प्रशिक्षण लेते हैं। नवंबर महीने से इन युवाओं को मिलने वाले प्रशिक्षण की समय सीमा समाप्त हो गई है। नए सत्र के लिए शहर के सर्वोदय नगर केंद्र से इसे आगे बढ़ाते हुए इस बार हाथ से सिलाई का प्रशिक्षण भी दिया जाना तय किया गया है। इसके लिए मिशन को प्रस्ताव भी भेजा गया है।

इस प्रस्ताव के तहत चमड़े के उत्पादों में की जाने वाली सिलाई इसमें शामिल हैं। कौशल विकास के जिला प्रोग्राम प्रबंधक संजय सिंह ने बताया कि मार्च से चमड़े से संबंधित कोर्स की शुरुआत होगी। जिले से प्रस्ताव भेजे जाने से पहले सर्वे भी किया गया जिसमें चमड़ा निर्यातकों से चर्चा और रोजगार की संभावनाओं को खंगाला गया था। बताया गया कि चमड़े के खासतौर पर छोटे उत्पादों की मांग वैश्विक बाजार में तेजी से बढ़ी है। इस क्षेत्र में रोजगार की संभावना के साथ ही बाजार में योग्यता की कमी भी है। ऐसे में इस तरह के प्रशिक्षण को शुरू करने के बाद युवाओं को जल्द ही रोजगार मिल सकता है।

## सेल्फ मारते ही जल उठी कार

**कानपुर।** रविवार को सचेंडी थाना क्षेत्र में कार में सेल्फ मारते समय भीषण आग लग गई। इलाकाई लोगों ने मिलकर आग को बुझाया। कार मालिक सुरेश तिवारी उर्फ बाबा ने बताया वो किसान नगर से अपने गांव बिनौर जा रहे थे। बिनौर क्रॉसिंग खुलने के बाद जैसे ही चाभी लगाकर सेल्फ दबाया तो तुरंत कार की बोनट से आग की लपटें निकलने लगीं। तुरंत कार से कूद कर अपनी जान बचाई।


मारवाड़ी इंटर कॉलेज में परीक्षा देने जाते परीक्षार्थी। अमृत विचार

# 18 हजार युवाओं ने छोड़ दी परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- जिले में 46 हजार परीक्षार्थियों को होना था शामिल
- 98 परीक्षा केंद्रों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही

**अमृत विचार।** लोक सेवा आयोग की समीक्षा अधिकारी व सहायक समीक्षा अधिकारी की परीक्षा रविवार को 98 केंद्रों में हुई। परीक्षा में 46,220 परीक्षार्थियों को शामिल होना था लेकिन दो पालियों में हुई इस परीक्षा में 18,534 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षार्थियों ने प्रश्न पत्र को सामान्य बताया।

परीक्षा केंद्र में प्रवेश करने के लिए परीक्षार्थियों की सुरक्षा जांच हुई। पहली पाली में परीक्षा छोड़ने वाले परीक्षार्थियों की संख्या 18,236 रही। 27,984 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए।

दूसरी पाली में अनुपस्थित रहने वाले परीक्षार्थियों की संख्या 18,534 हो गई। दूसरी पाली में 27,686 परीर्थियों ने ही परीक्षा दी। बड़ी संख्या में परीक्षा छोड़ने की वजह युवाओं का दूसरी जगह चयन होना और केंद्रों की दूरी माना जा रहा है।

### मोबाइल बना मुसीबत

परीक्षार्थियों के लिए उनके मोबाइल फोन मुसीबत बने रहे। ऐसे परीक्षार्थी जो केंद्र तक अकेले जाए थे उन्होंने दुकानों पर मोबाइल फोन जमा कराए। केंद्रों के आस-पास दुकानों में इसके लिए शुल्क भी वसूल किया गया। नवाबगंज स्थित आरबीआरडी इंटर कॉलेज केंद्र के आस-पास मोबाइल जमा करने वाले परीक्षार्थियों की होड़ लगी रही। कमोबेश यही स्थित बीएनएसडी शिक्षा निकेतन और मां कस्तूरबा विद्यालय की भी रही।

### प्रश्न पत्र को बताया सामान्य

परीक्षा देकर लौटे युवाओं प्रश्न पत्र को सामान्य बताया। सामान्य ज्ञान के ऑप्शनल प्रश्नों में इतिहास के प्रश्नों को परीक्षार्थियों ने जटिल बताया। यह भी कहा कि रीजनिंग के पश्नों को हल करने के लिए समय अधिक लगा। परीक्षार्थियों ने कहा कि प्रश्न पत्र को हल करने में समय अधिक लगा।


प्रश्नपत्र पूरी तरह से सामान्य था। बेहतर अंक मिलने की उम्मीद है। रीजनिंग आसान रही लेकिन गणित और मैप जटिल रहे। उन्हें हल करने में समय बहुत लगा।
–अभयमणि


पहली पाली में करंट अफेयर अधिक पूछा गया। हल करने में समय अधिक लगा। इसके अलावा अर्थशास्त्र के प्रश्नों की अधिकता रही। फार्मूले से संबंधित प्रश्न भी इस बार अधिक पूछे गए।
–शशांक त्रिवेदी


पेपर बहुत अच्छा हुआ है उम्मीद है इस बार चयन हो सकेगा। प्रश्न पत्र को हल करने में किसी तरह की कोई समस्या नहीं हुई। परीक्षा में सुरक्षा व्यवस्था व्यवस्था बहुत अधिक रही।
–अभय राज सिंह


प्रश्न पत्र सामान्य रहा है। परीक्षा हल करने में किसी तरह की कोई समस्या नहीं हुई है। गणित संबंधी प्रश्नों को सिर्फ हल करने में थोड़ा समय लगा। इसके अलावा पेपर सरल रहा।
–रितु शुक्ला




# राहुल की न्याय यात्रा में लड़खड़ाता संगठन बड़ी चुनौती

## ● दक्षिण जिलाध्यक्ष का पद खाली, निष्क्रिय पड़े हैं पार्टी के प्रकोष्ठ ● घंटाघर पर सभा में भीड़ जुटाने में छूट रहा है पसीना

विशेष संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' को कभी कांग्रेस के गढ़ रहे कानपुर में सफल बनाना पार्टी की जिला इकाई के लिए बड़ी चुनौती बन गया है। कमजोर संगठन के साथ तिलक हाल कार्यालय से दूरी इस अभियान में तमाम सवाल खड़े कर रही है। इधर, कुछ समय से पार्टी के कार्यक्रम खलासी लाइन स्थित शास्त्री भवन में होने लगे हैं। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय जब पहली बार कानपुर आए तो शास्त्री भवन ले जाया गया। यह बात आम कार्यकर्ताओं को सालती और नागवार गुजरती है, लेकिन अनुशासनहीनता के भय से कोई खुलकर बोलने को तैयार नहीं है।

लोकसभा चुनाव में कानपुर संसदीय सीट से सपा का दावा और विपक्षी गठबंधन इंडिया में सपा से सीटों पर तालमेल की चर्चा के दौरान कानपुर पर खुलकर निर्णय नहीं लिया जा सका है। हालांकि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय कानपुर से हर हाल में प्रत्याशी लड़ाने की बात कह चुके हैं, लेकिन संगठन अभी तक चुनावी तैयारी शुरू नहीं कर पाया है। यहां तक कि कांग्रेस अकबरपुर सीट पर भी दावा नहीं जता सकी। इसकी वजह कानपुर ग्रामीण संगठन का लस्तपस्त होना रहा। दूसरी तरफ सपा का पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) पखवाड़ा चल रहा है जिसमें लाभार्थी वोटरों पर फोकस है। जिलाध्यक्ष फजल महमूद बताते हैं कि कानपुर शहर से सपा के तीन विधायक हैं और मेयर चुनाव में पार्टी दूसरे नंबर पर रही है। ऐसे में दावा इतनी जल्दी नहीं छोड़ेंगे।

राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का फोकस कानपुर और बुंदेलखंड की लोकसभा सीटों पर है। कानपुर संसदीय सीट भाजपा से 1999 में कांग्रेस ने छीनी थी। इसके बाद सीट 2014 तक कांग्रेस के पास रही। लेकिन मोदी की आंधी में कांग्रेस ऐसी फुर्र हुई कि तब से उबर नहीं सकी है। 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में कानपुर में कांग्रेस दूसरे नंबर पर रही। लेकिन इस क्षेत्र की बाकी नौ सीटों पर पार्टी जमानत तक नहीं बचा सकी थी। एआईसीसी सदस्य आलोक मिश्रा का कहना है कि राहुल गांधी की इस न्याय यात्रा के दौरान समाज के हर वर्ग को जोड़ने का मकसद है। यूपी के प्रभारी राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पांडे ने खुद कमान संभाल रखी है।

### रूट तय, सफलता की जिम्मेदारी सौंपी गयी



**कानपुर।** कांग्रेस की कानपुर ग्रामीण इकाई अध्यक्ष अमित पांडे ने बताया कि जिलों में प्रदेश प्रभारी उपाध्यक्ष, महासचिव, सचिव व जिलाध्यक्ष को भारत जोड़ो न्याय यात्रा को सफल बनाने की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। न्याय यात्रा का रुट तय हो गया है। घंटाघर से चाचा नेहरू हॉस्पिटल, अफीम कोठी, जारीब चौकी, फजलगंज, विजयनगर, अर्मापुर, पनकी पड़ाव होते हुए भौंती, सचेडी, रायपुर, रनियां बाराजोड़, अकबरपुर और माती मुख्यालय में भोजन और वहीं पर यात्रा का विश्राम होगा। वहां से यात्रा पुखरायां, भोगनीपुर होते हुए कालपी को प्रस्थान करेगी। यात्रा का रूट बनाने में सुशांत मिश्रा, विवेकानंद पाठक नीलांशु चतुर्वेदी के साथ विकास अवस्थी जेपी पाल, अंबरीश सिंह गौर की भूमिका रही।

### कांग्रेस के टिकट पर लड़ सकता है सपाई

**कानपुर।** सपा और कांग्रेस के भरोसेमंद सूत्रों की मानें तो इंडिया गठबंधन के घटक दल फाइनल होने के बाद गठबंधन के प्रत्याशी घोषित किए जाएंगे। ऐसी कई संसदीय सीटें चिन्हित की जा चुकी हैं जहां पर सिम्बल बदलने का खेल हो सकता है, बस प्रत्याशी जिताऊ होना चाहिए। सपा ऐसा पूर्व में रालोद के साथ कर भी चुकी है। कानपुर कांग्रेस का कभी गढ़ हुआ करता था लेकिन अब पांच विधानसभा सीटों में तीन पर सपा के विधायक हैं। मेयर चुनाव में कांग्रेस का प्रत्याशी होने के बाद भी सपा नंबर दो पर रही। नगर निगम में सपा के पार्षदों की संख्या भी ज्यादा है। ऐसे में यह भी संभावना है कि कांग्रेस के टिकट पर कोई मजबूत ब्राह्मण नेता मैदान में आए।

### सपा बचाएगी कांग्रेस की इज्जत!

**कानपुर।** पहले मायावती और अब जयंत चौधरी के झटके के बाद समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव का राहुल गांधी से जुड़ाव बढ़ने लगा है। प्रदेश में 16 फरवरी को चंदौली से भारत जोड़ो न्याय यात्रा के प्रवेश करने के साथ ही अखिलेश यादव उनके साथ साथ जुड़ जाएंगे। खबर है कि वह रायबरेली तक राहुल के साथ रहेंगे। सूत्रों की मानें तो राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा जहां से भी गुजरेगी वहां सपा कार्यकर्ता भी उसे सफल बनाने और भीड़ जुटाने में सहयोग करेंगे। इसे वक्त का तकाजा बताया जा रहा है कि मायावती और जयंत चौधरी का रुख देखने के बाद राहुल गांधी और अखिलेश यादव एक दूसरे की जरूरत बन गए हैं। इस संबंध में सपा के एक वरिष्ठ नेता कहते हैं कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा यूपी में पीडीए की रणनीति से सीधा जुड़ेगी। विपक्षी गठबंधन इंडिया और पीडीए की चुनावी रणनीति यूपी में लोकसभा चुनाव में जीत की नयी नयी इबारत लिखने को तैयार है। सपा के जिलाध्यक्ष फजल महमूद ने कहा कि यात्रा को लेकर शीघ्र ही राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश मिलने की उम्मीद है।

# अग्निवीरों को करेंगे स्थायी-कांग्रेस

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **एनएसयूआई पदाधिकारी बोले, अग्निवीर योजना नौजवानों से छलावा**
- **पोस्टर किया लांच, घर-घर जाकर लोगों से मिलेंगे कार्यकर्ता**
- **21 फरवरी को आएगी न्याय यात्रा, घंटाघर की सभा में बोलेंगे राहुल गांधी**

**अमृत विचार।** केंद्र में सरकार बनने पर कांग्रेस का पहला काम चार साल के कांट्रेक्ट में सेना में भर्ती हुए अग्निवीर जवानों को स्थायी करना होगा। तिलक हाल मुख्यालय में जय जवान अन्याय के विरुद्ध न्याय का युद्ध पोस्टर जारी कर एनएसयूआई पदाधिकारियों ने यह बात कही। अग्निवीर योजना को छलावा बताते हुए कॉलेज, कोचिंग व अन्य स्थानों पर अभियान चला कर युवाओं को जागरूक करने को कहा।

तिलक हाल में रविवार को एनएसयूआई के राष्ट्रीय कोआर्डिनेटर अभिनव कुमार की प्रेसवार्ता में जय जवान अन्याय के विरुद्ध न्याय का युद्ध का पोस्टर जारी किया गया। अभिनव कुमार ने बताया कि अग्निवीर योजना सरासर गलत है।

उन्होंने बताया कि केंद्र में कांग्रेस सरकार बनने के बाद सबसे पहले अग्निवीर योजना को निरस्त कर जवानों की स्थायी बहाली की जाएगी। प्रदेश महासचिव अंशुल यादव ने कहा कि युवाओं को जागरूक करने के लिए कॉलेज, कोचिंग, स्पोर्ट्स एकेडमी, रोजगार कार्यालय के बाहर हस्ताक्षर अभियान चला कर जागरूक किया जाएगा। अग्निवीर योजना के विरुद्ध सोशल मीडिया पर अभियान चलाया जाएगा। प्रत्येक कॉलेज में इस योजना का विरोध करने के लिए न्याय योद्धा ग्रुप तैयार किए जाएंगे। 21 फरवरी को शहर आ रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा के बारे में कांग्रेस जिलाध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी ने बताया कि यात्रा झाड़ी बाबा पुल, एक्सप्रेस रोड होते हुए घंटाघर पहुंचेगी। भारत माता प्रतिमा पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी जनसमूह को संबोधित करेंगे। इसके बाद कोपरगंज, झकरकटी पुल, जीटी रोड, जरीब चौकी, फजलगंज, विजय नगर होते हुए यात्रा कानपुर देहात को रवाना होगी।

# बजट जारी होने के बाद भी बिजली के खंभे टेढ़े

कार्यालय संवाददाता, कानपुर





पनकी में टेढ़े खंभे हादसे का सबब।

**अमृत विचार।** शहर की बिजली व्यवस्था में सुधार हो सके, इसलिए जनवरी माह में केस्को को 40 करोड़ रुपये का बजट जारी हुआ है। इसके बाद भी शहर के कई क्षेत्रों में बिजली के तार जर्जर खंभों पर झूल रहे हैं और कई खंभें तो टेढ़े हो गए, जो आंधी आने या हवा चलने पर किसी पर गिर भी सकते हैं। ऐसे में इनके पास से गुजरा किसी खतरे से कम नहीं है।

शहर में केस्को के 80 हजार से अधिक खंभे लगे है। शहर में दर्जनों खंभे जर्जर अवस्था में हैं। खंभों का कुछ हिस्सा सड़ चुका है और इस कारण वह एक तरफ झुककर टेढ़े तक हो गए हैं, लेकिन पेट्रोलोलिंग पर निकलने वाली केस्को की टीम की नजर इन खंभों पर नहीं जाती है। इन टेढ़े खंभों की वजह से पास से गुजरने वाले वाहनों व लोगों को अधिक खतरा है।

ऐसे खंभों की मरम्मत व दुरुस्तीकरण के लिए केस्को को जनवरी माह में 40 करोड़ रुपये स्वीकृत हुआ है, फिर भी केस्को अधिकारियों द्वारा इनके मरम्मत पर रुचि नहीं ली जा रही है। इसके अलावा शहर के ग्वालटोली, सीसामऊ, चमनगंज, बेकनगंज, मूलगंज, रावतपुर व गुमटी समेत आदि क्षेत्रों में बिजली तार भी झूल रहे हैं। केस्को मीडिया प्रभारी श्रीकांत रंगीला ने बताया कि 20 डिवीजनों के अधिशासी अभियंताओं से दिक्कतों के बारे में जानकारी ली गई है। शासन से जारी 40 करोड़ रुपये से जर्जर बिजली की लाइनें और खंभे जल्द बदले जाएंगे। साथ ही ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाने और सुरक्षा आदि के कार्य भी किए जाएंगे। केस्को प्रबंध निदेशक ने सभी खंड से प्रस्ताव मांगा है। इसके बाद कार्य शुरू हो जाएगा।

# नशे में स्कूटी सवार ने जान गंवाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **सफर करते समय नहीं लगाए थे हेलमेट भी**
- **पनकी थानाक्षेत्र का मामला परिवार में कोहराम**

**अमृत विचार।** पनकी थानाक्षेत्र में तेज रफ्तार डीसीएम की टक्कर से नशे में स्कूटी चला रहा नाबालिग और पीछे बैठा युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को हैलट अस्पताल भिजवाया। जहां नाबालिग को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल युवक का इलाज चल रहा है। चालक डीसीएम लेकर फरार हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि स्कूटी चला रहा नाबालिग हेलमेट नहीं लगाए था।

नौरैया खेड़ा के रहने वाले अतर पाल का मझला बेटा 17 वर्षीय शिवम पाल एक फैक्ट्री में हेल्पर था। रविवार दोपहर बाद वह अपने मित्र लल्लू के साथ कपड़े खरीदने जा रहा था। थम्सअप फैक्ट्री के सामने पीछे से आ रहे डीसीएम ने शिवम की स्कूटी में टक्कर मार दी जिससे दोनों सड़क पर गिर गए। दोनों को लहूलुहान देखकर पुलिस को सूचना दी गई। आसपास के लोगों के अनुसार दोनों नशे की अवस्था में थे। हैलट पहुंचते ही शिवम को मृत घोषित कर दिया गया। पनकी थाना प्रभारी रवीन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि डीसीएम की पहचान के लिए आसपास के सीसी कैमरे चेक किए जा रहे हैं।

### बर्फ विक्रेता ने की आत्महत्या

**कानपुर।** कल्याणपुर थाना क्षेत्र के अशोक नगर निवासी 27 वर्षीय आलोक प्रजापति ने रविवार शाम पंखे से दुपट्टे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आलोक की कल्याणपुर पनकी रोड पर बर्फ की दुकान थी। परिजनों ने बताया घर का निर्माण कार्य चल रहा है। जिसकी वजह से रहने के लिए घर के सामने अशोक कुमार द्विवेदी के यहां कमरा किराए ले रखा है। घटना के समय पिता हरि लाल प्रजापति, मां तुलसा देवी, भाई विजय, अजय, दीपू, अंशु निर्माणाधीन मकान में थे। भाई अंशु खाना खाने के लिए मृतक आलोक को बुलाने गया तो वहां शव फांसी के फंदे पर लटकते देखा। प्रभारी निरीक्षक धनंजय पांडेय ने बताया कि परिजन कोई कारण नहीं बता सके हैं।

# मंदिर पर कब्जा करने का आरोप, दो पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कैंट थानाक्षेत्र के मैस्कर घाट स्थित ललितंबा राजराजेश्वरी मंदिर में पूर्व अध्यक्ष के परिजनों पर कब्जा करने का आरोप लगा है। पीड़ित पक्ष ने थाने में दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

राम कृष्ण नगर निवासी हरिओम शुक्ला ने पुलिस को बताया कि वह मैस्कर घाट स्थित ललितंबा राजराजेश्वरी मंदिर के विधिक उत्तराधिकारी हैं। बताया कि उन्हें मंदिर ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष स्वामी शीतलानंद नाथ शास्त्री ने रजिस्टर्ड डीड से वसीहत कर उन्हें उत्तराधिकारी बनाया था। जो उनकी मृत्यु के बाद लागू हुआ था।

आरोप है कि स्वामी शीतलानंद नाथ शास्त्री के निधन के बाद रायबरेली के मलके गांव निवासी मृतक शास्त्री के बेटे संतोष कुमार शुक्ला और पौत्र गौरव शुक्ला ट्रस्ट को अपनी पैतृक संपत्ति बताते हुए मंदिर में अवैध रूप से परिवार समेत रह रहे हैं।

उन्होंने बताया कि जब इसका विरोध किया गया तो उन्होंने गाली गलौज कर धमकी दी। इस संबंध में थाना प्रभारी बृज मोहन सिंह ने बताया कि संतोष कुमार शुक्ला व गौरव शुक्ला पर मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# महिला के सिर पर डंडे मारकर हत्या

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **तड़के पानी भरकर घर लाते समय हुई वारदात**
- **पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल**



जानकारी देता पति शिवचरण।

**अमृत विचार।** नौबस्ता थानाक्षेत्र में नल से पानी भरकर लाते समय पड़ोसी युवक ने महिला के सिर पर डंडे से वारकर कर घायल कर दिया। अस्पताल में इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने हत्या में मामला दर्ज कर लिया है।

मूलरूप से हमीरपुर के भरुआ सुमेरपुर निवासी शिवचरण ने बताया कि कई वर्षों से वाई ब्लॉक किदवई नगर में पत्नी 50 वर्षीय राजा बाई और बच्चों के साथ रह रहे हैं। वह दोनों आउटसोर्सिंग में वर्षों से उर्सला अस्पताल में काम करते हैं। बताया कि पत्नी राजा बाई एक फरवरी को तड़के घर के पास स्थित नल से पानी की बाल्टी लेकर आ रही थीं। इसी दौरान घर के पीछे रहने वाले दिनेश ने डंडे से सिर पर कई वार कर दिए और भाग निकला। चीख सुनकर नींद टूटी तो देखा कि उनके सिर से खून निकल रहा था। उन्हें हैलट अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां मौत हो गई।

राजा बाई के बेटे मनोज और पप्पू ने बताया कि उनकी आरोपी दिनेश से किसी प्रकार का कोई विवाद नहीं है। फिर भी हमला किया। उन लोगों ने घटना के दूसरे दिन थाने में दिनेश के खिलाफ हत्या के प्रयास और धमकाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। इस संबंध में एसीपी नौबस्ता आशुतोष कुमार ने बताया कि महिला की मौत दस फरवरी की रात में अस्पताल में हो गई है। इसके बाद मामले को हत्या में तरमीम कर दिया गया है। परिजनों का कहना है कि दिनेश क्षेत्र में दबंगई के साथ नशे का आदी है।



सामूहिक विवाह समारोह में मौजूद जोड़े। अमृत विचार

### 11 जोड़े विवाह बंधन में बंधे

**कानपुर।** श्यामनगर स्थित राष्ट्रीय पब्लिक स्कूल में रविवार को 12वां सर्वजातीय सामूहिक विवाह समारोह हुआ। जिसमें 11 जोड़े विवाह बंधन में बंधे। विद्यालय परिसर में सुबह नौ बजे से कार्यक्रम शुरू हुआ। जहां विवाह की रस्में निभाई गई। पूजा संग आशीष, सोनी ने गोविंद, शिवानी ने सूरजभान, रानू ने अनिल, जितेंद्र ने शिवानी, प्रियंका ने आशीष, श्वेता ने कपिल, शीतल ने अनिरुद्ध और अर्चना ने शिवेंद्र को वरमाला पहनाई। इस मौके पर सांसद सत्यदेव पचौरी, विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष कानपुर बुंदेलखंड प्रकाश पाल, महापौर प्रमिला पांडेय, कैबिनेट मंत्री राकेश सचान, भाजपा जिलाध्यक्ष दक्षिण शिवराम सिंह, धर्मेंद्र जायसवाल, डीपी पटेल, ब्रजेश शाहू, विश्वनाथ यादव आदि ने नव दंपति को आशीर्वाद दिया।

# भाजपा के सत्ता में आने से बढ़ती महंगाई: सपा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर




पीडीए पंचायत को संबोधित करते जिलाध्यक्ष फजल महमूद।

**अमृत विचार।** सपा जिलाध्यक्ष हाजी फजल महमूद की अध्यक्षता में रविवार को स्वदेशी मिल के सामने जीपीजी विद्यालय, बर्रा दो स्थित राम आश्रय गेस्ट हाउस व केशवपुरम सिलेंडर चौराहे पर पीड़ीए पंचायत बैठक हुई। पंचायत में जिलाध्यक्ष ने कहा कि जब-जब देश व प्रदेश में भाजपा सरकार सत्ता में आई, तब-तब जनता को बेतहाशा महंगाई का सामना करना पड़ा है। उन्होंने कहाकि बढ़ती महंगाई से जनता त्रस्त है। रोजगार व व्यापार के संसाधन समाप्त होने से गरीब व मध्यम वर्ग के लोगों को दो वक्त की रोटी जुटाना मुश्किल हो गया है। केंद्र व प्रदेश सरकार ने महंगाई व भ्रष्टाचार रोकने के लिए कोई ठोस रणनीति तैयार नहीं की है, जिसका खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा है। इस सरकार में छात्र, नौजवान, किसान और अल्पसंख्यक सभी परेशान हैं। लेकिन सरकार सुन नहीं रही है। लोकतंत्र के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। इस दौरान महानगर के महासचिव संजय सिंह, महानगर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव, डॉ.अपर्णा जैन, नीतेंद्र सिंह, डॉ. कमलेश यादव, वंदना, वरुण यादव, बृजलाल यादव, शेषनाथ, महेंद्र सिंह, आनंद शुक्ला, शैलेंद्र वर्मा, दीप्ति सिंह, पूजा यादव, वंदना दिवाकर, अंजली गौतम, सलाम इदरीसी, सलमान शेख, संजय सोनकर व रमेश यादव आदि सपाई मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप




शिविर में लोगों ने रक्तदान किया। अमृत विचार

### 24 युवाओं ने किया रक्तदान

**कानपुर।** संकल्प सेवा समिति का रक्तदान शिविर मारुति नन्दन सेवा समिति के सहयोग से रतनपुर कालोनी पनकी में आयोजित किया गया। मारुतिनंदन सेवा समिति के अध्यक्ष उदयभान सिंह, संदीप, अनुज, विशाल, आशुतोष सहित 24 युवाओं ने रक्तदान किया। मुख्य अतिथि जिला गंगा समिति के सदस्य अनिल सिंह बाबा, राघवेन्द्र सिंह ने रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। संकल्प सेवा समिति के अध्यक्ष सन्तोष सिंह चौहान ने बताया कि संस्था के द्वारा सभी सदस्यों के प्रयास से लगातार रक्तदान शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। रक्तदान शिविर में विजय मिश्रा, राजीव पांडेय, योगेंद्र, दिलीप, सौरभ आदि उपस्थित रहे।

### आरटीई के लिए बनी कमेटी

**कानपुर।** आरटीई के आवेदनों के सत्यापन के लिए प्रशासन की ओर से अधिकारियों की कमेटी बना दी गई है। कमेटी का नेतृत्व एडीएम सिटी करेंगे। इस कमेटी में जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी और सभी एसीएम को सदस्य बनाया गया है। कमेटी ऑनलाइन आवेदन की स्थिति देखेगी। शैक्षिक सत्र 2024-2025 में प्रवेश के लिए और प्रवेश को लेकर आने वाली शिकायतों का निस्तारण भी करेगी।



चुनाव के बाद चुने गए पदाधिकारी। अमृत विचार

### खालसा सेवा समिति की नई कमेटी घोषित हुई

**कानपुर।** गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा साकेत नगर में खालसा सेवा समिति के चुनाव बलविंदर सिंह वासन को प्रधान और सरदार जसविंदर सिंह मल्होत्रा को जनरल सेक्रेटरी चुना गया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष सरदार सुरजीत सिंह चड्ढा, उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह को बनाया गया। सरदार हरजिंदर सिंह चड्ढा, सरदार मनमीत सिंह ओबेरॉय, सुनील तुल्ली, मंजीत सिंह ढुकराल को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया।

**गुरु की महिमा** | करौली शंकर महादेव धाम में बाबा राधा रमण मिश्र के जन्मोत्सव में भजनों पर झूमे भक्त

# जय-जय राधा रमण हरि बोल...पर भक्त हुए मगन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



भजन सुनातीं सात्वविका राधा रमण।

- **करौली शंकर महादेव ने श्रद्धालुओं को गुरु की महिमा के बारे में बताया**



करौली शंकर दरबार में भक्त जुटे। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जय- जय राधा रमण हरि बोल, जय जय राधा रमण हरि बोल व तेरी गलियों का हूं आशिक ते इक नगीना है आदि भजनों की ऐसी गंगा बही की करौली शंकर महादेव धाम में आए श्रद्धालु खुद को थिरकने से नहीं रोक सके। वृंदावन धाम से आईं सात्विका राधा रमण जी ने भजनों के जरिए प्रभु की महिमा का वर्णन किया। करौली शंकर महादेव ने श्रद्धालुओं को गुरु की महिमा से परिचित कराया।

करौली शंकर महादेव धाम करौली में आयोजित बाबा राधा रमण मिश्र के 140 वें जन्मोत्सव पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। करौली शंकर महादेव ने कहा कि जब गुरु की कृपा होती है तभी प्रभु की कृपा होती है। गुरु ही एक ऐसा है जो हमें सारे भव बंधन से पार कराता है। ऐसे ही हमारे बाबा राधा रमण जी महाराज हैं। जिन्होंने समाज को दिशा दी, युवा पीढ़ी को संस्कारवान बनाया।

महाराज श्री ने कहा कि जब किसी मूर्ति में प्राण की प्रतिष्ठा हो जाए तभी उसका पूजन करना चाहिए। बिना प्राण प्रतिष्ठा के पूजन शास्त्र सम्मत नहीं है। सात्विका राधा रमण जी ने भजन तेरा दर मिल गया मुझको सहारा हो तो ऐसा हो सुनाकर मन मोह लिया। इस दौरान आयोजित यज्ञ में हजारों श्रद्धालुओं ने आहुति प्रदान की और जय-जयकार करते रहे।

# वाहन स्वामियों को पुलिस ने किया जागरूक

**कानपुर।** थाना चकेरी अंतर्गत चलने वाले सभी वाहन चालकों व वाहन स्वामियों के बीच जागरूकता अभियान चलाया गया। चकेरी थाना निरीक्षक अवनेंद्र सिंह, उपनि देवीशरण, चौकी प्रभारी रामादेवी नीरज बाबू ने बताया कि वाहन को बुक करके भेजने से पहले, बुक करने वाले व्यक्ति का आधार कार्ड व उसका मोबाइल नंबर अवश्य लें तथा अपने वाहन में जीपीएस का इस्तेमाल करें। किसी भी परिस्थिति में कोई समस्या होने पर तत्काल 112 नंबर डायल करते हुए पुलिस को अवगत कराने का कष्ट करें तथा यात्रा के दौरान किसी भी अंजान व्यक्ति से कोई भी दिया हुआ सामान न खाएं ना पिएं। बिना ड्राइविंग लाइसेंस के बाहर न चलाएं, यदि किसी वाहन में किसी का सामान छूट जाता है तो नजदीकी पुलिस थाने में दे दें।

# कानपुर-गाजियाबाद एक्सप्रेस-वे का काम जल्द शुरू होने की उम्मीद

मनोज त्रिपाठी, कानपुर

**अमृत विचार।** कानपुर-गाजियाबाद ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस –वे का निर्माण कार्य जल्दी ही शुरू होने की उम्मीद बलवती हो गई है। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने इस एक्सप्रेस-वे की डीपीआर की प्रारंभिक समीक्षा करके प्रस्ताव को अंतिम रूप देने के निर्देश दिए हैं। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने दो वर्ष पहले इस एक्सप्रेस-वे को बनाए जाने की घोषणा की थी। 380 किलोमीटर लंबा यह एक्सप्रेस-वे 10 जिलों से होकर गुजरेगा। इसके बनने से अधिकतम साढ़े पांच घंटे में कानपुर से गाजियाबाद पहुंचा जा सकेगा। अभी गाजियाबाद और कानपुर के बीच एनएच-91 है, जिसकी लंबाई 468 किलोमीटर है।


## लगातार बढ़ते ट्रैफिक दबाव का हल निकलेगा

- कानपुर और गाजियाबाद के बीच लगातार बढ़ते ट्रैफिक के दबाव को कम करने, प्रदेश के दो प्रमुख औद्योगिक शहरों को जोड़ने और ग्रीन एक्सप्रेस-वे नीति के तहत आबादी से दूर एक्सप्रेस-वे बनाने की बाध्यता के चलते कानपुर-गाजियाबाद ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे के निर्माण की योजना को मंजूरी प्रदान की गई थी।
- यह ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे कानपुर-उन्नाव सीमा क्षेत्र से शुरू होकर कन्नौज, फर्रुखाबाद, कासगंज, एटा, अलीगढ़, बुलंदशहर, हापुड़ होते हुए नोएडा-गाजियाबाद तक शुरू में चार लेन का बनाया जाएगा, जिसे बाद में छह लेन का विस्तार दिया जा सकेगा।
- इस एक्सप्रेस-वे के जरिए कानपुर-गाजियाबाद-नोएडा के सीधे जुड़ने से औद्योगिक विकास के साथ व्यापार और कारोबार को बढ़ावा मिलने से हजारों लोगों को रोजगार मिल सकेगा।
- इसके निर्माण की डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) को भोपाल की लायन इंजीनियरिंग कंसल्टेंट एजेंसी अंतिम रूप दे रही है। प्रोजेक्ट के पूरा होने की संभावित मियाद अभी वर्ष 2026 तय की गई है।



### जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट से सीधा जुड़ जाएगा शहर

- कानपुर को इस एक्सप्रेस-वे के जरिए सीधे जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट तक कनेक्टिविटी दी जाएगी। जेवर एयरपोर्ट के पास वाहनों को चढ़ने और उतरने के लिए लूप का निर्माण किया जाना है। सिरसा में यह एक्सप्रेसवे ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे को भी जोड़ेगा। सिरसा तक कनेक्टिविटी मिलने से वाहन ईस्टर्न पेरिफेरल तक सीधे पहुंच सकेंगे।



**380** किलोमीटर लंबा ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे 10 जिलों से होकर गुजरेगा

**02** प्रमुख औद्योगिक शहरों के जुड़ने से बढ़ेगा व्यापार, कारोबार और रोजगार

### कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेस-वे के साथ रिंग रोड से भी जुड़ेगा

रूट मैप के मुताबिक इस एक्सप्रेस-वे का उत्तरी टर्मिनल एनएच-9 (गाजियाबाद-हापुड़ राजमार्ग) पर होगा, जबकि दक्षिणी टर्मिनल निर्माणाधीन कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेस-वे के 62.7 किमी में कानपुर-उन्नाव सीमा पर जुड़ेगा। एक्सप्रेस-वे को प्रस्तावित रिंग रोड से भी कनेक्टीविटी प्रदान की जाएगी।

### हापुड़ और मेरठ एक्सप्रेस-वे के लिए बनेगी कनेक्टर रोड

- पहले यह एक्सप्रेस-वे कानपुर से हापुड़ के बीच बनाए जाने की योजना बनी थी। लेकिन अब बदलाव किया गया है। नई योजना में इस एक्सप्रेस-वे से हापुड़ को जोड़ने के लिए 60 किलोमीटर लंबे कनेक्टर रोड का निर्माण किया जाएगा। इससे यह एक्सप्रेस-वे हापुड़ में मेरठ एक्सप्रेस-वे से भी जुड़ जाएगा। इस एक्सप्रस-वे का निर्माण गाजियाबाद की सीमा से एनएच-9 को जोड़ते हुए शुरू किया जाएगा।

### एनएच-91 से 20 किमी दूरी पर होगा निर्माण कार्य

- एनएच-91 और ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे के बीच की दूरी 20 किमी की होगी। एनएचएआई के अधिकारियों के अनुसार चार लेन के इस एक्सप्रेस-वे के लिए काफी स्थानों पर भूमि का अधिग्रहण किया जा चुका है।

- अभी कानपुर से गाजियाबाद तक एनएच-91 के जरिए दूरी 468 किमी है
- आबादी से दूर फोरलेन होगा निर्माण, जिसे छह लेन में बदलने का रहेगा इंतजाम

### फर्रुखाबाद को भी मिला जुड़ाव

- इस ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस- वे में पहले फर्रुखाबाद को नहीं जोड़ा गया था। लेकिन फर्रुखाबाद के सांसद मुकेश राजपूत की पहल पर योजना में फर्रुखाबाद को शामिल किया गया। फर्रुखाबाद की सीमा में एक्सप्रेस –वे सिवारा के पास से प्रवेश करेगा और खुदागंज के पास से निकलकर उन्नाव-कानपुर की ओर जाएगा। इससे फर्रुखाबाद के लोग अधिकतम दो घंटे में कानपुर पहुंच सकेंगे।



कार्यक्रम को संबोधित करते डॉ.उमेश पालीवाल। अमृत विचार

# समाजसेवियों को मिला मां भारती सेवा सम्मान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भारत उत्थान न्यास के पांचवें स्थापना दिवस पर सरस्वती ज्ञान मंदिर आजादनगर में राष्ट्र निर्माण में नागरिकों की भूमिका एवं मां भारती सेवा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

न्यास के केंद्रीय संरक्षक डॉ. उमेश पालीवाल ने कहा कि आज देश गरीबी और अशिक्षा से उबरकर तेजी से आगे बढ़ रहा है। भविष्य सुनहरा और खुशहाल बने इसके लिए सभी नागरिकों का पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी से राष्ट्र निर्माण में योगदान आवश्यक है। सत्र के अध्यक्ष न्यास के संस्थापक अध्यक्ष सुजीत कुंतल ने सामाजिक कार्यों में निस्वार्थ भाव से कार्य करने पर जोर दिया। कहा कि नागरिकों के नैतिक और सामाजिक मूल्यों में उन्नयन तभी संभव है जब वे अपनी दिनचर्या में सेवा कार्यों को शामिल करेंगे। न्यास की केन्द्रीय मंत्री डॉ. अनीता निगम ने सिंगल यूज प्लास्टिक से पृथ्वी के प्रति प्राणी को खतरा बताया। इस अवसर पर न्यास द्वारा मां भारती सेवा सम्मान डॉ. उमेश पालीवाल, डॉ. अनीता निगम, एडवोकेट सुमित्रा चौधरी, डॉ. रोचना विश्वनोई, डॉ. सीमा निगम, डॉ. रश्मि दुबे, डॉ. प्रत्यूष वत्सला द्विवेदी, डॉ. अनीता सिंह, शशि सिंह, शैलेन्द्र श्रीवास्तव, प्रो. मंजू अवस्थी, डॉ. प्रीती सिंह, डॉ. लोपामुद्रा बेहेरा, डॉ. पूनम गोठी, प्रो. मनोज कुमार प्रजापति, डॉ. हरप्रीत कौर, सुमन सिंह, डॉ. भारती चौहान, डॉ. संजय कुमार सिंह, डॉ. अलका कुशवाहा, प्रो. बेला मेहता, डॉ. सुनीता द्विवेदी, मिलोस्की गुप्ता, डॉ. रचना शर्मा एडवोकेट, दिव्या द्विवेदी, तापसी चक्रवर्ती, रोज़ गौतम, डॉ. सीमा मिश्रा, डॉ. सुनील कुमार गोयल, गरिमा श्रीवास्तव, डॉ. रमेश विठोबा कांबले, प्रो. युवराज धवन, डॉ. दत्ता शिवराम साकोले को प्रदान किया गया। यहां डा. रचना शुक्ला, डॉ. अलका सक्सेना, धीरज सिंह, महेन्द्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### 19 फरवरी को शहर में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का भूमि पूजन होगा

**कानपुर।** ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के निवेश प्रस्तावों को 19 फरवरी को लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में जमीन पर उतारेंगे। इस कार्यक्रम में देश-विदेश के बड़े उद्योगपति शामिल रहेंगे। अब इसी दिन शहर में भी निवेश प्रस्तावों का भूमि पूजन समारोह होगा। इस कार्यक्रम में 10 करोड़ रुपये तक निवेश करने वाले उद्यमियों को आमंत्रित किया जाएगा। शहर से करीब 14 हजार करोड़ रुपरये के निवेश प्रस्ताव धरातल पर उतरेंगे। प्रदेश के सभी जिलों में निवेश प्रस्तावों को लेकर 19 फरवरी को भूमि पूजन समारोह आयोजित करने के निर्देश अवस्थापना और औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज कुमार सिंह ने जारी किए हैं।

### शर्करा संस्थान के तीन शोधार्थियों को अवॉर्ड

**कानपुर।** राष्ट्रीय शर्करा संस्थान (एनएसआई) की तीन रिसर्च फेलो को भारतीय शुगर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। यह अवॉर्ड उन लोगों को मुंबई के कोल्हापुर में हुए एक सम्मेलन में प्रदान किया गया। संस्थान के निदेशक प्रो. नरेंद्र मोहन ने बताया कि सीनियर रिसर्च फेलो अनुष्का कनोडिया को इनोवेटिव लीडर ऑफ द ईयर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। अनुष्का को यह अवॉर्ड फोर्टिफाइड शुगर और कम ग्लाइसेमिक इंडेक्स वाली शुगर के उत्पादन की तकनीक विकसित करने के लिए दिया गया है। शोधार्थी नीलम चतुर्वेदी व शालिनी यादव ने युवा वैज्ञानिक पुरस्कार हासिल किया है। उन्हें अपशिष्ट जल उपचार और शालिनी यादव को चीनी कारखाने के बॉयलरों की राख से मूल्यवर्धित उत्पाद के उत्पादन के लिए नई तकनीक विकसित करने के लिए सम्मानित किया गया है।

# खून से तैयार पीआरपी गठिया से देता राहत



दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम की शुरुआत वरिष्ठ ऑर्थोपेडिक डॉ.एके अग्रवाल, डॉ.मनीषा अग्रवाल समेत अन्य। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- इस विधि में घुटना बदलने की जरूरत नहीं पड़ती, जोड़ों के दर्द में मिलता आराम

**अमृत विचार।** गठिया, हड्डी के जोड़, कंधे और घुटने के दर्द में पीआरपी ट्रीटमेंट काफी फायदेमंद है। इस विधि में मरीज का ही खून लेकर प्लेटलेट्स रिच प्लाज्मा (पीआरपी) तैयार किया जाता है। उसे पांच से 10 एमएल सीरिंज में लेकर इंजेक्शन के जरिए घुटने या जोड़ों में लगाया जाता है, जिससे मरीजों को दर्द से राहत मिलती है और घुटने बदलने की जरूरत नहीं पड़ती। यह जानकारी वरिष्ठ ऑर्थोपेडिक, आर्थोस्कोपी एंड ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जन डॉ. एके अग्रवाल ने दी।

ग्रीनपार्क पार्क में रविवार को सत्य हॉस्पिटल द्वारा घुटने की संपूर्ण जानकारी विषयक गोष्ठी में आर्थोस्कोपी एंड ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जन डॉ. एके अग्रवाल ने बताया कि अनियंत्रित वजन, आरामदायक जिंदगी व फास्ट फूड जोड़ों को अधिक नुकसान पहुंचा रहे हैं। आधुनिक जीवनशैली की वजह से घुटने के दर्द की समस्या तेजी से बढ़ रही है। गठिया लोगों में पहले 60 वर्ष के बाद होती थी, लेकिन अब 30 से 40 उम्र के लोग भी इससे ग्रस्त हो रहे हैं। युवावस्था में गठिया होना गंभीर विषय है। लेकिन हर मामले में ऑपरेशन की जरूरत नहीं होती है। आधुनिक तरीकों से जोड़ों व घुटने के दर्द में भी राहत मिल सकती है। इसके लिए प्लेटलेट्स रिच प्लाज्मा (पीआरपी) ट्रीटमेंट काफी कारगर है। पीआरपी की मदद से घुटने की गठिया व जोड़ों के दर्द से निजात मिलती है। आर्थरोसकोप के जरिए बगैर चीरे व रक्त स्राव के मरीज एक ही दिन में ठीक होकर घर जा सकता है। इससे घुटना प्रत्यारोपण से बचा जा सकता है। डॉ. डीके गुप्ता, डॉ.चंद्रभूशन, डॉ.एलएस त्रिपाठी, डॉ. मनीषा अग्रवाल, कार्यक्रम की चेयरपर्सन डॉ. रागिनी, डॉ. आशीष, डॉ. राजीव, डॉ. श्याम मोहन शुक्ला, डॉ. थवानी, डॉ. गोयल आदि रहे।

# अधिवक्ता समेत नौ पर मारपीट की रिपोर्ट

**कानपुर।** नौबस्ता थानाक्षेत्र के राजीव नगर के रहने वाले विजेंद्र गिरी ने अधिवक्ता और उसके आठ साथियों के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज व धमकी संबंधी धारा में एफआईआर दर्ज कराई है।

पीड़ित विजेंद्र गिरी ने पुलिस को बताया कि बीते वर्ष 20 दिसंबर को वह एक मुकदमे के सिलसिले में गए थे। आरोप लगाया कि अधिवक्ता ब्रजकिशोर यादव और उनके सात, आठ साथी घेरकर अधिवक्ता राहुल कनौजिया के चेंबर में ले गए और मारपीट की। आरोपियों ने मुकदमे की पैरवी न करने को लेकर पहले भी उसे धमकाया था। इस संबंध में कोतवाली थाना प्रभारी संतोष शुक्ला ने बताया पीड़ित की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# युवाओं में बढ़ रही है पायरिया की समस्या

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सेहतमंद दांत न सिर्फ मुस्कुराते हुए चेहरे की शोभा बढ़ाते हैं, बल्कि अच्छे स्वास्थ्य का भी संकेत देते हैं। लेकिन दांतों की सफाई पर ध्यान नहीं देने और अधिक फास्ट व जंक फूड के सेवन से लोगों के दांत खराब हो रहे हैं। वर्तमान में 15 प्रतिशत युवा पायरिया की चपेट में हैं। यह बात भारतीय दंत चिकित्सक संघ कानपुर शाखा के अध्यक्ष डॉ.श्रवण कुमार सिंह ने कही।

अंतरराष्ट्रीय मैक्सिलोफेशियल सर्जरी दिवस पर रामादेवी स्थित मिशिका सुपर स्पेशिएलिटी अस्पताल में रविवार को भारतीय दंत चिकित्सक संघ और एओएमएसआई ने आपात चिकित्सा पर कार्यशाला आयोजित की। डॉ.सुनीत गुप्ता व डॉ.सुरेंद्र पटेल ने प्रशिक्षकों को ओरल सर्जरी में खासकर बच्चों की सर्जरी किस प्रकार करनी है, यह समझाया। डॉ.श्रवण कुमार सिंह ने कहा कि जीवनशैली में बदलाव के कारण ओरल हाइजीन अच्छा नहीं होने से लोग पायरिया या दांतों की बीमारी की चपेट में आ रहे हैं। रात में मुंह में लार कम बनती है। करीब आठ घंटे मुंह बंद रहता है। रात में ब्रश नहीं करने से खाने के कण दांतों के बीच फंसे रहते हैं, जिससे सड़न के साथ बैक्टीरिया पनपते हैं। यह बैक्टीरिया एसिड छोड़ते हैं, जिससे मसूड़े कमजोर हो जाते हैं। डॉ.अवधेश तिवारी ने बताया कि पायरिया में दांत ढीले होकर हिलने लगते हैं। मसूड़ों से मवाद और रक्त निकलता है। मुंह से दुर्गंध आती है। डॉ.सरदार सिंह यादव, डॉ.रजत भार्गव व डॉ.साक्षी पांडेय ने बताया कि सुबह से ज्यादा शाम को ब्रश करना फायदेमंद है। इससे दांत मजबूत होते हैं। डॉ. शिवामणि, डॉ.गौरव महेश्वरी, डॉ.अमित मिश्रा, डॉ.निशा सिंह, डॉ.श्रुति कक्कड़, डॉ.विनय, डॉ.सौरभ व डॉ.देवांग मौजदू रहे।


अंतरराष्ट्रीय मैक्सिलोफेशियल सर्जरी दिवस पर सीपीआर की ट्रेनिंग देते प्रशिक्षक। अमृत विचार

- अंतरराष्ट्रीय मैक्सिलोफेशियल सर्जरी दिवस पर कार्यशाला

# यूपी बोर्ड परीक्षा के आज से वितरित होंगे प्रवेश पत्र

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** यूपी बोर्ड परीक्षा के प्रवेश पत्रों का वितरण सोमवार से शुरू हो जाएगा। यह प्रवेश पत्र स्कूल स्तरह से वितरित होंगे। इस बार बोर्ड की ओर से प्रवेश पत्रों को ऑनलाइन जारी किया गया है। शिक्षा विभाग व स्कूल की ओर से इन प्रवेश पत्रों को सत्यापित कर परीक्षार्थियों को दिए जाएंगे।

यूपी बोर्ड परीक्षा के दौरान इस बार लगभग 94 हजार परीक्षार्थियों ने अपना पंजीकरण कराया है। परीक्षा के लिए जिले में 129 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षाओं में परीक्षार्थियों के लिए उपयोग की जाने वाली कॉपियों का वितरण शिक्षा विभाग की ओर से शुरू कर दिया गया है।

**आज से आईसीएसई की परीक्षाएं :** आईसीएसई बोर्ड की 12वीं की परीक्षाएं सोमवार से शुरू हो रही है। इस परीक्षा के लिए रविवार को भी स्कूलों में तैयारी होती रही। परीक्षा में लगभग 25 सौ परीक्षार्थी शामिल होंगे। यह परीक्षा जिले के 21 स्कूलों में आयोजित की जाएगी। इस बार परीक्षार्थियों को परीक्षा हॉल में तय समय से लगभग 1 घंटे पहले पहुंचना होगा। 3 अप्रैल तक चलने वाली परीक्षा अंग्रेजी विषय से शुरू होगी। परीक्षार्थियो को इस बार आंसर शीट पर भी अपने साइन करने होंगे।

# कपड़ा व्यापारी के 4.76 लाख हड़पे

**कानपुर।** कलक्टरगंज थानाक्षेत्र में थोक कपड़ा व्यापारी ने 4.76 लाख रुपये की धोधाधड़ी में दूसरे व्यापारी के एफआईआर दर्ज कराई है।

चकेरी के गायत्री नगर सनिगवां निवासी कपड़े के थोक व्यापारी इमरान ने पुलिस को बताया कि दो वर्ष पहले लाल बंगला निवासी इमराने उनकी दुकान से 4.76 लाख रुपये का कपड़ा ले गए थे। रुपये नहीं दिए। रुपया मांगा तो गाली-गलौज कर धमकाया। छह दिसंबर 2023 की शाम छह बजे वह घर जा रहे थे तभी रास्ते में दो अज्ञात लोगों ने धक्कामुक्की की। पीड़ित ने कलक्टरगंज थाने में इमराने के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना प्रभारी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज करके जांच की जा रही है।

# बॉस्केट ऑफ च्वाइस से बदलें परिवार की तस्वीर



डफरिन अस्पताल के सभागार में मौजूद स्वास्थ्य अधिकारी व काउंसलर।

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- परिवार नियोजन सेवाओं की पहुंच बढ़ाने में बेहतर काउंसलिंग जरूरी
- कानपुर मंडल के परिवार नियोजन काउंसलरों को दिया गया प्रशिक्षण

**अमृत विचार।** परिवार कल्याण कार्यक्रम सेवाओं की पहुंच बढ़ाने के लिए लाभार्थियों की बेहतर काउंसलिंग किया जाना जरूरी है। यह तभी संभव होगा, जब काउंसलर (परामर्शदाता) ठीक से प्रशिक्षित होंगे। वह लाभार्थी से गोपनीयता के साथ सरल व स्पष्ट चर्चा करें।

लाभार्थी का इतिहास व समस्याएं सुनकर उचित परामर्श दें और इच्छानुसार उन्हें बास्केट ऑफ च्वाइस उपलब्ध कराएं। यह बात रविवार को डफरिन अस्पताल में परिवार नियोजन काउंसलरों के मंडलीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम मंर अपर निदेशक (चिकित्सा व स्वास्थ्य) डॉ.रचना गुप्ता ने कही।

कार्यशाला में उत्तर प्रदेश तकनीकी सहयोग इकाई की प्रोग्राम स्पेशलिस्ट परवेज हुसैन व वरिष्ठ क्वालिटी एसोसिएट पार्वती पोखरिया ने काउंसलरों को परिवार नियोजन की गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान कराने का प्रशिक्षण दिया। काउंसलरों से कहा गया कि लाभार्थी की समस्याओं पर गोपनीयता के साथ सहानुभूति से बातचीत करें और भ्रांतियां दूर कर उनका व्यवहार परिवर्तन करें। अपर निदेशक ने कहा कि काउंसलर सभी एएनएम और आशा कार्यकर्ताओं को परिवार नियोजन के सभी साधनों जैसे महिला-पुरुष नसबंदी, पीपीआईयूसीडी, आईयूसीडी, अंतरा तिमाही गर्भनिरोधक इंजेक्शन, छाया साप्ताहिक गर्भनिरोधक गोली, आपातकालीन गर्भनिरोधक गोली व निरोध आदि के प्रति जागरूक करेंगे।

संयुक्त निदेशक डॉ. विनीता राय ने कहा कि जमीनी स्तर पर लाभार्थियों को सेवाएं प्रदान कराने में आशा कार्यकर्ताओं का महत्वपूर्ण योगदान है। कार्यक्रम में डफरिन की निदेशक डॉ. सीमा श्रीवास्तव, सीएमस डॉ.रुचि जैन, सिफप्सा के मंडलीय प्रबंधक राजन प्रसाद, मंडलीय परिवार नियोजन लॉजिस्टिक मैनेजर अर्जुन प्रजापति, पीएसआई इंडिया से अनिल द्विवेदी मौजूद रहे।

**अधूरे वादे** — कोपरगंज स्थित चाचा नेहरू अस्पताल के कब बहुरेंगे दिन, स्वरूप नगर घंटाघर में महिला मार्केट की कब मिलेगी सुविधा

# महापौर जी, बच्चे मांग रहे इलाज, महिलाओं को दें उनका बाजार

अभिषेक वर्मा, कानपुर।

**अमृत विचार।** महापौर प्रमिला पांडेय ने पिछले कार्यकाल की अपनी अधूरी ख्वाहिशें गिनाते हुए वादा किया था कि यदि जनता ने दोबारा मौका दिया तो सबसे पहले चाचा नेहरू अस्पताल को पीपीपी मॉडल पर नई सुविधाओं के साथ शुरू करूंगी। महिला मार्केट बनाना भी उनकी प्राथमिकता होगी। अब जनता ने तो उन्हें दोबारा मौका दे दिया लेकिन महापौर पद पर असीन हुए नौ माह से ज्यादा समय बीतने के बाद भी महापौर अपने दोनों अधूरे वादों पर एक कदम भी काम आगे नहीं बढ़ सकी हैं।

महापौर प्रमिला पांडेय ने 110 पार्षदों के साथ 27 मई 2023 को मोतीझील में पद की शपथ ली थी। इस दौरान मंच से ही महापौर ने अधूरे कार्यों को पूरा करने का वचन देने के साथ पार्षदों को पहले दिन से ही वार्डों में जुट जाने के लिए कहा था। लेकिन कार्यकाल के बीते 260 दिनों में नाली सफाई, झाड़ू लगवाने और कूड़ा उठवाने के अलावा पार्षदों ने कोई भी विकास कार्य नहीं कराया है। सदन और कार्यकारिणी की बैठक होने के बाद भी कोपरगंज में चाचा नेहरू अस्पताल और स्वरूप नगर घंटाघर में महिला बाजार पर कोई चर्चा तक नहीं हुई है।

**तीन अस्पताल और 40 डिस्पेंसरी:** नगर निगम के शहर में कुल 43 अस्पताल और डिस्पेंसरियां हैं। इसमें तीन अस्पताल चाचा नेहरू अस्पताल कोपरगंज, जागेश्वर अस्पताल गोविंद नगर और बीएन भल्ला अस्पताल बाबूपुरवा हैं। मौजूदा समय में यहां डॉक्टर और स्टाफ नहीं के बराबर हैं। कुर्सी, मेज, बेड समेत जरूरी संसाधन भी अस्पतालों में नहीं है। नगर निगम की कई डिस्पेंसरियों का तो ताला तक नहीं खुलता है। नगर निगम का मेडिकल विभाग पूरी तरह से खत्म हो गया है।



चाचा नेहरू अस्पताल बदहाल है। अमृत विचार

### सीएम से मंजूरी पर नहीं हुआ काम

- चाचा नेहरू अस्पताल को फिर से शुरू करने की तैयारियां पिछले वर्ष की गई थीं। महापौर प्रमिला पांडेय ने इसे शुरू करने के लिए सीएम योगी आदित्यनाथ को प्रस्ताव दिया था, जिसे मंजूरी मिल गई थी। हॉस्पिटल को 100 बेड क्षमता तक बढ़ाया जाना है। पहले फेज में इसे 50 बेड और ओपीडी के साथ शुरू करना है। 20 बेड पीडियाट्रिक आइसीयू और 30 बेड ऑक्सीजन युक्त होने हैं। यहां सिर्फ बच्चों का इलाज होगा। महापौर ने मुख्यमंत्री से इसका लोकार्पण कराने की भी बात कही थी।

### 1964 में खुला था चाचा नेहरू अस्पताल

1964 में चाचा नेहरू अस्पताल को नगर निगम ने शुरू किया था। लेकिन वर्ष 1997 में ये बंद हो गया था। इसके बाद से बंद ही पड़ा रहा। नगर निगम ने इसे संवारने के लिए काम शुरू किया था, जो 60 फीसदी पूरा हो चुका है। डॉक्टरों की नियुक्ति के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा. अमित सिंह ने बताया कि डॉक्टर समेत 100 स्टाफ की जरूरत है। इसके अलावा मेडिकल इक्विपमेंट की खरीद के लिए डॉक्टर्स की कमेटी भी बनाई जा चुकी है। स्टाफ की नियुक्ति को लेकर मंथन चल रहा है। कोशिश है कि मेडिकल कॉलेज स्टाफ रखकर इसे संचालित करें।

> मैं अभी भी महिला मार्केट बनवाने के लिए प्रतिबद्ध हूं। चाचा नेहरू अस्पताल को शुरू करने में दिक्कत आ रही है। हालांकि इसे लेकर शासन स्तर पर बात चल रही है। अभी इस काम पर कोई बात आगे नहीं बढ़ी है।
>
> – प्रमिला पांडेय, महापौर

# जलूं तेरे प्यार में, करूं इंतजार पर झूमे युवा

## बिठूर महोत्सव में फिल्मी गीतों पर देर रात तक थिरकते रहे लोग, बोट क्लब से निकली विंटेज कार रैली

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


हेमंत बृजवासी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** गंगा का किनारा और सर्द मौसम के बीच सितारों के तरानों ने युवाओं की धड़कन बढ़ा दीं। बिठूर महोत्सव में गायिकी ने जैसे जोर पकड़ा युवा थिरकने लगे। हेमंत बृजवासी ने जलूं तेरे प्यार में, करूं इंतजार तेरा का ना सुर लगाया तो पूरा माहौल सीटियों और तालियों से गूंज उठा।

बिठूर महोत्सव के दूसरे दिन नानाराव पेशवा स्मारक पार्क में अनेकों कार्यक्रम हुए। क्विज प्रतियोगिता, कानपुर आर्टिस्ट, नृत्यांजलि ग्रुप (दिल्ली-लखनऊ) की टीम ने रागिनी श्रीवास्तव के निर्देशन में गंगा अवतरण पर आधारित ड्रामा की प्रस्तुति दी। महादेव के रूप में अंजुल प्रजापति, मां गंगा सपना सिंह, भागीरथ आनंद शर्मा, कपिल बने मुनि अंशुल, ब्रम्हा आशुतोष पांडेय और रितिका, दीपा, स्वेता, जया, प्रज्ञा व कर्णिका ने नृत्य प्रस्तुत किया। इसके बाद घूमर गाने व एकल नृत्य का भी शानदार प्रदर्शन हुआ। मुंबई की क्रेजी हापर ग्रुप ने शिव तांडव-भोले की भक्ति प्रस्तुत कर माहौल भक्तिमय कर दिया। गायिका ज्योति ठाकुर ने आज की रात होना है क्या पाना है क्या, हर किसी को नहीं मिलता यहां प्यार जिंदगी में, एक कन्या कुमारी हमरी सूरत पे मर गई हाय, लैला मैं लैला, पिया तू अब तो आजा गाने पर शानदार प्रस्तुति दी। गायक हेमंत बृजवासी ने मेरे महबूब कयामत होगी, मुस्कुराने की वजह तुम हो, जिंदा रहने के लिए, पर मौजूद लोगों को जमकर झुमाया।


नृत्य नाटिका में महादेव की महिमा बताई गई। अमृत विचार

### लहराते-बलखाते निकलीं गुजरे जमाने की कारें

गुजरे जमाने की कारें रविवार को लहराते-बलखाते निकलीं तो गंगा बैराज पर देखने वालों की भीड़ लग गई। डीएम ने बोट क्लब से विंटेज कार रैली को हरी झंडी दिखाकर बिठूर महोत्सव के लिए रवाना किया। कारों को देखने के लिए आसपास की बस्ती व गांवों के लोग काफी दूर तक रैली के पीछे चलते रहे। बिठूर महोत्सव को लेकर रविवार को गंगा बैराज स्थित बोट क्लब से नानाराव पार्क बिठूर तक विंटेज कार रैली निकाली गई। रैली में गुजरे जमाने की करीब दो दर्जन से अधिक कारें पहुंचीं। इन कारों को देखने के लिए काफी भीड़ रही। जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। इस मौके पर जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने कहा कि बिठूर धार्मिक, सांस्कृतिक और पौराणिक स्थल है। स्वतंत्रता के प्रथम आंदोलन में बिठूर की मुख्य भूमिका रही है। इसी कड़ी में बिठूर महोत्सव का आयोजन किया गया है। जिसमें विंटेज कार रैली निकाली गई है। उन्होंने कहा कि हमें अपनी पुरातन धरोहर को कभी भूलना नहीं चाहिए। इस मौके पर एडीएम न्यायिक सूरज यादव व पुलिस बल मौजूद रहा।

# मूसानगर में हादसे में दो युवकों की मौत

**मूसानगर।** मूसानगर थाना क्षेत्र के सराय गांव के निकट डीसीएम ने कार में जोरदार टक्कर मार दी। कार में सवार पांच लोग बुरी तरह जख्मी हो गए। घायलों को उपचार हेतु सीएचसी लाया गया जहां डॉक्टर ने दो युवकों को मृत घोषित कर दिया। तीन घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया। भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के इस्लामाबाद अहरौली शेख गांव निवासी शाहबाज उर्फ राजा पुत्र पप्पू की बिंदकी में गोद भराई कार्यक्रम था। उक्त कार्यक्रम निपटाकर शाहबाज उर्फ राजा अपने मित्र रिजवान पुत्र अनीश, फैज अनवर पुत्र मुश्ताक अहमद, आदिल पुत्र साजिद, अमन पुत्र चंदू निवासीगण इस्लामाबाद अहरौली शेख के साथ कार से वापस घर लौट रहे थे। सराय गांव के निकट डीसीएम ने उक्त कार में जोरदार टक्कर मार दी। घायलों को सीएचसी लाया गया। जहां शहवाज उर्फ राजा व रिजवान को मृत घोषित कर दिया। फैज अनवर व आदिल जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

# टीम हारी पर कानपुर के आदर्श ने जीता दिल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सर्वाधिक स्कोर बनाकर जिले का मान बढ़ाया
- अंडर-19 विश्वकप फाइनल में दिखाई प्रतिभा

**अमृत विचार।** दक्षिण अफ्रीका के बेनोनी में अंडर-19 विश्वकप फाइनल में रविवार को भारत का सामना आस्ट्रेलिया से हुआ। हालांकि भारत को हार का सामना करना पड़ा, लेकिन भारत के खिलाड़ी आदर्श सिंह ने अपनी धुंआधार लय बरकरार रखी। उन्होंने टीम की ओर से चार चौके व एक छक्के की मदद से सर्वाधिक 47 रन बनाकर कानपुर का मान बढ़ाया।

मूलरूप से जौनपुर निवासी आदर्श केडीएमए क्रिकेट एकेडमी (कानपुर) में प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं। यहां वह अपने बड़े भाई अंकित सिंह के साथ रहते हैं। आदर्श के पिता नरेंद्र कुमार सिंह किसान हैं, जबकि उनकी मां मंजू लता सिंह गृहणी हैं। उनके परिजनों ने बताया अंकित फाइनल मैच को लेकर काफी उत्साहित था। उसका पूरा ध्यान अपने प्रदर्शन व टीम को जिताने पर था। मगर ऐसा नहीं हो पाया, लेकिन आदर्श की पारी से वह निराश नहीं हैं। उसने पूरा प्रयास किया। टीम की तरफ से सर्वाधिक रन बनाया है। आदर्श ने चार चौका व एक छक्के की मदद से टीम की तरफ से सबसे अधिक रन बनाए।

### विश्वकप में आदर्श का प्रदर्शन

भारत ने अंडर-19 विश्वकप में सेमीफाइनल तक कुल छह मैच खेले, जिसमें सभी में जीत हासिल की। इन छह मैचों में आदर्श ने दो अर्द्धशतक समेत कुल 191 रन बनाए हैं। आदर्श ने बांग्लादेश के खिलाफ 76 व न्यूजीलैंड के खिलाफ 52 रनों की पारी खेली थी।

# कायाकल्प प्रमाणन समारोह का अयोजन

**रनिया, (कानपुर देहात)।** नगर पंचायत रनिया के चिटिकपुर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में रविवार को कायाकल्प प्रमाणन समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरुण कुमार सिंह रहे। रनियां पीएचसी प्रभारी डॉ. विशाल भसीन ने सीएमओ को बुके भेंटकर स्वागत किया। कार्यक्रम में चेयरमैन विटान दिवाकर, भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष बालजी शुक्ला, चेयरमैन प्रतिनिधि रामकिशोर दिवाकर, डॉ. सिद्धार्थ गोपाल शर्मा आदि मौजूद रहे।

# 10 विधानसभा में 5 हजार लोग शामिल होंगे भाजपा में

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भाजपा सोमवार को मिलन समारोह के जरिये 10 विधानसभा में करीब 5 हजार लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलाएगी। उत्तर और दक्षिण क्षेत्र में पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि नए लोगों के साथ ही दूसरी पार्टी के लोगों को शामिल करेंगे। इसके साथ ही भाजपा प्रदेश कार्यालय में शामिल हुये लोगों को दोबारा सूचीबद्ध तरीके से शामिल किया जाएगा। रविवार को भाजपा ने तैयारी पूरी कर ली है।

भाजपा में सपा, बसपा, कांग्रेस के बड़े नेता भी अपने-अपने विधानसभा में शामिल होंगे। भाजपा बूथ पर बस्ता लगाने वाले विपक्षियों को भी शामिल करेगी। उत्तर जिले की कल्याणपुर विधानसभा में दोपहर 12 बजे पारस पैलेस न्यू शिवली रोड में अकबरपुर लोकसभा के सांसद देवेंद्र सिंह भोले व विधायिका नीलिमा कटियार के नेतृत्व में 700 लोग भाजपा का दामन थाम लेंगे। इसी तरह सीसामऊ विधानसभा में प्रदेश उपाध्यक्ष विधायक सलिल विश्नोई, कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल व जिला अध्यक्ष दीपू पांडे के नेतृत्व में शुभ परिणय गेस्ट हाउस रामबाग में 800 लोग सूचीबद्ध होकर शामिल होंगे। गोविंद नगर विधानसभा में सांसद सत्यदेव पचौरी के नेतृत्व में सिंधी धर्मशाला गोविंद नगर में 600 लोग पार्टी में शामिल होंगे।

# सुपरवाइजरों ने लिया प्रशिक्षण

**कानपुर।** उत्तर मध्य रेलवे (प्रयागराज) के मार्गदर्शन में अभियांत्रिकी प्रशिक्षण संस्थान में पांच दिवसीय प्रबंधन विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें मुख्यालय के 12, प्रयागराज मंडल से 11, झांसी मंडल से चार व आगरा मंडल से पांच सहित कुल 32 सुपरवाइजरों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण में कर्मचारियों को काम करने के लिए आवश्यक बुनियादी कौशल बताए गए। ज्ञान, कौशल को बढ़ाने के लिए जानकारी दी गई।

उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज के वरिष्ठ उप महाप्रबंधक विनय कुमार गर्ग के मार्गदर्शन में कर्मचारियों को प्रबंधन विकास का प्रशिक्षण दिया गया।

# पसीना बहा प्रशिक्षुओं ने जीतीं बेल्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


ताइक्वांडों में खिलाड़ियों ने दिखाया दम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** ताइक्वांडो एसोसिएशन की ओर से रविवार को कलर बेल्ट टेस्ट परिणाम घोषित किए गए। ताइक्वांडो एसोसिएशन की ओर से कलर बेल्ट टेस्ट प्रतियोगिता क्राइस्ट चर्च इंटर कॉलेज में आयोजित हुई जिसमें 35 क्लब व स्कूलों के 250 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया।

ताइक्वांडो संघ के महासचिव, प्रदीप सिंह चौहान ने बताया कि रविवार को व्हाइट, यलो, ग्रीन, ब्लू और रेड बेल्ट के लिए टेस्ट हुए। सभी वर्ग के प्रशिक्षुओं का अलग-अलग टेस्ट हुआ। उनके नंबर के आधार पर प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान दिया गया। टेस्ट में पर्यवेक्षक के रूप में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी दीपक चौरसिया, दिनेश दीक्षित, प्रयाग सिंह, सत्येंद्र सिंह यादव, पवन सूर्यवंशी, सुशांत गुप्ता, आयुष मिश्रा, वकील अहमद, ज्योति लोधियानी, कपिल दुबे, सोनू, शिल्पी बाजपेई, शैलेश बाजपेई, राहुल तिवारी, अंश, अनुशिका, दिव्यांशी, शिवाजी मौजूद रहे।

**यलो बेल्ट :** कृषा संकेत चौहान, भाविका त्रिपाठी, मनस्वी त्रिपाठी, नबीला अदील, अवनी त्रिपाठी, मृतुषी तिवारी, अन्वी पाल, राशि पांडेय, प्रतीक सिंह, सोनाली सिंह, अनिरुद्ध शुक्ला प्रथम, सार्थक द्विवेदी, रिजक सिंह, ओजस बाजपेई, कुशल पांडेय, समीर गौतम, यशस्वी सोनकर, सिद्धांत पांडेय, आन्या श्रीवास्तव द्वितीय, गौरी जायसवाल, लकी, शिवशानी कुमार तीसरे स्थान पर रहे।

**ग्रीन बेल्ट :** अनय सिंह, आदर्श कपूर, अंश तिवारी प्रथम, नीरज थापा, देवश्री त्रिपाठी, देवादित्य त्रिपाठी, रामजी गुप्ता द्वितीय और नमन शर्मा, प्रीति शर्मा तीसरें स्थान पर रहीं। वहीं ग्रीन प्रथम बेल्ट में जफर इमरान प्रथम, अरीबा इमरान द्वितीय, खुशांक सिंह तीसरे स्थान पर रहे।

**ब्लू बेल्ट :** शुभ राजपूत, कुशाग्र गुप्ता, शगुन राठौर प्रथम, भाविक सिंह, भूमी सिंह, रिया सुदर्शन द्वितीय और देवश गुप्ता, यशवर्धन सिंह तीसरे स्थान पर रहे।

**रेड बेल्ट :** पवित्रा कनौजिया प्रथम, सुहानी गौतम द्वितीय, रिचा गौतम तीसरे स्थान पर रहीं।

**व्हाइट बेल्ट :** प्रांशि सिंह, सिमरन यादव, श्रीमई खुंटिया, सक्षम पांडेय, श्रेया सिंह, पवन यादव, विराज अवस्थी, हिमांशु मिश्रा प्रथम, स्पर्श उत्तम, आराध्या सिंह, सौम्य, विनायक गौर द्वितीय, रिशांक, अजितेश यादव, पिया मिलवानी, विक्रम राठौर तीसरे स्थान पर रहे।

# कैंपों में लगी समस्याओं की झड़ी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- जोनल कार्यालयों में शिकायतों का लग रहा अंबार
- सुधार और दोबारा सर्वे को लेकर लग रहीं आपत्तियां

**अमृत विचार।** नगर निगम गृहकर वसूली को लेकर छुट्टी में लगे कैंप में समस्याओं का अंबार लग गया। दो दिन छुट्टी वाले दिन जोनल कार्यालयों में लोगों ने अपनी समस्याएं बताई हैं। अधिकारियों के अनुसार छह जोनों में 500 से अधिक समस्याओं कैंपों में पहुंची और उसका समाधान कराने के लिये संबंधितों को निर्देश दिये गये। गृहकर में सुधार और दोबारा सर्वे को लेकर सबसे ज्यादा आपत्तियां आईं।

नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन के निर्देश पर शनिवार और रविवार को छुट्टी वाले दिन कैंप लगाकर वसूली के निर्देश दिये थे। छह जोनों में कुल मिलाकर गृहकर, नामांतरण और मिसलेनियस टैक्स के तहत राजस्व जमा किया गया। हालांकि, इस दौरान समस्याओं से भी अधिकारी दो-चार हुये।

गृहकर जमा करने पहुंचे अधिकतर लोगों ने बढ़े बिल की शिकायत की और कम करने को कहा। इन सबसे बीच जोनल अधिकारी व कर अधीक्षकों ने अपने-अपने क्षेत्रों में निकलकर कैंप लगाया, और लोगों की समस्याएं सुनीं। नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन ने बताया कि समस्याओं का निस्तारण भी किया जा रहा है।



**केस 01** मैं, दो साल से अपने गोविंद नगर स्थित फ्लैट का टैक्स जमा करने के लिये घूम रहा है। नगर निगम ने अचानक फ्लैट का एक साथ 40 हजार से ऊपर बिल भेज दिया था। जब इसकी जानकारी जोन में ली तो कहा गया फिर से दिखवाकर सही हो जाएगा। सर्वे कराने की बात कही गई। पिछले साल घूमते रहे लेकिन कुछ हुआ नहीं, अब एक बार फिर बढ़कर बिल आया है, इस तरह तो हम कभी भी टैक्स जमा नहीं कर पायेंगे। बड़े अधिकारी तो बात सुनते हैं पर जो फील्ड पर हैं वो सुनते ही नहीं है। इस वजह से मेरे ऊपर देनदारी बढ़ती जा रही है। – अमर भल्ला, पीड़ित



**केस 02** टैक्स काफी पहले से लगा दिया। जबकि हम लोग हंसपुरम स्थित नये घर में रहने ही 2022 में गये हैं। 32 हजार बिल भेजा है। सही कराने के लिये जोनल कार्यालय में घूम रहे हैं। रोज टरका कर भेज दिया जाता है। सिस्टम पर जो बैठे हैं वह तो कहते हैं पूरा जमा होगा। इतना बिल हम कैसे जमा कर पाएंगे। हम यह चाहते हैं कि जब से हम मकान में रहने गये बिजली का मीटर लगा उस दिन से काउंट कर लें। हम आज ही गृहकर जमा कर देंगे। जमा न करना हो तो दौड़ क्यों लगाएं। –रजत कुमार, पीड़ित

# समर्पण दिवस के रूप में मनायी गयी पुण्यतिथि

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- भाजपा के कार्यालयों में अर्पित किये गये श्रद्धासुमन

**अमृत विचार।** रविवार को भाजपा पदाधिकारियों, प्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि को समर्पण दिवस के रूप में मनाया। क्षेत्रीय कार्यालय, समेत उत्तर, दक्षिण और ग्रामीण कार्यालय में भी दीनदयाल जी को श्रद्धा सुमन अर्पित किये गये।

उत्तर जिलाध्यक्ष दीपू पांडे ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के मार्गदर्शन में चलते हुए भाजपा ने एक छोटे से बीज के रूप से विशाल वट वृक्ष का रूप धारण किया है। आजादी के बाद जो सरकारें रहीं उन्होंने भारत की संचालन का जो दर्शन लिया था वह विदेश पर आधारित था। उसमें भारत की मूल संस्कृति और मूल स्वभाव का ध्यान नहीं रखा गया।

सह मीडिया प्रभारी अंकित वाजपेई, पूनम कपूर, जितेंद्र विश्वकर्मा, आनंद मिश्रा, संतोष शुक्ला, जन्मेजय सिंह, किशन लाल सुदर्शन, किशनलाल सुदर्शन, अनुराग शर्मा, रंजीता पाठक, धीरज वाल्मीकि, रोहित साहू, चंद्र भूषण यादव मौजूद रहे। फूलबाग में भी कार्यक्रम हुआ। छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर में संगोष्ठी आयोजित हुई। संगोष्ठी में वक्ताओं ने पं. दीनदयाल उपाध्याय के जीवन सिद्धांतों को आज भी प्रासंगिक बताया गया। इस दौरान युवाओं को उनके आदर्शों पर चलने की सीख दी गई। कुलपति प्रोफेसर विनय कुमार पाठक, प्रतिकुलपति प्रोफेसर सुधीर कुमार अवस्थी डॉ. स्वयं प्रकाश अवस्थी, डॉ. ओम शंकर गुप्ता, डॉ. अभिषेक मिश्रा, डॉ. प्रभात गौरव, डॉ. प्रदीप तिवारी, डॉ. धनंजय डे सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# पहेवा में शार्ट सर्किट से घर में लगी आग

**घाटमपुर।** कोतवाली क्षेत्र के पहेवा गांव में शार्ट सर्किट से एक घर में आग लग गई। जब तक लोग आग बुझाने की कोशिश करते आग ने विकराल रूप ले लिया। आग की चपेट में आने से घर में लगे इलेक्ट्रिक उपकरण समेत घर का समान जलकर राख हो गया। ग्रामीणों ने फायर ब्रिगेड की टीम को घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया है। फायर कर्मियों ने सब स्टेशन पर फोन कर लाइट बंद कराई। घाटमपुर क्षेत्र के पहेवा गांव निवासी सतीश कुमार प्रजापति ने बताया की वह मेहनत मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। शार्ट सर्किट से घर में आग लग गई। आग की चपेट में आने से घर में रखा सामान जलने लगा। ग्रामीणों ने फायर ब्रिगेड और पुलिस को घटना की सूचना दी। फ्रिज, टीवी समेत लाखों की कीमत का समान जलकर राख हो गया।

## सार-संक्षेप


भागवत में मौजूद भक्त। अमृत विचार

### मां और जन्मभूमि को कभी भूलना नहीं चाहिए

**चौबेपुर।** जब-जब पृथ्वी पर अधर्म ,अत्याचार और अन्याय बढ़ता है, तब- तब किसी न किसी रूप में भगवान अवतार लेकर दुष्टजनों का संहार करते हैं और संतजनों की रक्षा कर के धर्म की स्थापना करते हैं। उक्त विचार क्षेत्र के इटरा गांव में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में आचार्य पं. शिवाकांत जी महाराज ने कहीं। महाराज ने कहा कि जन्म देने वाली मां और जन्मभूमि स्वर्ग से भी श्रेष्ठ हैं। इनको कभी भूलना नहीं चाहिए। राम मंदिर देश ही नहीं अपितु सारे विश्व के लोगों के लिए आस्था का प्रतीक है। उन्होंने कृष्ण जन्मोत्सव की कथा सुनाई। कार्यक्रम आयोजक सुरेश सिंह ने बताया कि कथा सुनने के लिए आसपास गांवों के अलावा दूर दराज क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग यहां आ रहे हैं।


शिवाकांत महाराज। अमृत विचार

### सुंदर भजनों पर झूमे भक्त

**कानपुर।** सिविल लाइंस स्थित यूनाइटेड पब्लिक स्कूल में श्रीराधा रमण सेवा संस्थान ने भजन संध्या व नृत्य का आयोजन किया। भजन गायिका मनीषा सिंह राजावत के राम भजन की प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। संस्थान की संस्थापिका संध्या पांडे ने बताया कि श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा से सतयुग सा समय और राम जैसा चरित्र है। कथक नृत्यांगना रेखा त्रिपाठी ने श्री रामचंद्र कृपालु भजु मन दारूरम....... स्तुति पर नृत्य किया। आद्या दीक्षित ने राम आएंगे.... गीत पर नृत्य किया। युनाइटेड पब्लिक स्कूल के चेयरमैन प्रोफेसर इंद्र मोहन रोहतगी, कामता प्रसाद गर्ग, दीपक मालवीय, कार्यक्रम अध्यक्ष पीएन सोमानी, कौशल्या सोमानी, मंजुला मिश्रा, मधु दिवेदी व प्रियांशु बंसल आदि उपस्थित रहे।

### ई-रिक्शा पर प्रतिबंध लगाने पर प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

**कानपुर।** मंगला विहार से रामादेवी की ओर जाने पर ई-रिक्शा चालकों पर प्रतिबंध लगाए जाने के विरोध में रविवार को ई-रिक्शा चालकों ने अपना दल एस के कार्यालय पर प्रदर्शन कर प्रतिबंध हटाने की मांग की। जानकारी पर पहुंचे एसीपी नौबस्ता को चालकों ने ज्ञापन सौंपा। रामादेवी, टाटमिल व घंटाघर चौराहा ई-रिक्शा फ्री जोन किए जाने के बाद से मंगला विहार से रामादेवी की ओर जाने पर ई-रिक्शा चालकों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। नौबस्ता से रामादेवी की ओर जाने वाले ई-रिक्शा चालकों को मंगला विहार के पास सवारियों को उतारना पड़ रहा है।

### आरोपी धर्म परिवर्तन का डाल रहे दबाव

**डेरापुर।** डेरापुर में किशोरी को बहलाकर दूसरे समुदाय का युवक अपने साथ ले गया। किशोरी को तलाशने के बाद पुलिस ने परिजनों के हवाले कर दिया, मगर आरोपी पर कार्रवाई नहीं की। पीड़ित परिवार पर धर्म परिवर्तन का दबाव पड़ने पर रविवार को थाने के बाहर जमकर हंगामा किया। कहा अगर आरोपी युवक पर कार्रवाई नहीं हुई तो जान दे देंगे। डेरापुर निवासी युवक ने बताया कि बीती 17 जनवरी को उसकी नाबालिक बहन को दूसरे समुदाय का युवक बहलाकर अपने साथ ले गया था। बहन की तलाश के बाद उसने थाने में तहरीर दी थी। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर बहन की तलाश शुरू की थी। पुलिस ने बहन को गाजियाबाद में पकड़ लिया था।

चुनाव की आहट

परशुराम महासभा की बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिये गए, मई में होने वाली शोभा यात्रा के लिए मांगे गये सुझाव

# लोकसभा चुनाव के लिए ब्राह्मण एकमत होकर करें विचार

विशेष संवाददाता कानपुर


परशुराम महासभा की बैठक में बनी रणनीति। अमृत विचार


सर्व ब्राह्मण विकास परिषद की बैठक हुई। अमृत विचार

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के लिए, ब्राह्मण एकमत होकर विचार करें। सर्वसम्मति से निर्णय होने के बाद आगे की रणनीति तय होगी। समाज में ब्राह्मण की महत्वपूर्ण भूमिका रहा है। सिर्फ एकजुटता न होने से वह हमेशा अपने अधिकारों से वंचित रहा है। रविवार को परशुराम महासभा की महत्वपूर्ण बैठक में महासभा के अध्यक्ष भूपेश अवस्थी ने यह बातें कहीं।

उन्होंने कहा कि अपने अधिकारों के लिए एकता और एकजुटता अपना सबसे अधिक प्रभावशाली हथियार है। समय-समय पर अपने निजी स्वार्थ के लिए भटक जाने के कारण समाज में अधिक संख्या होने के बावजूद सभी से पीछे हैं। इस दौरान मई में परशुराम महासभा की होने वाली शोभा यात्रा पर विशेष चर्चा हुई। कार्यक्रम का संचालन राजेन्द्र अवस्थी ने किया। शैलेन्द्र मिश्रा, विकास तिवारी ने कहा कि सभी सदस्य पूरी ताकत से शोभा यात्रा के लिए काम करेंगे। सर्वसम्मति से सीपी पांडेय को शोभा यात्रा का संयोजक बनाया गया। महासभा ने संगठन के सदस्य संतोष त्रिपाठी के पीसीएस में चयनित बेटे मयंक व अध्यापिका में चयनित बेटी घुंघरू त्रिपाठी को सम्मानित किया। बैठक में निखलेश दुबे, विष्णु त्रिपाठी, श्याम नारायण शुक्ला, प्रकाश शुक्ला, मिथिलेश पांडेय, विकास तिवारी, राजेन्द्र अवस्थी, अजय शुक्ला, अखिलेश शुक्ला, अखिलेश मिश्रा, शैलेंद्र मिश्रा, राजीव दीक्षित, रामजी दुबे, अनूप मिश्रा, संजय जोशी आदि रहे।

### खुद चुनाव पर बोले, दूसरों को टोका

शोभा यात्रा पर विचार-विमर्श के दौरान पदाधिकारी कईबार चुनावी माहौल में जाने लगे। इस पर अध्यक्ष भूपेश अवस्थी ने माइक संभाला और आग्रह किया कि यह बैठक सिर्फ शोभा यात्रा के बुलाई गयी है। इसलिए अभी फिलहाल इसी पर चर्चा हो। हालांकि उन्होंने खुद राजनैतिक बयान दिया।


### ब्राह्मणों को दिया जाए लोस का टिकट

**कानपुर।** सर्व ब्राह्मण विकास परिषद द्वारा क्षेत्रीय ब्राह्मण सम्मेलन का आयोजन बर्रा 2 में किया गया। मुख्य अतिथि परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष कमल किशोर अवस्थी ने कहा कि ब्राह्मण समाज के लोगों ने सदैव देश व प्रदेश का नेतृत्व किया है। परंतु वर्तमान समय में ब्राह्मण सबसे पीछे हो गया। हजारों ब्राह्मण संगठन हैं परंतु ब्राह्मणों की उन्नति और उत्थान के लिए किसी ने खुलकर आवाज नहीं उठाई। प्रत्येक राजनैतिक दल चुनाव आने पर ब्राह्मण हित की बात करता है और चुनाव हो जाने के बाद राजनैतिक दल लाभ लेकर ब्राह्मणों को कमजोर कर देता है। हमें जागरूक होने की आवश्यकता है। मार्च 2024 के दूसरे सप्ताह में ब्राह्मण महापंचायत आयोजित की जायेगी। मांग है कि ब्राह्मणों को 23 प्रतिशत लोकसभा सीटों पर टिकट दें। डा. आरएन द्विवेदी, सूर्य कान्त मिश्रा, पुष्पा तिवारी, डॉ. विजया तिवारी, सीमा शुक्ला, मनीष तिवारी, शैलेंद्र त्रिपाठी, ब्रजेश तिवारी, नागेंद्र राय, जितेंद्र पाण्डेय रहे।

# बिजली विभाग और ठेकेदार की लापरवाही से गई श्रमिक की जान

## मृतक के परिजनों ने ठेकेदार और विभाग के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव



● अवर अभियंता ने कहा कि मृतक के परिवार की पूरी मदद की जायेगी

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के मझरा पीपर खेड़ा गेर एहतमाली के डेरा पीपर खेड़ा गांव में शनिवार शाम ट्रांसफार्मर का तार जोड़ने के दौरान एक श्रमिक की करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई थी। जिसमें ठेकेदार और बिजली विभाग की लापरवाही सामने आई। मृतक के परिजनों ने ठेकेदार और विभाग के खिलाफ कार्यवाही करने की बात कही है।

डेरा पीपर खेड़ा गांव में रीवैंप कंपनी की ओर से विद्युतीकरण का काम कराया जा रहा है। जहां शनिवार शाम कार्यदायी संस्था का ठेकेदार काम करा रहा था, इसी बीच उसने बिजली विभाग को सूचना दिये बगैर हरदोई के थाना अरवल जिगनी गांव निवासी हीरालाल का पैंतीस वर्षीय बेटा मनोज पोल पर चढ़कर ट्रांसफार्मर का तार जोडने को कहा। वह तार जोड़ रहा था, इसी बीच आपूर्ति चालू हो गई। जिससे उसे ग्यारह हजार लाइन का करंट लग गया और उसकी मौत हो गई। पुलिस ने उसका शव पीएम के लिये भेजा। जहां रविवार सुबह पोस्टमार्टम हाउस में परिजन पहुंचे। जहां उन्होंने साथी सोहरामऊ निवासी साथी संपत से जानकारी हासिल की। जहां पता चला कि विभाग के जेई के कहने पर लाइन चालू की गई थी। मनोज की मौत पर बिजली विभाग की साफ लापरवाही देखने को मिली। इसके बावजूद विभाग का कोई भी जिम्मेदार कुछ बोलने को तैयार नहीं हुआ। मृतक के परिजनों ने संबंधित ठेकेदार और बिजली विभाग के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है।

### विद्युत पोल में आ रहे करंट की चपेट में आने से भैंस की मौत

पुरवा। नगर के मोहल्ला चंदीगढ़ी निवासी दिनेश ने बताया कि उसकी दुधारू भैंस को 12 वर्षीय बालक आशीष चराने के लिए ले जा रहा था। तभी चंदीगढ़ी चौराहा स्थित सरदार पटेल इंटर कालेज के पास एलटी लाइन के विद्युत पोल में आ रहे करंट की चपेट में आ गई। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। वहीं भैंस को उठाने के प्रयास में बेटे आशीष को भी करंट लगा। इसमें वह बाल-बाल बच गया। पीड़ित ने भैंस की कीमत 65 हजार बताई है। भैंस की मौत से परिजन बेहाल रहा। इस संबंध में एसडीओ अनिल कुमार वर्मा ने बताया कि मामले की जानकारी हुई है जांच की जा रही है।

### बोले जिम्मेदार

रीवैंप कंपनी काम करा रही थी। विभाग ने सुबह शटडाउन दे दिया था। शाम साढ़े छह बजे घटना हुई। एलटी लाइन से एचटी पर मनोज चला गया था। जिससे उसे करंट लगा। उसके परिवार को मदद दिलाई जायेगी।

–कमल किशोर राठौर, अवर अभियंता।

# बसपा नेता ने दो पर गाय चोरी की दर्ज कराई रिपोर्ट

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के गांधी नगर में रहने वाले बसपा नेता की गाय कुछ दिन पहले चोरी हो गई थी। सीसीटीवी फुटेज में जीजा और साले गाय को ले जाते दिखे। जिस पर बसपा नेता ने दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। वहीं पुलिस का कहना है कि जांच कर कार्रवाही की जायेगी। जो भी दोषी होगा उसे बख्शेंगें नहीं।

गांधी नगर निवासी पूर्व बसपा जिलाध्यक्ष रमेश चंद्र भारतीय ने गंगाघाट कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि आजाद मार्ग के पास उनकी भारतीय ट्रेडर्स के नाम से दुकान है। 29 जनवरी को उनकी गाय हाते से निकल कर पीछे पहुंच गई। जिसके बाद गायब हो गई। उन्होंने सीसीटीवी फुटेज खंगाले। जिसमें आम्बेडकर नगर आसाम बंगाल निवासी अंशु दीक्षित और उसका साला गाय को स्कूटी से हांकते हुये ले जाते दिखाई पड़े। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# श्रीकृष्ण की बाल लीलाएं सुन कर भावविभोर हुए श्रद्धालु

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

● पोनी रोड स्थित श्री राधाकृष्ण दुर्गा मंदिर में चल रही श्री देवी भागवत महापुराण

● कथा व्यास पंडित शिवकुमार दीक्षित के मुखारबिंदु से हो रहा है प्रवचन



कथा सुनाते राघव महाराज। अमृत विचार

**अमृत विचार।** पोनी रोड स्थित श्री राधाकृष्ण दुर्गा मंदिर में चल रही श्री देवी भागवत महापुराण के दौरान रविवार को कथा व्यास ने मौजूद श्रोताओं देवी महापुराण का रसपान कराया। इसके साथ ही दयानंद स्कूल में श्रीमद्भागवत कथा सुन श्रोता भाव विभोर हो गये।

श्री राधा कृष्ण दुर्गा मंदिर पोनी रोड शुक्लागंज में चल रही श्रीमद् देवी भागवत महापुराण की कथा के सातवें दिन कथा व्यास पंडित शिवकुमार दीक्षित ने बताया कि समग्र लोग को मोहित कर देने वाली मां भगवती की लीला को कौन जान सकता है। संपूर्ण लोक में मां की महिमा का वर्णन कोई भी नहीं कर सकता है। भगवती ही बुद्धि स्वरूप होकर समस्त लोक को ज्ञान देती हैं। उनकी कृपा से ही उनके कुछ गुण एवं महिला का वर्णन किया जा सकता है। मनुष्य सभी यज्ञ तीर्थ तथा दान आदि शुभ कर्मों का जो भी फल प्राप्त करता है। इस मौके पर शिवकांत दीक्षित, मधु सिंह, अमन, गरिमा गुप्ता, जितेंद्र शुक्ला, सिद्धांत सिंह, रेखा पांडे, मालती गुप्ता मौजूद रही।

वहीं पोनी रोड स्थित दयानंद सरस्वती इंटर कॉलेज में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के दौरान कथा व्यास राघव दास महाराज ने श्री कृष्ण की लीलाओं का बखान किया। जिसे सुन मौजूद श्रोता भाव विभोर हो गये। इस मौके पर नर नारायण सेवा के संस्थापक विमल द्विवेदी, संतोष तिवारी, सुधा तिवारी, अभिषेक तिवारी, लक्ष्मी नारायण पांडे, राम पांडे, धर्मेंद्र पांडे, ऋषभ पांडे आदि भक्त मौजूद रहे।

# भाजपाइयों ने दी योजनाओं की जानकारी

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव




ग्रामीणों को लाभकारी योजनाओं की जानकारी देते विधायक पंकज गुप्ता।

**अमृत विचार।** आगामी लोक सभा चुनाव को देखते हुये रविवार को नेतुआ ग्राम सभा के आजाद नगर में भाजपा ने गांव चलो अभियान के तहत एक कार्यक्रम आयोजित किया। जहां सदर विधायक ने ग्रामीणों को केन्द्र सरकार की लाभकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

भाजपा के गांव चलो अभियान के तहत रविवार को सदर विधायक पंकज गुप्ता पहुंचे। जहां उन्होंने ग्रामीणों को केन्द्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सभी वर्ग के लोगों को ध्यान पर रखकर काम कर रही है। सरकार ने नारी शक्ति वंदन, कन्या सुमंगला, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, निराश्रितों महिलाओं को पेंशन, अपराध और अपराधियों के विरुद्ध जीरो टालरेंस, सर्वसमावेशी विकास, सबको शिक्षा-अच्छी शिक्षा, सर्वे संतु निरामया जैसी तमाम योजनाएं चला रही है। जिससे लोगों को इसका लाभ भी मिल रहा है। इस मौके पर प्रदेश कार्यकारिणी पूर्व जिलाअध्यक्ष आनंद अवस्थी, ब्लॉक प्रमुख बिछिया नीरज गुप्ता, मनीष जायसवाल, संजय बाजपेई, सूर्य कुमार बाजपेई, अमरेन्द्र गुप्ता, अवनीश शुक्ला, जैनेन्द्र शुक्ला के अलावा तमाम भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गैर इरादतन हत्या में वांछित युवक हुआ गिरफ्तार

**उन्नाव।** एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना के निर्देश पर जिले में अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चल रहे अभियान के क्रम में बीघापुर पुलिस ने गैर इरादतन हत्या के मामले में वांछित युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, बीघापुर कोतवाली में बीती 10 फरवरी को गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया गया था। इसमें अजय पुत्र राजेंद्र कुमार निवासी गांव कोइली खेड़ा के मजरा सुमरहा को नामित किया गया था। पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। रविवार को एसओ अखिलेश कुमार तिवारी, दरोगा वीरेंद्र कुमार सरोज व सिपाही पंकज यादव ने वांछित युवक को दबोच लिया। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# शुभकामनाएं देकर विदा किए गए सीनियर्स

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव



फेयरवेल पार्टी में मौजूद छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नगर के संडीला रोड स्थित आरएस इंटर कॉलेज में इंटरमीडिएट के बच्चों की फेयरवेल पार्टी आयोजित हुई। प्रबंधक ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। संचालन कक्षा-11 की छात्रा वेदांगी व कशिश ने किया।

आयोजन में कक्षा-11 के बच्चों द्वारा अपने सीनियर्स को शुभकामनाएं देते हुए अभिनंदन व स्वागत गीत प्रस्तुत किए। इस मौके पर प्रबंधक रिज़वान अहमद ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि हर वर्ष यहां के बच्चे न सिर्फ उच्च अंकों से उत्तीर्ण होते रहे हैं, बल्कि जिले की मेरिट लिस्ट में भी स्थान बनाते हैं। उन्हें पूर्ण विश्वास है कि यहां के बच्चे निश्चित रूप से बोर्ड की प्रदेश स्तरीय मेरिट लिस्ट में स्थान बनाएंगे। उन्होंने बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं के सम्बंध में भी जानकारी दी। वहीं, उन्होंने प्रधानाचार्य संतोष कुमार व उप प्रधानाचार्य अंजू बाजपेई को सम्मानित भी किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ शिक्षिका डा. रुचि पांडे, ज़ेबा, शिखा, शुभी पांडे, प्रवेश कुमार, राजेश कुमार, अनीता शर्मा, मो. शाद, मनोज कुमार, एडी सिंह, कोआर्डिनेटर आमिर अहमद उपस्थित रहे।



सीनियर्स का अभिनंदन करती जूनियर छात्राएं। अमृत विचार

# ब्लॉक लेकर बदला गया डाउन लाइन का ट्रैक

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव




● रविवार शाम को लिया गया 40 मिनट का ब्लॉक

**अमृत विचार।** कानपुर लखनऊ रेल रूट पर हाई स्पीड की ट्रेनें चलाई जानी है। जिसे देखते हुये रविवार शाम 40 मिनट का ब्लॉक लिया गया। इस दौरान रेल कर्मियों ने ट्रैक बदलने का काम किया। कार्य के दौरान रेल संचालन सामान्य रहा।

रविवार शाम करीब 4:50 से 5:30 बजे के बीच पीडब्ल्यूआई ने 40 मिनट का ब्लॉक लिया। ब्लॉक अवधि के दौरान रेल कर्मियों ने पुराना ट्रैक हटाया। जिसके बाद डाउन लाइन पर ओएचई पोल संख्या 68/12 व 68/2 के बीच ट्रैक बदलने का काम हुआ है। कार्य के दौरान लाल झंडा लगाया गया। इसके साथ ही समय अवधि समाप्त होने के बाद लाल झंडा हटाया गया। वहीं विभाग ने बताया कि इसी तरह आगे भी ब्लॉक लेकर कार्य किया जायेगा।

# तेल माफिया की करोड़ों की संपत्ति कुर्क करने के आदेश

**फतेहपुर।** तेल माफिया मनोज अग्रवाल की तीन करोड़ 18 लाख 68 हजार रुपये की संपत्ति कुर्क करने का डीएम ने आदेश जारी किया है। आरोपी पर 2019 में तेल चोरी के दो मुकदमे मलवां और कल्यानपुर थाने में दर्ज हुए थे। मनोज मथुरा के फरह थाने के बेरी का निवासी है। आरोपी गैंग के साथ बिहार के बरौनी से मथुरा जाने वाली इंडियन ऑयल की पाइप लाइन तोड़कर चोरी में पकड़ा गया था। डीएम के आदेश पर प्रशासन ने गैंगस्टर एक्ट के तहत मथुरा जिले के वैष्णो नगर कालोनी, बांगर, पालीखेड़ा, बाकलपुर स्थित प्लाट, बाकलपुर स्थित मकान, दुकान, बाके में खेत, बांगर अंदरून जमुनाधाम में दो प्लाट चिह्नित हुए।

# नाग-नागिन का पिटारा दुकान में रखकर सपेरा भूला, हड़कंप

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव



पिटारा में बंद नाग नागिन को ले जाती वन विभाग की टीम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** राजधानी मार्ग स्थित एक खाने पीने की दुकान पर शनिवार रात एक सपेरा पहुंचा। जहां उसने खाने के बाद नाग नागिन का पिटारा दुकान में रखकर कहीं चला गया। काफी देर तक पिटारा रखा रहा। जिससे वहां मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। रविवार को वन विभाग को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंचे वन कर्मी नाग नागिन के जोड़े को अपने साथ ले गये और जंगलों में छोड़ दिया।

शनिवार रात करीब नौ बजे आदर्श नगर गली के बाहर एक खाने पीने की दुकान पर एक सपेरा नशे की हालत में पहुंचा। जहां वह काफी देर तक खाता पीता रहा। जिसके बाद उसने दुकान पर नाग नागिन के जोड़े का पिटारा रख दिया और कहीं चला गया। आस पास के लोगों ने सपेरे की खोजबीन की लेकिन उसका कहीं कोई पता नहीं चल सका। जिस पर डंडें से पिटारे का ढक्कन हटाया। ढक्कन हटते ही नाग नागिन फन उठाकर खड़े हो गये। यह देख वहां मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। किसी तरह पिटारा का ढक्कन बंद किया और वन विभाग को सूचना दी। रविवार सुबह वन रक्षक नीलू यादव, प्यारे लाल तिवारी मौके पर पहुंचे। और नाग नागिन को बोरी में भरकर अपने साथ ले गये। रेंजर प्रेम शंकर तिवारी ने बताया कि नाग नागिन के जोड़े को जंगल में छुड़वा दिया गया है।

## सार-संक्षेप

### हाईवे पर संतरा से लदा ट्रक पलटा

**फतेहपुर।** कानपुर प्रयागराज हाईवे पर तेज रफ्तार ट्रक लेकर जा रहा चालक का नियंत्रण खोने से ट्रक पलट गया। ।थरियांव थाना क्षेत्र के बिलन्दा गांव गांव के पास हाईवे पर कानपुर की ओर से तेज रफ्तार में प्रयागराज की ओर जा रहा ट्रक चालक ट्रक से नियंत्रण खो बैठा और बीच हाइवे पर पलट गया। ट्रक के पलटने पर उसमें लदा संतरा सड़क पर फैल गया। संतरा की लूट के लिए आस पास के लोग और राहगीरों की भीड़ लग गई। ट्रक चालक कृष्णा ने बताया कि वह जलावर राजस्थान से ट्रक में संतरा लादकर कलकत्ता जा रहा था। सामने से बाइक सवार के आने बचाने के चक्कर में पलट गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जिस समय ट्रक पलट तहस उस समय दो बाइक सवार चपेट में आने से बच गए। नहीं तो हादसे में जान भी जा सकती थी। थाना प्रभारी रणजीत सिंह ने बताया कि चालक को मामूली चोट आयी है। जिला अस्पताल भेजा गया है।

### बाइक की टक्कर से सड़क पार कर रहे बुजुर्ग की मौत

**फतेहपुर।** कल्यानपुर थाना क्षेत्र के कस्बा निवासी बृजलाल शनिवार की शाम किसी काम से थाने के पास हाईवे पार कर रहा था। तभी रोड से निकले बाइक सवार ने उसको ज़ोरदार टक्कर मार दिया। जिससे बृजलाल गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने उसे जिला अस्पताल भेज दिया। जिला अस्पताल पहुंचने पर ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर ने उसे उपचार के लिए भर्ती कर लिया। जहां रविवार भोर पहर वार्ड में उसकी मौत हो गई। मृतक के पुत्र राम बाबू की पत्नी सरोज देवी ने जिला अस्पताल के डॉक्टर व मेडिकल स्टॉफ पर आरोप लगाते हुए बताया कि जिला अस्पताल के डॉक्टर से कहा कि अगर मरीज की हालत ठीक न हो तो रेफर कर दें। मगर डॉक्टर ने नहीं सुनी। रात भर उनका कोई इलाज नहीं किया। इलाज के अभाव में मरीज़ की मौत हो गई। स्टॉफ से शिकायत किया तो महिला स्टॉफ नर्स बदसलूकी करने लगी। चौकी इंचार्ज ने आकर शव को पोस्टमार्टम के लिए माच्युरी हाउस पहुंचवाया।

स्वास्थ्य | न्यू पीएचसी के स्वास्थ्य मेले में पहुंचे 53 मरीजों को जांच कर दी गई दवाइयां

# आरोग्य मेले में बड़ी संख्या में पहुंचे मरीज

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव




मरीजों का परीक्षण करते डॉक्टर। अमृत विचार

● चर्म रोग, लीवर, सांस, मधुमेह से संबंधित रोगी पहुंचे

**अमृत विचार।** रविवार को न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। जहां नगर व आस पास से मरीज मेले में पहुंचे। इस दौरान मेले में मौजूद डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण किया और उन्हें दवाइयां दी।

राजधानी मार्ग स्थित न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले में एलोपैथिक के डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण किया । मरीजों को दवा बांटी गई। इसके अलावा प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. रवि सचान, डॉ. शिप्रा झा, डॉ. रश्मि वर्मा ने भी मरीजों को परामर्श देने के साथ ही दवाइयां बांटी। वहीं अन्य डॉक्टरों ने आये मरीजों का परीक्षण किया। स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि पीएचसी में 53 मरीजों का परीक्षण कर उन्हें दवाइयां बांटी गई। जिसमें चर्म रोग, लीवर पेट से संबंधित, सांस, मधुमेह, उच्च रक्त चाप, खून की कमी, गर्भवती महिला के अलावा अन्य बीमारियों से ग्रसित मरीज पहुंचे। इस दौरान अमित कुशवाहा, अवनीश मिश्रा समेत अस्पताल के स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

**सीएम आरोग्य मेले में आए 2168 मरीजः उन्नाव।** जिले की 42 पीएचसी में रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य मेला आयोजित किया गया। इसमें सबसे अधिक चर्म रोग से ग्रसित मरीज पहुंचे। इसके अलावा पेट व सांस लेने में दिक्कत महसूस करने वाले मरीजों की संख्या अधिक रही।

मेले में पहुंचे लोगों को डाक्टरों द्वारा जांच के बाद दवा दी गई। सबसे अधिक 237 चर्म रोग से पीड़ितों की संख्या रही। मेले में पेट संबधी 192 मरीजों का इलाज किया गया। वहीं 96 मरीज सांस संबंधित रोग के रहे। बदलते मौसम की वजह से बुखार पीड़ित 71 मरीजों को आवश्यक दवाएं दी गईं। इसके अलावा 839 अन्य बीमारियों से पीड़ित व्यक्तियों का इलाज हुआ। कोविड हेल्प डेस्क में 307 मरीज देखे गए। इसके अलावा बीपी व सुगर की भी जांच की गई। लक्षण मिलने पर 12 व्यक्तियों की मलेरिया की जांच की गई। इनमें सभी की रिपोर्ट निगेटिव रही। मेले के कैंप लगाकर 77 गोल्डन कार्ड भी बनाए गए।

# दहेज के लिए विवाहिता को घर से निकाला

**उन्नाव।** दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर पति ने अपनी पत्नी को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पत्नी की शिकायत पर बिहार पुलिस रिपोर्ट दर्ज की मामले की जांच कर रही है।

बिहार थानाक्षेत्र के भदिहा गांव निवासी रेशमा पुत्री संतोष लोध ने पुलिस को दिये प्रार्थनापत्र में बताया कि उसकी शादी पांच वर्ष पूर्व क्षेत्र के चोटिहा निवासी नारेंद्र पुत्र काली शंकर के साथ हिंदू रीतरिवाज से हुई थी। पीड़िता के पिता ने दहेज में अपनी सामर्थ्य से अधिक दहेज भी दिया था। किंतु पति मायके से और रुपये लाने के लिए आए दिन मारता पीटता था। एक सप्ताह पूर्व मारपीट कर घर से भगा दिया। तब से वह अपने मायके में रह रही है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने दहेज अधिनियम व अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

# तीन परीक्षा केंद्रों में 496 अभ्यर्थियों ने छोड़ी आरओ-एआरओ की परीक्षा

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव




आरओ एआरओ की परीक्षा देकर बाहर निकलते अभ्यार्थी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नगर के तीन स्कूलों को समीक्षा अधिकारी और सहायक समीक्षा अधिकारी की परीक्षा के लिये केन्द्र बनाया गया था। जहां सुबह से ही परीक्षार्थी पहुंचे। विद्यालय प्रबंधन की ओर से उनकी चेकिंग की गई। जिसके बाद सभी ने प्रथम और द्वितीय पॉली में परीक्षाएं दी। इस दौरान सेक्टर मजिस्ट्रेट और स्टैटिक मजिस्ट्रेट ने केन्द्र का निरीक्षण किया। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच परीक्षा संपन्न कराई गई। वहीं तीनों केन्द्रों में 796 अभ्यार्थियों ने परीक्षा छोड़ी है।

शुक्लागंज के अंबिका प्रसाद मेमोरियल पब्लिक स्कूल, कंचन नगर स्थित महर्षि दयानंद मिशन इंटर कॉलोनी और गोपीनाथ पुरम स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज को आरओ और एआरओ की परीक्षा का केन्द्र बनाया गया था। जहां 1440 अभ्यार्थियों को परीक्षा देनी थी। परीक्षा को लेकर सुबह से ही तीनों केन्द्रों पर पुलिस मौजूद रही। जहां पहली पाली में 9:30 बजे से 11:30 और दूसरी पाली 2:30 से 3:30 बजे तक सकुशल परीक्षा संपन्न कराई गई। केन्द्रों पर सेक्टर मजिस्ट्रेट देवेन्द्र प्रताप सिंह और स्टैटिक मजिस्ट्रेट प्रमोद कुमार शर्मा ने निरीक्षण किया। प्रधानाचार्यों ने बताया कि अंबिका में 480 अभ्यार्थियों की परीक्षा थी। जिसमें पहली पाली में 165 और दूसरी पाली में 167 ने परीक्षा छोड़ दी। वहीं एसवीएम 480 में 167 ने परीक्षा छोड़ी। इसके अलावा महर्षि में 480 अभ्यार्थियों में 155 छात्रों ने परीक्षा छोड़ी है।

# 3557 ने छोड़ी आरओ व एआरओ की परीक्षा

## रविवार को जिले के 26 केंद्रों पर लोक सेवा आयोग द्वारा आरओ व एआरओ की परीक्षा का कराया गया आयोजन

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** उप्र लोक सेवा आयोग प्रयागराज द्वारा समीक्षा अधिकारी व सहायक समीक्षा अधिकारी की प्रारंभिक परीक्षा रविवार को 26 केंद्रों पर सकुशल संपन्न कराई गई। इसमें कुल 10944 परिक्षार्थियों में 3557 ने हिस्सा ही नहीं लिया। केंद्रों पर शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा कराने के लिये दोनों पॉलियों में मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस बल ने बाहरी व केंद्र व्यवस्थापक आंतरिक सुरक्षा में मुस्तैद रहे।

एआरओ व आरओ की परीक्षा सकुशल सम्पन्न कराने के लिये पहले से ही विकास भवन सभागार में एडीएम नरेंद्र सिंह और एएसपी अखिलेश सिंह ने परीक्षा के नामित सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट और केंद्र व्यवस्थापकों के साथ बैठक की थी। तय शेड्यूल के अनुसार जिले के 26 केंद्रों पर रविवार सुबह 9:30 से 11:30 और दोपहर 2:30 से 3:30 बजे तक परीक्षा शुरू कराई गई। एडीएम ने कहा कि नकल विहीन व शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा कराने के लिए सभी केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था के पुख़्ता इंतजाम किये गये थे। इसके साथ केंद्रों पर सुरक्षा, विद्युत, पानी, साफ-सफाई आदि तैयारियां दुरुस्त रहीं।

परीक्षा को सकुशल कराने के लिए 9 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 26 स्टैटिक मजिस्ट्रेट व प्रत्येक केंद्रों पर सुरक्षा के दृष्टिगत पर्याप्त पुलिस बल मौजूद रहा। प्रथम पाली में 7435 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। जबकि, 3509 अनुपस्थिति रहे। वहीं द्वितीय पाली में 7387 परीक्षार्थी पहुंचे और 3557 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।



केंद्र का निरीक्षण करते एसडीएम। अमृत विचार



परीक्षा केंद्रों पर होती चेकिंग। अमृत विचार

### चेकिंग के बाद मिला प्रवेश, चौकन्ना रहा सर्विलांस सेल

आरओ व एआरओ की परीक्षा नकल विहीन संपन्न कराने के लिए सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त थे। केंद्रों के बाहर चेकिंग के बाद ही परीक्षार्थियों को प्रवेश दिया गया। हर केंद्र पर पुलिस फोर्स तैनात रहा। साथ ही अधिकारी भी परीक्षा अवधि में केंद्रों का औचक निरीक्षण करने पहुंचे। कक्ष निरीक्षकों को भी मोबाइल समेत कोई इलेक्ट्रानिक डिवाइस ले जाने पर रोक रही। इसके अलावा सर्विलांस सेल भी पूरे समय सक्रिय रहा। केंद्रों के आसपास फोटो कापी की दुकानों पर भी खुफिया पुलिस की नजर बनी रही।

### इन परीक्षा केंद्रों पर हुई परीक्षा-

आरओ-एआरओ परीक्षा के लिए अटल बिहारी इंटर कालेज, ब्रिलियंट एकेडमी इंटर कालेज, माउंट लिट्रा, न्यू एरा, जीजीआईसी उन्नाव, जीआईसी उन्नाव, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज, जीनत इंटर कालेज, सेंट ज्यूड्स, एसवीएम इंटर कालेज, श्री जगन्नाथ मेमोरियल, मैचलेस इंटर कालेज, अंबिका प्रसाद मेमोरियल पब्लिक स्कूल शुक्लागंज, डीएसएन पीजी कॉलेज ब्लॉक-ए, ब्लाक बी, कुंवर महेश सिंह जगरूप सिंह, चौधरी खजान सिंह, महात्मा गांधी, दिल्ली पब्लिक स्कूल, चंद्रशेखर आजाद डिग्री कॉलेज, सनडीसन, आरकेडी इंटर कालेज, महर्षि दयानंद सरस्वती, बेनहर, सरस्वती विद्या मंदिर केंद्र पर परीक्षा हुई।

# दिव्यांग व्यापारी ने फांसी लगाकर दी जान

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

- सुबह कमरे में शव लटका देख बेहाल हुए परिजन
- बिल्डिंग मैटेरियल की दुकान चलाता था युवक

**अमृत विचार।** बांगरमऊ कोतवाली अंतर्गत घर की ऊपरी मंजिल में बने कमरे में दिव्यांग बिल्डिंग मैटेरियल व्यापारी ने फांसी लगाकर जान दे दी। परिजन कमरे में पहुंचे तो उसका शव देख बेहाल हो गए। पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। परिजन उसके आत्महत्या करने की वजह नहीं बता सके।



अखिलेश।

बांगरमऊ नगर क्षेत्र के मोहल्ला कटरा निवासी अखिलेश (40) पुत्र बृजकिशोर मिश्रा बिल्डिंग मैटेरियल की दुकान किए था। उसके पिता बीते शनिवार छोटे बेटे पवन व बहू के साथ मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने मैनपुरी गए थे। घर में अखिलेश और उसकी पत्नी सीमा व बेटा अर्पित के अलावा बड़ा भाई सोनू व उसके बच्चे मौजूद थे।

रविवार सुबह अखिलेश ने घर की ऊपरी मंजिल स्थित अपने कमरे में गया और छत के कुंडे में रस्सी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। बेटे ने पिता का शव लटका देख शोर मचाया। परिजनों ने आनन-फानन उसे फंदे से नीचे उतारा लेकिन, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की जानकारी मिलने पर पिता व छोटा भाई घर पहुंचे और शव देख बेहाल हो गए और परिजनों में कोहराम मच गया।

सूचना पर पुलिस पहुंची ने मौके की जांच की और शव का पोस्टमार्टम कराया। परिजन युवक द्वारा आत्महत्या किये जाने की वजह नहीं बता पाए हैं।

### वृद्ध की मौत का आरोपी भेजा गया जेल

**उन्नाव।** बहू के संग छेड़छाड़ का विरोध करने मारपीट में घायल वृद्ध की मौत के बाद बीघापुर पुलिस ने गैर इरादतन हत्या की धारा तरमीम करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेजा गया। बता दें कि बीती शुक्रवार की रात बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के गांव निवासी युवक अजय पुत्र राजेंद्र गांव के एक घर पीछे से घुसा और घर में मौजूद महिला छेड़छाड़ की थी। महिला के शोर मचाने पर घर में मौजूद देवर व जेठानी उसे बचाने बचाने दौड़ी। इस पर युवक उस वक्त मौके से भाग निकला। कुछ देर बाद वह अपने भाई रावेंद्र, बहन रुचि व पिता राजेंद्र पुत्र बच्चू के साथ लाठी डंडों से लैस होकर लौटा और सभी ने उसके महिला के परिजनों से मारपीट शुरू की थी। चीख पुकार सुन कर खेतों की रखवाली कर रहे महिला के 70 वर्षीय ससुर मौके पर पहुंच गए। उन्होंने बीचबचाव का प्रयास किया तो आक्रोशित अजय ने इन पर लाठी डंडे से प्रहार कर दिया। हमले में वृद्ध अचेत होकर गिर गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे 100 बेड अस्पताल पहुंचाया। जहां से उसे गंभीर जिला अस्पताल रेफर किया गया था। इसके बाद कानपुर के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हुई थी। उसने दम तोड़ दिया। शुक्रवार रात को तहरीर के आधार पर अजय, रावेंद्र, उनकी बहन रुचि और पिता राजेंद्र पुत्र बच्चू के विरुद्ध घर पर चढ़कर छेड़छाड़ करने मारपीट गालीगलौज धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। वृद्ध की मौत हुई पुलिस ने धारा मंड बढ़ोत्तरी करते हुए आरोपी अजय को मैकू तेली मार्ग के पास से पुलिस ने पकड़ा और कर्रवाई करते हुए कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेजा गया।

# पुलिस के प्रयास से 19 जोड़े फिर हुए एक

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- मंगलगीत गाकर सभी को किया गया विदा
- परिवार परामर्श केंद्र व महिला हेल्प डेस्क ने कराया समझौता

**अमृत विचार।** आपसी मनमुटाव के बाद थाना-कोतवालियों तक पहुंचे पति-पत्नियों के विवाद को सुलह समझौता से निस्तारित कराने के लिए जारी मुहिम के तहत रविवार को परिवार पारामर्श केंद्र व महिला हेल्प डेस्क में विवादित जोड़ों को बुलाया गया। दंपतियों व उनके परिजनों की काउंसिलिंग के बाद 19 जोड़े गिले शिकवे भूल फिर साथ रहने के लिए एक साथ घर को निकले।

पति-पत्नी के बीच विवाद के बाद आई दरार पाटने के लिए एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना के निर्देश पर रविवार को पुलिस लाइन स्थित परिवार परामर्श केंद्र व थाना-कोतवालियों में की महिला हेल्प डेस्क में दोनों पक्षों की बात सुनने के बाद आपस में वार्ता कराई गई। इसके बाद परामर्श केंद्र से सात, महिला थाना से पांच, औरास से तीन, मौरावां से दो, सोहरामऊ थाना व अजगैन कोतवाली से एक-एक जोड़े को बिना विवाद साथ रहने के वादे के साथ विदा किया गया।

इस दौरान मंगल गीतों के बीच उनका मुंह भी मीठा कराया गया। इसमें प्रभारी परिवार परामर्श समिति डा. आशीष श्रीवास्तव व सलाहकारों में राजेंद्र सिंह सेंगर, अबरार हुसैन, प्रभा यादव, मनीष सिंह, सहयोगी शिवेंद्र सिंह, अंकित व इंस्पेक्टर संतोष कुमारी सिंह, दरोगा मधु श्रीवास्तव सहित कांस्टेबल मीनू सोलंकी, आरती गौतम, पूजा शर्मा, लक्ष्मी सिंह, श्वेता परमार, जोनिका आदि का अहम योगदान रहा।



परिवार परामर्श केंद्र में मौजूद दंपति। अमृत विचार

# ऊगू नपं अध्यक्ष को सभासद ने दी धमकी

संवाददाता फतेहपुर चौरासी उन्नाव

- आरोप है कि सभासद व उसके साथियों ने तेजाब से जलाने का भी प्रयास किया
- चेयरमैन की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी

**अमृत विचार।** नगर पंचायत ऊगू की चेयरमैन ने एक सभासद पर उसके घर में घुसकर जान से मारने व उसे तेजाब से जलाने का प्रयास करने आरोप लगाया है। पुलिस ने चेयरमैन की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ऊगू नगर पंचायत की अध्यक्ष अनीता ने थाना पुलिस को दिए शिकायती पत्र में कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र के मोहल्ला मझखोर निवासी सभासद नितिन पुत्र गोविंद रविवार को अपने साथियों के साथ उनके घर में घुस आए और उन्हें जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए जान से मारने व तेजाब से जला देने की धमकी देने लगे। चेयरमैन ने बताया कि जब तक वे लोग उनके साथ कोई अप्रिय घटना कर पाते तब तक उनके पति कल्लू व पूर्व नगर अध्यक्ष और उनके प्रतिनिधि वहां आ गए। पति व उनके साथियों को देखकर सभासद अपने साथियों के साथ भाग निकला। पुलिस ने शिकायती पत्र के आधार पर सभासद व उसके साथियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक राजेश पाठक ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

# फंदे से लटका मिला युवक का शव

**आसीवन उन्नाव।** आसीवन थानांतर्गत एक युवक का शव उसके कमरे में रस्सी के फंदे से लटका देख परिजन बेहाल हो गए।

आसीवन थानाक्षेत्र के शाहपुर सिंधौरा गांव निवासी टुंडी (48) पुत्र छोटेलाल ने रविवार शाम अपने कमरे में रस्सी का फंदा बनाकर कर फांसी लगा ली। कमरे में पहुंचे परिजनों ने उसे लटका देखा तो उनके होश उड़ गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की और शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। एसओ ज्ञानेन्द्र सिंह ने बताया कि फांसी की सूचना मिलने पर मौके पर पुलिस भेज कर शव पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया है। दिवंगत युवक खेती करता था। पिता की मौत से बेटा अनुज और दो बेटियां पुष्पा व सीमा सहित उसकी पत्नी सरला रो-रोकर बेहाल है। चर्चा है कि उसकी बड़ी बेटी पुष्पा की शादी तय है और 22 अप्रैल को उसकी बारात आनी है।

## सार-संक्षेप

### 40 लीटर कच्ची शराब के साथ दो को दबोचा

**उन्नाव।** मौरावां पुलिस ने रविवार को 40 लीटर कच्ची शराब व 500 ग्राम यूरिया के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, मौरावां पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के दौरान क्षेत्र के मौरावां-हिलौली मार्ग से काजीगढ़ी को जाने वाली सड़क पर गुड्डू उर्फ साजिद पुत्र स्व. अशरफ अली निवासी मोहल्ला काजीगढ़ी और नईम पुत्र भुल्लू खां निवासी मोहल्ला मझकोरिया कस्बा व थाना मौरावां को 40 लीटर कच्ची शराब व 500 ग्राम यूरिया खाद के साथ पकड़ लिया। उन्हें पकड़ने वाली टीम में दरोगा योगेंद्र प्रताप सिंह, हेड कांस्टेबल अशोक कुमार यादव, राधेश्याम व सिपाही जितेंद्र कुमार शामिल रहे।

### शराबी देवर ने की भाभी से की मारपीट

**उन्नाव।** शराबी देवर द्वारा मारपीट व प्रताड़ित किए जाने से ऊबी महिला ने बिहार पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। बिहार थानाक्षेत्र के गांव लाला खेड़ा के मजरे सीरियापुर निवासी गोमती देवी पत्नी राजेंद्र ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसका देवर स्वरूप लाल पुत्र विजयपाल नशे में आए दिन उसे गालियां देने के साथ मारपीट करता है। बीते शनिवार भी वह नशे में गालीगलौज कर रहा था। विरोध करने पर वह मारपीट करने लगा। बचाने आए छोटे बेटे को भी पीटा। पुलिस ने मारपीट आदि धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। एसओ शिव प्रकाश पांडेय ने बताया कि पीड़िता व उसके बेटे का मेडिकल कराकर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### आरोग्य मेला: 89 मरीजों का परीक्षण कर दीं दवाएं

**पुरवा।** रविवार को आरोग्य स्वास्थ्य मेले में त्वचा, पेट दर्द, बुखार के रोगी पहुंचे। जिनमें 89 को दवाइयां दी गई। स्वास्थ्य केंद्र पासा खेड़ा में 15 मरीजों में त्वचा व पेट दर्द, बुखार व खांसी के पहुंचे। जहां डॉ. अंजली सिंह ने रोगियों को देखकर दवाइयां दीं। वहीं स्वास्थ्य केंद्र चमियानी में डॉ. राज लक्ष्मी दोहरे ने 22 मरीजों में त्वचा, फीवर के मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इसी तरह स्वास्थ्य केंद्र गढ़ाकोला में डॉ. चारु जैन ने 52 मरीजों में बुखार, त्वचा व दस्त के रोगियों को दवाइयां दीं।

# 50 लोगों को दिलाई गई पर्यावरण बचाने की शपथ

संवाददाता पुरवा उन्नाव

- प्लास्टिक का प्रयोग न करें और दूसरों को करें प्रेरित

**अमृत विचार।** रविवार को विकासखंड की दो ग्राम पंचायतों दरेहटा व मुरैता नवीन के पंचायत भवन में एलिस महिला प्रशिक्षण संस्थान के ब्लॉक कोर्डिनेटर मनीष गुप्ता ने आए हुए 50 लोगों को पर्यावरण के बारे में शपथ दिलाई।

दरेहटा व मुरैता नवीन गांव स्थित पंचायत भवन में आए लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया गया। जिसमें बताया गया कि प्लास्टिक का प्रयोग न करें और इसके प्रति अपने गांव के लोगों को भी जागरूक करें। एलिस संस्थान के ब्लॉक कोर्डिनेटर मनीष गुप्ता ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण को संयुक्त रूप से जनसहभागिता के माध्यम से लोगों को जागरुक करने की शुरुआत की है।

संस्थान द्वारा मुहिम चलाकर लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक कर शपथ दिलाई जा रही है। इसमें योगदान करने वालों को चेंज मेकर्स ऑफ इंडिया अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। इस मौके पर ग्राम प्रधान अवधेश चौरसिया, ग्राम प्रधान मनोज सिंह, पवित्रा, संगिनी, राजपति यादव सहित बड़ी संख्या में लोगों ने शपथ ली।

# युवक पर लगाया बेटी को ले जाने का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**सफीपुर।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित पिता ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि वह 2 फरवरी को खेत में काम करने गया था। तभी बेटी को घर में अकेला देख गांव निवासी सर्वेश उसे फुसलाकर कर भगा ले गया। जब वह खेत से लौटा तो बेटी के घर में न मिलने पर जानकारी की। पता चला कि वह गांव के युवक के साथ गई है। जिस पर वह युवक के परिजनों से शिकायत करने पहुंचा तो उन लोगों ने उसे गालियां देते हुए भगा दिया। पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है। प्रभारी निरीक्षक श्याम नारायण सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

# कोतवाली के मंदिर में पुलिस ने प्रेमी प्रमिका की कराई शादी

संवाददाता पुरवा उन्नाव

- आठ दिन पूर्व प्रेमी के पास चली गई थी युवती
- दोनों के परिजनों द्वारा रजामंदी के बाद कराई गई शादी

**अमृत विचार।** एक साल से चल रहे प्रेम-प्रसंग के मामले में एक युवती आठ दिन पूर्व मेकअप का सामान लेने के बहाने घर से निकली थी और वह युवक के पास हैदराबाद पहुंची गई थी। परिजनों के दबाव के चलते युवक उसे लेकर शनिवार शाम अपने घर पहुंचा गया। जहां दोनों पक्षों में हुए समझौते के बाद रविवार को युवक-युवती ने कोतवाली में बने मंदिर में परिजनों व पुलिस की मौजूदगी में एक-दूसरे को माला पहनाया।

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी 20 वर्षीय युवती का कहना है कि वह डेढ़ वर्ष पूर्व परिजन शादी करने के लिए पड़ोसी गांव के युवक को देखकर तय करने गये थे। जिस पर घर आकर युवक ने उसे पसंद भी कर लिया था। लेकिन युवक के पिता ने पहले बेटी की शादी करने की बात कही थी। वहीं युवक ने कहा कि एक वर्ष से हम दोनों के बीच फोन पर बात करने से मामला प्रेम प्रसंग में बदल गया था। युवती की मां ने बताया कि चार फरवरी को बेटी 400 रुपये लेकर मेकअप का सामान लेने की बात कह कर घर से निकली थी। उसका पति बाजार गया था और वह मवेशी चराने गई थी। बेटी के वापस न आने पर खोजबीन की तो पता चला कि जिस युवक से शादी की बात हुई थी वह उसी के पास चली गई है। शनिवार को दोनों पक्षों ने आपस में बैठकर शादी को रजामंदी दी।

रविवार को युवक-युवती व उनके परिजन कोतवाली पहुंचे और वहां मंदिर में युवक ने युवती की मांग मे सिंदूर भरा और एक दूसरे को माला पहनाकर साथ रहने का वचन लिया। वरिष्ठ उपनिरीक्षक राजेश यादव ने बताया कि दोनों पक्षों में समझौता हो गया है। कोतवाली परिसर में बने मंदिर में शादी करके युवक-युवती परिवार के साथ अपने घर चले गये हैं।

# महिला ने तीन बच्चों पर बच्ची से गैंगरेप का आरोप लगाया

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- पुलिस ने कहा कि मामले की जांच करने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी

**अमृत विचार।** मौरावां थानांतर्गत एक गांव में बीती शनिवार सोशल मीडिया पर एक नौ साल की बच्ची की मां ने गांव निवासी तीन बच्चों पर गैंगरेप का आरोप लगाया था। जिसमें दो सगे भाई व एक अन्य बच्चे द्वारा घटना करने की चर्चा रही। हालांकि ऐसी किसी भी पोस्ट की पुष्टि अमृत विचार नहीं करता है।

जानकारी के अनुसार, बच्ची की मां ने तीन नाबालिक बच्चों पर गैंगरेप का आरोप लगाते हुए थानांतर्गत एक चौकी में तहरीर दी है। थाना प्रभारी ने मामले की जांच करते हुए पीड़िता से जांच कर कार्रवाई करने की बात कही है। एसओ मौरावां भवन सिंह मौर्य ने बताया कि मामला बीती 7 फरवरी का बताया जा रहा है। पीड़िता को तहरीर देने के लिये लगातार थाने बुलाया जा रहा है। लेकिन परिजन बच्ची को थाने नहीं लाए। बताया कि बच्ची स्वस्थ है। बताया कि चौकी इंचार्ज से मिली जानकारी के अनुसार, मामला पेशबंदी का है। अभी तक पीड़ित कार्रवाई के लिए थाने नहीं आई है। कहा कि मामले की जांच करने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**सियासत** सांसद ने लोकसभा में सपा प्रत्याशी अन्नू टंडन को दिया खुला चैलेंज

# विरोधी को 5 लाख वोटों से हराऊंगा

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- उन्नाव में शिक्षक सम्मान समारोह में पहुंचे थे सांसद साक्षी महाराज

**अमृत विचार।** जूनियर हाईस्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ द्वारा रविवार को आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे सांसद साक्षी महाराज ने शिक्षकों को सम्मानित किया है। इस दौरान उन्होंने सपा से लोकसभा प्रत्याशी अन्नू टंडन को चैलेंज करते हुये कहा कि हमारे सामने उन्हें दो बार चुनाव में हार का सामना करना पड़ा है। इस बार वह 5 लाख वोटों से जीतकर दिल्ली जाएंगे।

बीजेपी के फायर ब्रांड नेता और उन्नाव सांसद साक्षी महाराज एक बार फिर से अपने बयान से सुर्खियों में हैं। उन्होंने सपा से लोकसभा प्रत्याशी अन्नू टंडन को लेकर दिये बयान में कहा कि अन्नू टंडन कांग्रेस से दो बार उनके सामने चुनाव लड़कर हार चुकी हैं। तंज कसते हुए सांसद ने कहा कि जिसके प्रारब्ध में ही हार लिखी है उसे जीत कौन दिला सकता है। दावा किया कि अबकी बार वे 5 लाख वोटों से जीत दर्ज दिल्ली जाएंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास लेकर चल रही है। 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर का भव्य उद्घाटन किया गया। जिसमें लाखों लोग पहुंचे और उन्होंने सरकार के द्वारा किए गये कार्यों की तारीफ की।

बता दें कि साक्षी महाराज उन्नाव से दूसरी बार सांसद है। अन्नू टंडन सन-2014 और 2019 के चुनाव में उनके सामने कांग्रेस पार्टी की टिकट पर चुनाव लड़ी थीं। मोदी लहर में साक्षी महाराज ने उन्हें रिकॉर्ड मतों से हराया था। अब 2024 के चुनाव में समाजवादी पार्टी ने अन्नू टंडन को उन्नाव से लोकसभा प्रत्याशी बनाया है। भाजपा अगर तीसरी बार साक्षी महाराज पर भरोसा जताती है तो मुकाबला दिलचस्प होने वाला है।



सांसद साक्षी महाराज। अमृत विचार

# पौत्र ने सोशल मीडिया पर जीवित बाबा को दी श्रद्धांजलि

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

- बाबा का आरोप बेटा व पौत्र उसके पास बचा मकान हड़पने की मंशा से ऐसा कर रहे हैं
- पीड़ित बाबा ने पुलिस को तहरीर देकर बेटे व पौत्र के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की

**अमृत विचार।** नोएडा में रह रहा कलयुगी पौत्र नगर निवासी अपने बाबा का मकान हड़पने के उद्देश्य से सोशल मीडिया पर उसे मृत घोषित कर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। पौत्र की करतूत से बाबा ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

बांगरमऊ नगर के मोहल्ला नौनिहालगंज निवासी मिथिलेश पुत्र राम खेलावन ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि उसका बेटा बीनू और पौत्र अभिषेक उर्फ कन्हैया परिवार समेत नोएडा में रहते हैं। बताया कि उसने सन-2014 में पत्नी की मौत के बाद अपनी सारी जायदाद अपने बेटे बीनू के नाम कर दी थी। बीनू सारी जायदाद बेचकर परिवार के साथ नोएडा में रहने लगा। बताया कि अब उसके पास बांगरमऊ नगर के मोहल्ला नौनिहालगंज में सिर्फ एक मकान बचा है। जिसमें वह अकेले रहता है। उसकी विधवा बेटी मधु उसके साथ रहकर उसकी देखभाल और सेवा करती है। इसीलिए उसने अपना मकान मधु को दान कर दिया है। अब यह मकान भी बीनू बेचना चाहता है। इसी उद्देश्य से बीनू का बेटा अभिषेक अपने नाना-नानी व मां के कहने पर उसे सोशल मीडिया पर मृत घोषित कर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। साथ ही अभिषेक व बीनू उसकी बेटी मधु और उसके बच्चों को जान से मारने की धमकी भी दे रहे हैं। मिथलेश ने पुलिस से बेटे व पौत्र के विरुद्ध कार्यवाही किये जाने की मांग की है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की गई जान

संवाददाता आसीवन उन्नाव

- शादी समारोह में शामिल होकर घर लौटते वक्त हुआ हादसा
- पुलिस द्वारा सीएचसी ले जाने पर डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित किया

**अमृत विचार।** आसीवन थानांतर्गत मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होकर लौटते समय अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे सीएचसी पहुंचाया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

हरदोई जिला के मल्लावां थानांर्गत भूल भवानीपुर गांव निवासी सच्चे राम (36) पुत्र गौरी शंकर शनिवार को एक रिश्तेदार में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने आया था। जहां से वह देररात घर लौट रहा था। तभी लखनऊ-बांगरमऊ मार्ग स्थित नंगा खेड़ा चौराहा के पास अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। इसमें वह सिर के बल गिर गया और वाहन उसे रौंदते हुए निकल गया। सूचना पर पुलिस पहुंची और उसके जीवित होने की उम्मीद पर उसे मियागंज सीएचसी लाई। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसके पास मिले पहचान पत्र से पुलिस ने परिजनों को घटना की जानकारी दी। सीएचसी पहुंचे परिजन शव देख बेहाल हो गए। रविवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। एसओ ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि सड़क हादसे में युवक की मौत हुई है। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।




### बाइक से गिरकर महिला हुई घायल, भर्ती

**औरास।** थानाक्षेत्र के संडीला-उन्नाव मार्ग स्थित एक धर्मकांटा के पास संडीला से आ रहे अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में पति के साथ पीछे बैठी पत्नी रेशमा उछलकर नीचे गिरी और उसके सिर में गंभीर चोट आ गई। एंबुलेंस से उसे सीएचसी लाया गया। जहां से उसे ट्रामा सेंटर लखनऊ भेजा गया है।

# पार्टी लाइन से हटकर अयोध्या में किए राम के दर्शन

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में दोनों सदनों के माननीय व अन्य दलों के नेता पहुंचे अयोध्या

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में रविवार को दोनों सदनों के माननीयों ने रामलला के दर्शन किए। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना व विधान परिषद सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह की अगुवाई में शामिल अन्य दलों के लोगों ने भी पार्टी लाइन से हटकर दर्शन किए।

सभी माननीय आगंतुकों को तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से रामनामी व प्रसाद प्रदान किया गया। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक कैबिनेट मंत्रियों में सुरेश कुमार खन्ना, सूर्य प्रताप शाही, स्वतंत्र देव सिंह, बेबी रानी मौर्य, लक्ष्मी नारायण चौधरी, जयवीर सिंह, धर्मपाल सिंह, नन्द गोपाल गुप्त नन्दी, अनिल राजभर, जतिन प्रसाद राकेश सचान, अरविन्द कुमार शर्मा, योगेन्द्र उपाध्याय, आशीष पटेल, संजय निषाद ने रामलला का दर्शन किया।

राज्य मंत्रियों में नितिन अग्रवाल, कपिल देव अग्रवाल, रवीन्द्र जायसवाल, सन्दीप सिंह, गुलाब देवी, गिरीश चन्द्र यादव, धर्मवीर प्रजापति, असीम अरूण, जयेन्द्र प्रताप सिंह राठौर, दयाशंकर सिंह, नरेन्द्र कश्यप, दिनेश प्रताप सिंह, अरूण कुमार सक्सेना, दयाशंकर मिश्र दयालु, मयंकेश्वर शरण सिंह, दिनेश खटीक, संजीव गोंड, बलदेव सिंह आलेख, अजीत पाल, जसवन्त सिंह सैनी, रामकेश निषाद, मनोहर लाल मन्नू कोरी, संजय सिंह गंगवार, बृजेश सिंह, केपी मलिक, सुरेश राही, सोमेन्द्र तोमर, अनूप प्रधान वाल्मीकि, प्रतिभा शुक्ला, राकेश राठौर गुरू, रजनी तिवारी, सतीश चन्द्र शर्मा व दानिश आजाद अंसारी ने रामलला के दर्शन कर प्रसाद किए।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना व कैबिनेट के अन्य सदस्य। अमृत विचार



बुलडोजर पर खड़े होकर काफिले का फूलों की वर्षा से स्वागत करते लोग।

### मुख्यमंत्री ने किया हनुमान चालीसा का पाठ

**अयोध्या :** 22 जनवरी को हुए प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के बाद अयोध्या के इतिहास में एक नया अध्याय और जुड़ गया। पहली बार प्रदेश सरकार के मंत्रियों और विधायकों ने सामूहिक रूप से रामलला के दर्शन कर 22 जनवरी की तरह ही 11 फरवरी का दिन भी इतिहास के पन्नों दर्ज करा दिया। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना व विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह के नेतृत्व में मंत्रियों और विधायकों के दल का जन्मभूमि परिसर में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने स्वागत किया। उसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ सभी ने रामलला का दर्शन-पूजन कर आरती उतारी। इतना ही नहीं सभी ने मंदिर में रामलला के समक्ष हनुमान चालीसा का भी पाठ किया। करीब दो घंटे तक दर्शन-पूजन के दौरान मंत्री और विधायक बेहद अभिभूत और उल्लासित दिखे। निर्धारित कार्यक्रम के दौरान लखनऊ से 10 लग्जरी बसों से रविवार दोपहर करीब 12 :30 बजे मंत्रियों व विधायकों के काफिले ने 11 नंबर गेट से जन्मभूमि परिसर में प्रवेश किया। उसके बाद 12 :50 मिनट पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का काफिला परिसर में पहुंचा। मुख्यमंत्री के पहुंचने के बाद मंत्रियों व विधायकों ने एक साथ रामलला के दर्शन के लिए मंदिर में प्रवेश किया।

### आम श्रद्धालुओं ने भी सुगमता से किए दर्शन

राम मंदिर में दर्शन-पूजन के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए सभी मंत्रियों व विधायकों को वीवीआईपी गेट से परिसर के अंदर प्रवेश कराया गया। इसके अलावा आम श्रद्धालु भी रामलला का दर्शन सुगमता से कर सकें, इसके लिए जिला व पुलिस प्रशासन की ओर से बेहतर इंतजाम किए गए थे। मंदिर में आम श्रद्धालु भी दर्शन-पूजन करते रहे। मंदिर में व्यवस्था को लेकर अपर पुलिस महानिदेशक पीयूष मोर्डिया, मण्डलायुक्त गौरव दयाल, आईजी प्रवीण कुमार, सूचना निदेशक शिशिर सिंह, जिलाधिकारी नितीश कुमार, एसएसपी राजकरन नैय्यर, नगर आयुक्त विशाल सिंह समेत कई अधिकारी डटे रहे।

## सपा को छोड़ सभी दलों के विधायक दर्शन को पहुंचे अयोध्या

**अयोध्या :** सीएम योगी और विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना के आग्रह पर रविवार को समाजवादी पार्टी को छोडकर सभी दलों के विधायक और योगी सरकार के विधायक, मंत्री प्रभु श्रीराम लला के दर्शन करने अयोध्या पहुंचे। इस अवसर पर परिवहन निगम की लग्जरी बसों में सवार सभी विधायकों ने इस पुण्य कार्य के लिए सीएम योगी का आभार जताया। सत्ता पक्ष के साथ-साथ विपक्षी दलों के विधायक भी पूरी तरह राम धुन में मगन दिखाई दिए। उल्लेखनीय है कि अयोध्या दर्शन करने पहुंचे विधायकों में बीजेपी के सहयोगी दलों के साथ साथ आरएलडी, बसपा और कांग्रेस के भी विधायक शामिल हुए। जिन बसों से विधायकों को अयोध्या ले जाया गया, उन बसों के अंदर रामधुन भी बजाई गई। तमाम तरह के फूल लगाए गए थे। इसके अलावा मंत्रियों और विधायकों को मेमोरी के लिए एक बैग दिया जा गया। जिसमें एक डायरी, एक कैलेंडर और पेन आदि रखा था।

## अरविंद केजरीवाल के साथ भगवंत मान आज करेंगे रामलला के दर्शन

**लखनऊ।** दिल्ली के मुख्यमंत्री व आम आदमी पार्टी (आप) के अध्यक्ष अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान सिंह सोमवार को सपरिवार अधोध्या में भगवान रामलला के दर्शन करेंगे। आप पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता महेन्द्र सिंह ने रविवार को बताया कि पार्टी अध्यक्ष ने पूर्व में ही कहा था कि वह सपरिवार दर्शन करेंगे, जिसके बाद वो कल सीधे आयोध्या पहुंच रहें हैं। उनके साथ पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान सिंह भी होंगे। दोनो ही मुख्यमंत्री अपने अपने परिवार के साथ सोमवार सुबह 11 बजे अयोध्या एयरपोर्ट पहुंचेंगे, दर्शन करने के बाद वापस दिल्ली लौट जाएंगे।

# सुधांशु को दूसरा मौका आठ का टिकट काटा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अप्रैल में खत्म हो रहा है उप्र. कोटे के दस राज्यसभा सदस्यों का कार्यकाल

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश की जिन 10 सीटों पर राज्यसभा चुनाव होना है, उनमें से अभी भाजपा के कोटे की 9 सीटें हैं। जबकि, एक सीट सपा की है। सपा की राज्यसभा सांसद जया बच्चन का कार्यकाल अप्रैल में खत्म होगा। वहीं, भाजपा से अशोक वाजपेयी, अनिल जैन, अनिल अग्रवाल, कांता कर्दम, सकलदीप राजभर, जीवीएल नरसिम्हा राव, सुधांशु त्रिवेदी, हरनाथ सिंह यादव और विजय पाल तोमर का भी कार्यकाल पूरा होगा।

भाजपा ने इस बार उप्र. से आरपीएन सिंह, डॉ. सुधांशु त्रिवेदी, चौधरी तेजवीर सिंह, साधना सिंह, अमरपाल मौर्य, डॉ. संगीता बलवंत और नवीन जैन हैं को प्रत्याशी बनाया है। इनमें से सुधांशु त्रिवेदी लगातार दूसरी बार राज्यसभा सदस्य बनेंगे। पार्टी ने लोस. चुनाव के मद्देनजर जातीय समीकरण साधने को उप्र. के मौजूदा नौ राज्यसभा सदस्यों में से आठ का टिकट काट दिया है। मौजूदा सदस्यों से केवल सुधांशु त्रिवेदी को दोबारा मौका दिया गया है।

**डॉ. सुधांशु त्रिवेदी :** लखनऊ में ही जन्मे डॉ. सुधांशु त्रिवेदी साल 2014 के आम चुनाव में खास भूमिका बताई जाती है। साल 2019 के लोकसभा चुनाव में उन्हें राजस्थान की जिम्मेदारी भी दी गई थी। वर्तमान में भी वह भाजपा के प्रवक्ता हैं। उन्हें पार्टी दूसरी बार राज्यसभा भेज रही है। इससे पहले केंद्रीय मंत्री रहे अरुण जेटली के निधन के बाद खाली हुई सीट से उन्हें राज्यसभा सदस्य भेजा गया था।

**आरनपीएन सिंह :** पडरौना में जन्मे आरपीएन सिंह केन्द्र की मनमोहन सरकार में केन्द्रीय राज्य मंत्री रह चुके हैं। वह जनवरी, 2022 में भाजपा में शामिल होने हुए थे। आरपीएन सिंह कुशीनगर पडरौना से तीन बार विधायक रहे हैं। वह 2009 में कुशीनगर से लोकसभा सांसद बने। हालांकि, 2014 और 2019 के चुनाव में हार गए थे।

### सभी सात सीटों पर भाजपा की जीत पक्की

विधायकों की संख्या के मद्देनजर राज्यसभा के लिए उप्र. की जिन 10 सीटों पर विधायकों के वोट से उम्मीदवारों की जीत पक्की होगी उनमें 7 उम्मीदवार भाजपा के होने की पूरी संभावना है। वहीं, एक सीट के भाजपा को संघर्ष करनी पड़ सकती है। जहां सपा की भी दो सीट जीत आसान होनी संभव है। इस बीच रालोद के विधायक खेल बिगाड़ सकते हैं। क्योंकि पहले रालोद-सपा का गठबंधन था, लेकिन अब दूरियां सार्वजनिक हैं।

**डॉ. संगीता बलवंत :** गाजीपुर की रहने वाली डॉ. संगीता को 2022 चुनाव से पहले योगी सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार में जगह मिली थी। उन्हें सहकारिता राज्य मंत्री बनाया गया था। डॉ. संगीता साहित्य में भी रुचि रखती हैं। साल 2017 के विधानसभा चुनाव में डॉ. संगीता भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ी और निर्वाचित घोषित हुई थी। डॉ. संगीता ओबीसी जाति से आती हैं।

**अमरपाल मौर्य :** मूलरूप से रायबरेली ऊंचाहार के रहने वाले अमरपाल मौर्य उप्र. भाजपा संगठन में महामंत्री हैं। अमरपाल मौर्य आरएसएस के प्रचारक रहे हैं। इसके अलावा वह दूसरी बार उप्र. भाजपा की कमेटी में महामंत्री बनाए गए हैं। अमरपाल मौर्य ने ऊंचाहार विधानसभा से 2022 के चुनाव में लड़ा था, मगर हार गए थे।

**तेजवीर सिंह :** मथुरा से लगातार तीन बार चौ. तेजवीर सिंह सांसद रहे हैं। साल 1996 से 97 तक पहला कार्यकाल, 1998 से 99 दूसरा कार्यकाल और 199 से 2004 तक उनका तीसरा कार्यकाल रहा। इसके बाद पार्टी ने उन्हें यूपी कोऑपरेटिव का अध्यक्ष भी बनाया। भाजपा से अपनी राजनीति की शुरुआत करने वाले तेजवीर सिंह सहकारिता की राजनीति में भी खासी पकड़ रखते हैं।

# अनुपम व भाइयों की दुकानें और मकान हुए कुर्क

**फर्रुखाबाद।** माफिया अनुपम दुबे व उनके भाई अनुराग दुबे के दाल मंडी स्थिति मकान को कुर्क कर मोहल्ले की ही एक महिला के सुपुर्द कर दिया गया। इस महिला से बीस साल पहले अनुपम दुबे व उनके भाइयो ने जबरिया बैनामा करा लिया था। अनुपम की 6 दुकानों को रविवार को तहसील श्रद्धा पांडे ने भारी पुलिस बल के साथ पहुंच कर कुर्क कर लिया। जिनकी कीमत 1 करोड़ 67 लाख रुपये आंकी गई है। अब तक अनुपम दुबे की एक अरब 58 करोड़ की संम्पति कुर्क की जा चुकी है।

- एक अरब 58 करोड़ की हो चुकी अब तक कुर्की

तहसील श्रद्धा पांडे ने बताया कि फतेहगढ़ के मोहल्ला दाल मंडी में अनुपम दुबे उनके भाई अनुराग दुबे ने सोनकली पत्नी देश राज से आज से बीस साल पहले मकान का जबरिया बैनामा करा कर उसे मार पीट कर घर से निकाल कर कब्जा कर लिया था। इस मकान को जिलाधिकारी वीके सिंह के निर्देश पर 22 लाख रुपये में कुर्क करके पीड़ित महिला के सुपुर्द कर दिया गया है। यह महिला जब तक मुकदमे का फैसला नही आता तब तक किराया न्यायालय में जमा करेगी। इसके अलावा अनुपम की 6 दुकाने जिन्हें आरोपी ने गलत तरीके से धन अर्जित कर बनवाया था, उनकी कीमत 1.67 करोड़ रुपये आंकी गई।उन्हें भी कुर्क कर लिया गया है।इन दुकानों को लोग किराए पर लिए हुए हैं। उन्हें खाली करने के निर्देश दिए गए हैं। तहसील दार सदर श्रद्धा पांडे ने बताया कि अनुपम दुबे व उनके परिजनों की 113 करोड़ की सम्पत्ति पहले कुर्क की जा चुकी है।45 करोड़ 55 लाख की सपत्ति मोहम्मदाबाद थाना क्षेत्र में गांव सहसपुर में कुर्क की जा चुकी है। रविवार को 1करोड़ 67 लाख की दुकानें 22 लाख का मकान कुल मिला कर अब तक एक अरब 58 करोड़ की सम्पति कुर्क की जा चुकी है।

# हल्द्वानी बवाल पर हेट स्पीच, युवक गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- सोशल मीडिया पर कर रहा था भड़काऊ बयानबाजी

**अमृत विचार।** उत्तराखंड के हल्द्वानी में हुए सांप्रदायिक बवाल को लेकर शहर भड़काऊ बयानबाजी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करना एक युवक को भारी पड़ गया। उसके पोस्ट को समुदाय विशेष के लोगों ने शेयर और लाइक करना शुरू किया तो इसकी भनक पुलिस को लगी। पुलिस टीम सक्रिय हुई और से गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि आरोपी युवक समुदाय विशेष को भड़काने का प्रयास कर रहा था। पुलिस की सोशल मीडिया सेल की निगरानी टीम के हाथ उसके वीडियो हाथ लगे थे।



मोहम्मद सैफ।

हल्द्वानी शहर में सांप्रदायिक बवाल के बाद पुलिस ने सोशल मीडिया पर निगरानी तेज कर दी है। जिले में सोशल मीडिया सेल ने देखा कि शहर के मोहल्ला सेखाना निवासी मोहम्मद सैफी नाम का युवक वीडियो बनाकर लगातार पोस्ट कर रहा है। बहुसंख्यक समुदाय के विरुद्ध अभद्र टिप्पणी थीं। केंद्रा और राज्य सरकार के खिलाफ भी उसने भड़काऊ बयानबाजी वाले वीडियो पोस्ट किए। वह अपनी पोस्ट में सरकार को देख लेने की धमकी भी दे रहा है। उसके वीडियो को समुदाय विशेष के लोगों ने लाइक और शेयर भी किया। सेखाना चौकी प्रभारी दया शंकर पांडेय को सोशल मीडिया सेल ने जानकारी दी और उसके आईपी एड्रेस को खंगालने के साथ ही उसका मोबाइल नंबर पता किया। इसके बाद उसका नाम, घर का पता आदि सामने आ गया। पुलिस टीम ने छापेमारी कर आरोपित मोहम्मद सैफ को गिरफ्तार कर लिया और कोतवाली ले आई। पुलिस के मुताबिक आरोपी सोशल मीडिया पर हल्द्वानी बवाल को लेकर सक्रिय है और लगातार सांप्रदायिक बयानबाजी वाले वीडियो पोस्ट कर रहा था। उसकी मंशा यहां भी माहौल खराब करने की थी। चौकी प्रभारी ने उसके खिलाफ संगीन धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है। सीओ सिटी कमलेश कुमार ने बताया कि सैफ से पूछताछ की जा रही है और सर्विलांस टीम उसके सोशल मीडिया अकाउंटों की जांच कर रही है। मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। इसके अलावा अन्य लोगों पर भी नजर रखी जा रही है। उसे सोमवार को कोर्ट में पेश कर जेल भेजा जाएगा।

## सपा सरकार ने बढ़ाया था रोजगार : अखिलेश

**लखनऊ।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि सपा विकास की राजनीति करती है। समाजवादी सरकारों ने प्रदेश में स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, नौकरी रोजगार को बढ़ाने का काम किया।

उन्होंने, रविवार को जारी बयान में कहा कि जब से भाजपा सरकार सत्ता में आयी है तब से प्रदेश का विकास खो गया। भाजपा ने विकास कार्यों को बर्बाद कर दिया। भाजपा का एक ही काम है। समाजवादी सरकार के कामों को अपना बताना और समाजवादी निर्माणकार्यों को अपने नेताओं का नाम देना।

कहा, भाजपा को वस्तुतः विकास नहीं चाहिए वह हवा महल बनाकर उसमें रहना ही पसंद करती है। सपा प्रमुख ने कहा कि आज उप्र. की चर्चा विकास के बजाय बढ़ते अपराधों, उत्पीड़न, चरम पर पहुंची महंगाई, बेरोजगारी और अन्य वजहों से हो रही है।

# प्रियंका के लिए राजनीति की राह आसान करेंगे राहुल

राजनीति

दिलीप सिंह, रायबरेली

- लोस चुनाव में मैदान में प्रियंका वाड्रा के उतरने की सुगबुगाहट एक बार फिर से तेज
- भारत जोड़ो न्याय यात्रा के जरिए पार्टी में मजबूती के संदेश देने की तैयारी में कांग्रेसी

**अमृत विचार :** अमेठी में राहुल गांधी के पिछले चुनाव में हार के बाद वापसी को लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं। वहीं रायबरेली से वर्तमान सांसद सोनिया गांधी के बजाये प्रियंका वाड्रा के चुनाव में मैदान में उतरने की सुगबुगाहट एक बार फिर से तेज हो गई है। यही वजह है कि राहुल गांधी के भारत जोड़ो न्याय यात्रा के प्रदेश में प्रवेश करने पर अमेठी और रायबरेली में सबसे अधिक मजबूती के साथ कांग्रेसी पूरे देश में संदेश देने की तैयारी में है। इसकी मुख्य वजह प्रियंका वाड्रा के चुनाव की तैयारी के लिए पृष्ठभूमि तैयार करना है। राहुल गांधी द्वारा रायबरेली में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के सहारे बहन प्रियंका के लिए राजनीति राह को आसान करने के लिहाज से भी देखा जा रहा है। यही वजह है कि यात्रा की सफलता और जन-जन तक संदेश पहुंचाने के उद्देश्य से ही कांग्रेस दिग्गजों ने दोनों जिलों में डेरा डाल दिया है।



सांसद प्रतिनिधि केएल शर्मा समेत पूर्व मंत्री नकुल दुबे, लोकसभा प्रभारी इंदल रावत समेत तमाम दिग्गज दिन-रात एक किए हुए हैं। उद्देश्य सिर्फ जिले में कांग्रेस को मजबूत बनाना और प्रियंका के आगामी चुनाव में दमदारी के साथ लोगों के बीच लाना है।

**सांसद के नहीं आने के जवाब का तलाश रहे विकल्प :** भाजपा की ओर से सांसद सोनिया गांधी के चुनाव जीत हासिल करने के बाद से नहीं आने को लेकर लगातार आरोप लगाए जा रहे हैं। ऐसे में कांग्रेसी खेमे में कहीं ना कहीं इसको लेकर बेचैनी भी है। यही वजह है कि इस मुद्दे को लेकर कांग्रेसी विकल्प तलाशने में भी लगे हुए हैं। जनता के बीच जाकर महंगाई, बेरोजगार, कानून व्यवस्था समेत तमाम मुद्दों को प्रमुखता से उठा रहे हैं। ऐसे में कहीं ना कहीं कांग्रेस इस मुद्दे पर बचती नजर आ रही है।

### अखिलेश के साथ से मजबूत होगा हाथ

राहुल गांधी के भारत जोड़ो न्याय यात्रा को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का भी साथ मिल रहा है। हाल ही में उन्होंने स्पष्ट तौर पर यात्रा के साथ अमेठी अथवा रायबरेली में शामिल होने की सहमति दे दी है। संभावना सबसे अधिक रायबरेली में आने की जताई जा रही है। इसके लिए सपाई भी काफी उत्साहित हैं। सपा सुप्रीमो का साथ मिलने से कहीं ना कहीं कांग्रेस जिले में और मजबूत होगी। कांग्रेस के साथ सपा भी जगह-जगह बैठकें करके तैयारी में लग गई है।

### सांसद प्रतिनिधि ने बूथ स्तर पर मजबूती का दिया संदेश

राही ब्लाक के भदोखर स्थित प्रियदर्शिनी पब्लिक स्कूल में कांग्रेस संगठन द्वारा ब्लॉक स्तरीय कार्यकर्ता संवाद एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमे संगठनात्मक स्तर पर बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं से लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चा की गई। मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि किशोरी लाल शर्मा ने लोकसभा चुनाव पर चर्चा करते हुए ब्लॉक के सभी बूथ अध्यक्ष व न्याय पंचायत अध्यक्ष से संवाद कर ब्लॉक से लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के प्रत्याशी को जिताने को लेकर रणनीति बनाई।

सियासत

आचार्य प्रमोद कृष्णम बोले, प्रियंका राष्ट्रीय महासचिव विद आउट पोर्टफोलियो हैं

# कांग्रेस अध्यक्ष रबर स्टैंप, प्रियंका का भी हो रहा पार्टी में अपमान

कार्यालय संवाददाता, संभल

- संकल्प लिया कि आज के बाद वह आजीवन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ खड़े रहेंगे
- क्या राम मंदिर शिलान्यास का न्योता स्वीकारना व प्रधानमंत्री मोदी से मिलना उनका अपराध था



**अमृत विचार।** कांग्रेस नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कांग्रेस से निष्कासन के बाद कहा कि निष्कासन करने वाले कांग्रेस नेता यह बताएं कि उनकी कौन सी गतिविधि पार्टी विरोधी थी। क्या राम मंदिर शिलान्यास का न्योता स्वीकार करना व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलना उनका अपराध था। इसके साथ ही आचार्य प्रमोद कृष्णम ने बिना नाम लिए राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला। संकल्प लिया कि आज के बाद वह आजीवन भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ खड़े रहेंगे।

ऐंचोड़ा कम्बोह कल्कि धाम पर पत्रकार वार्ता के दौरान आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि आज कांग्रेस पार्टी में मायूसी है और हर कोई नेता यह पूछ रहा है कि आचार्य प्रमोद कृष्णम का कसूर क्या था।

मैं कांग्रेस पार्टी के नेताओं से कहना चाहता हूं कि जो अपनी मां और बहन का सम्मान नहीं कर सकता वह कांग्रेस पार्टी के नेताओं का सम्मान क्या करेगा। जो शख्स अपनी विरासत को नहीं संभाल सकता वह भारत को क्या संभालेगा। सोचें और चिंतन करें कि राजनीति छोटी है और राष्ट्र बड़ा है क्योंकि एक दिन हम सभी लोग मिट जाएंगे लेकिन यह राष्ट्र नहीं मिटना चाहिए। राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाते हुए कहा कि जो शख्स अपनी मां, पिता, बहन और दादी के सुख-दुख में खड़े रहने वाले नेता गुलाम नबी आजाद, कमलनाथ व भूपेंद्र हुड्डा से लेकर दिग्विजय सिंह और आनंद शर्मा तक की इज्जत करना नहीं जानता है उसके लिए मुझे अपमानित करना कौन सी बड़ी बात है।

आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि कांग्रेस में प्रियंका गांधी की भी बहुत तौहीन हो रही है। एआईसीसी द्वारा जारी लिस्ट में प्रियंका गांधी के आगे लिखा गया है जनरल सेक्रेटरी विद आउट पोर्ट फोलियो। ऐसा किसी दूसरे कांग्रेस नेता के लिए नहीं लिखा गया है। पत्रकारों से कहा कि प्रियंका गांधी से पूछो क्या क्या वह खुश है, और राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में क्यों नहीं जा रही हैं।

### अपमान हुआ मगर राजीव से किया वादा निभाया

**संभल।** आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि राजीव गांधी से वादा किया था कि मैं आखरी सांस तक भी कांग्रेस पार्टी को नहीं छोड़ूंगा। हमने अभी तक इस वादे को निभाया है। कांग्रेस पार्टी के अंदर अपमानित करने का काम किया जाने लगा और मैं इन बातों को सहता रहा। हमेशा राजीव गांधी को दिया गया वचन मेरे आड़े आता था। इसलिए मैंने कभी कांग्रेस पार्टी को छोड़ने का फैसला नहीं किया।

### क्या अयोध्या जाना व मोदी से मिलना है मेरा अपराध

**संभल।** आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि क्या राम का नाम लेना, अयोध्या जाना, श्रीराम मंदिर उद्घाटन का निमंत्रण स्वीकार करना, कल्कि धाम का शिलान्यास करना, भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलना या फिर भारतीय संस्कृति, संस्कार और सनातन की बात करना पार्टी विरोधी है। आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि भगवान राम को 14 वर्ष का वनवास दिया गया था तो एक राम भक्त को 6 वर्ष के लिए क्यों निष्कासित किया गया है।

### 19 के बाद राजनीति में आ सकता है तूफान

**संभल।** प्रमोद कृष्णम ने बड़ा दावा करते हुए कहा कि 19 फरवरी को कल्कि धाम के शिलान्यास के बाद वह प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे तो देश की राजनीति में बड़ा तूफान आएगा। कहा कि राम और राष्ट्र पर न मैंने कभी समझौता किया है और न ही कभी करूंगा। कांग्रेस पार्टी को कल्कि धाम शिलान्यास का निमंत्रण दिए जाने को लेकर कहा कि जिन लोगों ने भगवान राम के निमंत्रण को ठुकरा दिया वह लोग कल्कि धाम का निमंत्रण क्या स्वीकार करेंगे।

# डबल डेकर बस डिवाइडर से टकराई, 24 लोग घायल

संवाददाता सौरिख, कन्नौज

- आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर हुआ हादसा, दिल्ली से बिहार जा रही थी

**अमृत विचार।** दिल्ली से बिहार जा रही तेज रफ्तार डबल डेकर बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई, जिसमें 24 यात्री घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद दूसरी बस से बिहार भेजा गया। बताया जा रहा है कि चालक के नींद में होने के कारण यह हादसा हो गया। हादसे के बाद यूपीडा की टीम पहुंच गई और सभी घायलों को बस से सुरक्षित बाहर निकाला।




रविवार सुबह तीन बजे के करीब आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर किलोमीटर 148 के समीप एक प्राइवेट डबल डेकर बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। बस में अधिकतर यात्री नींद में थे और झटका लगते ही चीख-पुकार मच गई। हादसे में करीब 24 यात्री घायल हो गए। मामूली रूप से चुटहिल होने के कारण उनका यूपीडा टीम ने ही प्राथमिक उपचार किया। बताया जा रहा है कि बस में करीब 90 यात्री सवार थे, जो दिल्ली से बिहार के पटना जा रहे थे। यूपीडा के सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि चालक को झपकी आने के कारण यह हादसा हो गया था। बस को टोल प्लाजा पर खड़ा करा दिया गया है और उसी ट्रैवल्स की दूसरी बस को बुलाकर यात्रियों को गंतव्य की ओर रवाना किया गया। हादसे की जानकारी पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी।

मा भ्राता भ्रातरं द्विक्षन्, मा स्वसारमुत स्वसा।
सम्यञ्चः सव्रता भूत्वा वाचं वदत भद्रया ॥

भाई अपने भाई से कभी द्वेष नहीं करें, बहन अपनी बहन से द्वेष नहीं करें, समान गति से एक दूसरे का आदर-सम्मान करते हुए परस्पर मिल-जुलकर कर्मों को करने वाले होकर अथवा एकमत से प्रत्येक कार्य करने वाले होकर भद्रभाव से परिपूर्ण होकर संभाषण करें।

## संपादकीय

# चुनाव परिणाम के मायने

पाकिस्तान में अंततः रविवार को आम चुनाव के अंतिम परिणाम घोषित कर दिए गए। अंतिम परिणामों ने लोगों को चौंका दिया है। किसी भी राजनीतिक दल को बहुमत नहीं मिलने से सरकार बनाने की स्थिति साफ नहीं हो पाई है। फिलहाल जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी द्वारा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों ने 101 सीटों पर जीत दर्ज की है। वहीं, तीन बार के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) 75 सीट जीतकर तकनीकी रूप से संसद में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। बिलावल जरदारी भुट्टो की पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी को 54 सीटें मिलीं, जबकि मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट पाकिस्तान (एमक्यूएम-पी) को 17 सीट मिली हैं। पाकिस्तान की असल कमान हमेशा सेना के हाथ में रही है। पाकिस्तान बनने के बाद से ही वहां की सत्ता पर आधे से अधिक समय सेना का कब्जा रहा है। सत्ता में जो भी रहा वह सेना का मोहरा बनकर ही रहा। सेना समय-समय पर अपने फायदे के लिहाज से राजनीतिक मोहरे चुनती आई है। पिछले चुनाव में वह इमरान खान के पीछे खड़ी थी और तब इमरान पहली बार प्रधानमंत्री बनने में सफल भी हुए। फिर इमरान के साथ अनबन हुई तो विरोधी दलों को एक मंच पर लाकर सेना ने उनकी गठबंधन सरकार गठित करा दी। चुनाव नतीजे संकेत कर रहे हैं कि देश पर सेना की पकड़ कमजोर पड़ती जा रही है। इस बार भी चुनाव में सेना ने खेल खेला फिर भी अपने इरादों में सफल नहीं हो सकी। अमेरिका, ब्रिटेन और यूरोपीय संघ ने चुनाव में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए कहा कि सेना को नवाज शरीफ का समर्थन करते हुए देखा गया था। परंतु अब जनता सेना के राजनीतिक हस्तक्षेप और पारंपरिक राजनीतिक दलों के रवैये से निराश हो चुकी है। जनता में सेना का डर कम हो गया है। वह अपने पड़ोस में भारत को तरक्की करते हुए और विश्व की एक बड़ी शक्ति के रूप में स्थापित होते देख रही है। कई विश्लेषक भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा में यह कहते हैं कि वह अपने देश को सही दिशा में ले जा रहे हैं।

इस समय पाकिस्तान कई समस्याओं से जूझ रहा है। उसकी आर्थिक स्थिति बहुत खराब है। इसका असर अन्य मोर्चों पर भी पड़ रहा है। स्थिति ऐसी हो गई है कि तालिबान भी उसे आंखें दिखा रहा है। ईरान ने तो कुछ दिन पहले एक प्रकार का हवाई हमला कर दिया। ऐसे में सरकार किसी की भी बने परंतु उसके सामने चुनौतियां कम नहीं होंगी। भारत चाहेगा कि वहां स्थायी सरकार बने। पाकिस्तान को यदि मौजूदा चुनौतियों से निपटना है तो उन सुधारों का सूत्रपात करना होगा, जो उसे आवश्यक स्थायित्व एवं संतुलन प्रदान करने की ओर ले जाएं।

# पानी की समस्या से जूझता बुंदेलखंड



अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

वस्तुत बुंदेलखंड में पानी के संकट से निवारण हेतु एक जनांदोलन की आवश्यकता है। बिना खेती के पैटर्न बदले और भूजल और धरातलीय जल के दुरुपयोग को रोका नहीं जा सकता। खाद्य एवं कृषि संगठन के अनुसार भारत में करीब 90 प्रतिशत पानी का इस्तेमाल कृषि में होता है।

बुंदेलखंड की भूमि पहाड़ी, पठारी, ढालू, ऊंची-नीची, पथरीली, कंकरीली एवं शुष्क वनों से भरपूर है। इस भूमि पर वर्षा का पानी ठहरता ही नहीं है। सालों भर पानी भरे रहने वाले नदियों के अभाव में यहां का जनजीवन आठवीं सदी से पहले घुमंतू पशुपालकों का ही था।

बुंदेलखंड में एक कहावत है कि 'एक टक सूप -सवा टक मटकी, आग लगे रुखमा ददरी, भौरा तेरा पानी ग़ज़ब करी जाए, गगरी न फूटै, चाहै खसम मर जाय"। अर्थात इस क्षेत्र में पानी इतना दुर्लभ या महत्वपूर्ण है कि महिलाएं बड़ी मुश्किल से मीलों पैदल चलकर पानी भरी गगरी सिर पर रखकर लाती है। ऐसे में महिलाएं आपस में कहती हैं कि कुछ भी हो जाए लेकिन पानी भरी गगरी ना फूटे, भले ही उसका पति मर जाए परंतु पानी बचा रहे। जाहिर है इस क्षेत्र में महिलाएं पानी को अपने खसम यानि पति से भी ज्यादा मूल्यवान समझती हैं, जो उनके परिवार का आधार है। यह बुंदेलखंड में जल संकट के संबंध में बड़ी गंभीरता से सोचने को विवश करता है। यहां गर्मियों में कुएं, तालाब, हैण्डपंप इत्यादि सभी पेयजल स्रोतों का जलस्तर नीचे चला जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक व्यक्ति को एक दिन में 55 लीटर पानी उपलब्ध होना चाहिए, लेकिन एक आंकड़े के अनुसार यहां प्रति व्यक्ति प्रति दिन केवल 29 लीटर पानी ही उपलब्ध हो पाता है, जो अनुशंसित न्यूनतम मात्रा का लगभग आधा है। पिछड़ा क्षेत्र होने के कारण यहां के ज्यादातर पुरुष दैनिक मजदूरी या खेतिहर मजदूरी के लिए बाहर चले जाते हैं या काम की तलाश में दिल्ली या मुंबई जैसे शहरों की ओर चले जाते हैं। शेष परिवार महिलाओं के भरोसे रह जाता है जिन्हें इस पानी की भीषण समस्या का सामना करना पड़ता है। खाना पकाना, पानी पीना, सफाई करना और कपड़े धोना और यहां तक भैंसों या जानवरों को नहलाने के लिए भी पानी उन्हें ही लाना पड़ता है। अनुमान है कि चित्रकूट जनपद के मानिकपुर क्षेत्र में, जिसे पाठा क्षेत्र भी कहते हैं, लगभग सत्तर प्रतिशत महिलाएं पानी की किल्लत से प्रभावित हैं। पाठा क्षेत्र में लगभग साठ ग्राम पंचायतें शामिल हैं, जिन गांवों में कोई अपनी बेटियों की शादी नहीं करना चाहता है। कोई भला कैसे चाहेगा कि उनकी बेटियां ऐसे दुष्कर जगहों में जाए।

बुंदेलखंड की भूमि पहाड़ी, पठारी, ढालू, ऊंची-नीची, पथरीली, कंकरीली एवं शुष्क वनों से भरपूर है। इस भूमि पर वर्षा का पानी ठहरता ही नहीं है। सालों भर पानी भरे रहने वाले नदियों के अभाव में यहां का जनजीवन आठवीं सदी से पहले घुमंतू पशुपालकों का ही था। केवल बरसात के महीनों में ही यहां की भूमि संतृप्त हो पाती थी। चन्देल राजाओं ने राज्य की पहाड़ी, पठारी, जंगली, पथरीली, ढालू, रांकड़ भूमि के विकास की योजना सुनिश्चित कर बरसाती धरातलीय जल नीची ढालू भूमि पर, पहाड़ों, टौरियों की पटारों में, खंदकों, खंदियों, दर्रों में, पत्थर मिट्टी के लंबे, चौड़े, ऊंचे सुदृढ़ बांध बनवाकर तालाबों में वर्षा जल को संचित करना शुरू किया। चंदेलों के बाद बुंदेलों ,गौंड़ों ,मराठों और अंग्रेजों ने इस जल अभाव ग्रस्त बुन्देलखंड क्षेत्र में कुल मिलाकर 4000 से अधिक तालाबों का निर्माण कराया था। धीरे-धीरे लोग यहां स्थायी बसने लगे थे। चंदेल राजाओं ने तो गुफा मंदिरों में भी जल कुंड कटवा दिए थे। ऐसे गुफा मंदिरों में पहाड़ों का जल धीरे-धीरे निरंतर झिरता हुआ गुफा कुंडों को भरता रहता रहा है, जिसका उपयोग लोग आदिकाल से करते रहे हैं। इस कारण से यहां मवेशियों, वन्य प्राणियों एवं मनुष्यों को गर्मी की ऋतु में भी जलाभाव नहीं होता था। परन्तु स्वतंत्रता पश्चात अनियंत्रित विकास,निरंतर जनसंख्या वृद्धि पश्चात पानी का खर्च तो बढ़ गया परंतु संरक्षण, संचयन और वर्षा घटती चली गई। भूवैज्ञानिक दृष्टि से देखें तो बुन्देलखंड में भूमि के अन्दर ग्रेनाइट पत्थर की चट्टानें चादर की तरह अथवा आड़ी-तिरछी खड़ी-बिछी पड़ी हुई हैं, जिनमें भूगर्भीय जलस्रोत होते ही नहीं हैं। जल भराव के दबाव में पानी बाहर निकल जाता है और तालाब पानी से खाली हो जाते हैं। असल में पथरीली, पहाड़ी, ढालू भूमि, जल प्रबंधन के लिए कुओं एवं तालाबों के निर्माण तक ही उपयुक्त है, न कि बोरवेल खनन के लिए। बोरवेल 100 से 500 फुट गहराई तक खोदे जा रहे हैं, जिससे धरती के ऊपरी तल का पानी गहरे बोरवेलों में जा पहुंचता है। पठारी नदियों में हर साल बारिश के मौसम में इलाके की छोटी बड़ी नदियां उफान पर आ जाती है। इसका जल संचयन बेहतर विकल्प हो सकता है। साथ ही जलवायु परिवर्तन के चलते बुंदेलखंड में वर्षा की मात्रा में कमी आ रही है। सन् 2013 से 2018 के बीच, इस क्षेत्र में वार्षिक वर्षा में 60 प्रतिशत की कमी आई है। अनियंत्रित एवं अवैध खनन के चलते वर्षा जल को भूमि के अंदर पहुंचाने वाले रास्ते बाधित हो जाते हैं। पथरीली भूमि के कारण बारिश का पानी बह जाता है और भूजल रिचार्ज नहीं हो पाता है। वर्ष 2008 की सामरा कमेटी की रिपोर्ट के अनुसार 'क्षेत्र में अर्ध-शुष्क जलवायु की स्थिति के कारण कम वर्षा सतही जल उपलब्धता को प्रभावित करती है और कठोर चट्टानी भू-भाग भूजल उपलब्धता को सीमित करता है। बुंदेलखंड क्षेत्र को 18वीं-19वीं शताब्दी मे प्रत्येक 16 वर्ष में बार-बार सूखे का सामना करना पड़ा था, जो 1968 से 1992 की अवधि के दौरान लगभग तीन गुना बढ़ गया है। हालांकि चित्रकूट जनपद के पाठा इलाके में वर्ष 1973 में पाठा पेयजल परियोजना शुरू की गई थी जिसके तहत यहां पानी की टंकियां बनवाई गईं और लोगों को पाइपलाइन से घर-घर पानी पहुंचाने का वादा किया गया था लेकिन जल संकट बरकरार रहा। योजना आयोग की रिपोर्ट के आधार पर वर्ष 2009-10 से भारत सरकार ने बुंदेलखंड पैकेज को लागू करना शुरू किया था। इस पैकेज का उद्देश्य सिंचाई, पेयजल, कृषि, पशुपालन, वन, आजीविका के साधन समेत विभिन्न क्षेत्रों में सुधार कर पूरे क्षेत्र का समग्र विकास करना था। जल-संबंधी योजनाओं के तहत बड़ी एवं छोटी सिंचाई परियोजनाओं का क्रियान्वयन, नए कुओं का निर्माण, पुराने कुओं, टैंक एवं तालाबों का गहरीकरण, कुओं से पानी निकालने के लिए एडीपीई पाइप का वितरण, ट्यूबवैल, चेकडैम का निर्माण तथा मृदा एवं जल संरक्षण संबंधी कार्य किए गए हैं। बुंदेलखंड पैकेज के तहत उत्तर प्रदेश को साल 2009 से 2019 के बीच तीन चरणों में 3107.87 करोड़ रुपये दिए गए। इसके लगभग 66 प्रतिशत का उपयोग पानी के संकट के समाधान के लिए किया गया। पहले चरण में उत्तर प्रदेश में करीब 92 करोड़ रुपये खर्च कर 2725 हैंडपंप लगाए गए और 12 पाइप योजनाओं के माध्यम से घरों में पानी पहुंचाने के प्रोजेक्ट को लागू किया गया था। भूजल का स्तर बेहतर करने के उद्देश्य से यहां स्पेशल बुंदेलखंड पैकेज और अन्य सरकारी योजनाओं के जरिए चेकडैम और खेतों में तालाब बनाए गए लेकिन तालाब निर्माण से पूर्व भूजल स्तर, मृदा परीक्षण आदि नहीं किए जाने और वर्षा कम होने के कारण तालाब सूखे रह गए। चेकडैम जल्द टूट जाने से नदियों में गाद भर गया और पानी रुक नहीं पाता है। जून 2020 में 'हर घर जल' योजना प्रारंभ कर बुंदेलखंड के हर घर तक पाइपलाइन से पानी पहुंचाने का कार्य शुरू किया गया। यह योजना केंद्र सरकार के जल जीवन मिशन का हिस्सा है। नमामि गंगे और ग्रामीण जलापूर्ति विभाग की "हर घर नल और हर नल में जल" योजनासे बुंदेलखंड क्षेत्र में एक नई कहानी लिखी जा रही है। बुंदेलखंड के अधिकतर जिलों में 90 प्रतिशत से अधिक ग्रामीण परिवारों तक स्वच्छ पेयजल की सप्लाई दी जानी है। भू-जल स्तर बढ़ाने के लिए वर्षा जल संचयन की वृहद कार्ययोजना को तैयार की गई है। प्रत्येक जिले में 75 अमृत सरोवर बनाए जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश सरकार ने बुंदेलखंड क्षेत्र के जल संकट को हल करने के लिए इज़राइल सरकार के साथ समझौता किया है।

वस्तुत बुंदेलखंड में पानी के संकट से निवारण हेतु एक जनांदोलन की आवश्यकता है। बिना खेती के पैटर्न बदले और भूजल और धरातलीय जल के दुरुपयोग को रोका नहीं जा सकता। खाद्य एवं कृषि संगठन के अनुसार भारत में करीब 90 प्रतिशत पानी का इस्तेमाल कृषि में होता है। बुंदेलखंड में कृषि सिंचाई का लगभग 65 प्रतिशत भूजल से किया जा रहा है। अल्प पानी वाले इन क्षेत्रों में दलहन- तिलहन, ज्वार बाजरा जैसे मोटे अनाजों की खेती को बढ़ावा दिया जाना आवश्यक है। हाल के वर्षों में यहां ज्यादा पानी की खपत वाले फसल धान और गेंहू की बुवाई बढ़ गई है। तालाबों में जल संचयन के साथ साथ भूजल रिचार्ज करना ही बेहतर उपाय है। खेती में जल संरक्षण के लिए ड्रिप इरिगेशन तथा स्प्रिंकलर सिंचाई बेहतर विकल्प है।

## व्यंग्य

# बाबू होता है चुंबक



मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

बाबू वो सम्मान जनक पद है जिस पर प्रायः लड़कियां ही विराजती हैं। बाबू होता है चुंबक। और लड़कों में लौह तत्व की प्रधानता पाई जाती है। ऐसे में किसी कन्या को बाबू मान लेने भर से लड़के ऐसी लागी लगन मीरा हो गई मगन जैसी मनोदशा को प्राप्त होते है। दिमाग़ वन वे ट्रैफ़िक हो जाता है। बाबू ने क्या खाया? क्या पहना? कहां है? किससे मिला? क्यों मिला? मुझसे कब मिलेगा? जैसे विचारों से ही संचालित होता है वो। वो बस बाबू के बारे मे सोचता है, और कुछ सोच ही नहीं सकता। सोचता है तो बाबू को पता चल जाता है। बाबू बुरा मान जाता है ऐसे में और फिर बाबू को राजी करना बहुत महंगा सौदा होता है।

भक्त को हमेशा घुटनों पर होना होता है अपने। बाबू क्या करता है ऐसे में? बाबू मजे लेता है उसके। वीआईपी जैसा बर्ताव करता है। चार लोगों के बीच पहचानता ही नहीं उसे। और पहचानता भी है तो औपचारिक हो जाता है। बाबू होना मंत्री पद की शपथ ले लेना है। वो बस वायदे करता है, लंबी-लंबी छोड़ता है और मुद्दे को टालता है। लड़के उससे निरीह जनता की तरह पेश आते है और उम्मीदों पर टिके रहते है।

बाबू भगवान होता है और ऐसे में सामने वाली पार्टी को भक्त होना पड़ता है। भक्त से बस श्रद्धा और सब्र की अपेक्षा की जाती है। भगवान के दरवाज़े पर जाते वक्त दिमाग़ दरवाज़े पर छोड़कर जाना पड़ता है भक्त को। भीड़ के बीच भक्त की आंखें मिल भी जाएं भगवान से, तब भी वो तटस्थ भाव से देखता है उसे। आप को बस अंदाज़ा लगाना पड़ता है कि वो आपसे राजी है और आप पर कृपा करने की सोच रहा है।

भगवान कब दर्शन देगें? इस जन्म में देगें कि नहीं ये भगवान की मर्ज़ी है? पर भक्त को पूरी निष्ठा से मंदिर की घंटी बजाना ही होता है। प्रसाद ले जाना भी ज़रूरी है वरना भगवान बुरा मान सकता है। बाबू के रिश्तेदार उसकी अम्मा, उसके बिगडेल भाई सब पुजारी की भूमिका में होते हैं। ये ध्यान रखते हैं कि भक्त उन्हें अनदेखा तक सीधे भगवान तक पहुंच ना बना ले। बाबू राज़ी ही तभी होता है जब आप उसके इन रिश्तेदारों को साध लें। उनसे व्यवहार बनाए बिना बाबू तक पहुंचना मुश्किल ही होता है ऐसे में भक्त का निरीह पर्स उधड़ जाता है। कुपोषण का शिकार होता है वो और बहुत बार मर ही जाता है। गरीब भक्तों से भगवान अनमने होते हैं और अमीर भक्तों को वीआईपी दर्शन दे बैठने में संकोच नहीं करते।

बाबू तमाम सवालों से परे होता है। तानाशाह टाईप की चीज। आप चाहें तो उससे सवाल पूछ लें पर जवाब देना या ना देना उसकी मर्ज़ी पर निर्भर है। पर यदि बाबू आपसे कुछ जानना चाहें तो उसे फ़ौरन जवाब चाहिए होता है। बाबू, बाबू होते ही अफ़सर हो जाता है। एक विशिष्ट बोध है बाबू होना। उसका रथ ज़मीन से एक हाथ ऊपर चलता है। बाबू होना अंग्रेज हो जाना है जिसे सामने वाला काला गुलाम लगता है। बाबू हमेशा शासक की भूमिका में होता है जो ना सुनना ही नहीं चाहता। वो बस मन की बात करता है। यदि आप अपने बाबू को खोना नहीं चाहते तो आपको हमेशा सुनना और हां कहना सीखना ही होता है।

बाबू की एक ख़ासियत यह भी कि वो अहसान नहीं मानता। आप जो भी करते हैं वो आपका कर्तव्य और उसका अधिकार होता है। वो आपके हर काम में नुक्ता चीनी कर सकता है। और आप चूं भी नहीं कर सकते। उसे खुश कर पाना आमतौर पर नामुमकिन होता है। मिसाल के लिए आप अपनी गरदन भी काट कर उसे पेश करें तो वो इस बात पर अनमना हो सकता है कि गरदन सलीके से नहीं काटी गई है और दो इंच नीचे से काटी जाती तो बेहतर होता।

लड़कों को आमतौर पर बाबू होने का मौक़ा मिलता नहीं। लड़कों का बाबू होना हैली पुच्छल तारे के निकलने जैसी अनहोनी है। पर बहुत से लड़के इस मामले में स्पेशल क़िस्मत लिखवा कर पैदा होते हैं। एक बार बाबू का पद हासिल करते ही वो भी वही सब करते हैं जो बाबू को शोभा देता है। हालांकि बाबू हुए लड़के ज्यादा उदार होते हैं। उन्हें राज़ी करना अपेक्षाकृत सरल होता है। कैसे राज़ी किया जा सकता है उन्हें इस बाबत यहां लिखना मुनासिब नहीं।

बाबू इंतज़ार नहीं करता। जो इंतज़ार करता है वो बाबू नहीं होता। बाबू भाव खाता है वो आपका वक्त और दिमाग़ी सुकून खा सकता है। बाबू बात नहीं मानता, वह बात मनवाता है अपनी। आप केवल इसी सूत्र से अपने संबंधों की जांच पड़ताल कर सकते हैं कि आप बाबू है या भक्तों की गिनती में हैं। पता कर लें तो मुझे भी बताइएगा।

# कोचिंग संस्थान लील रहे युवाओं का जीवन



असलम कोहरा
वरिष्ठ पत्रकार, रुद्रपुर

कोटा को पूरे देश में मेडिकल, इंजीनियरिंग, प्रशासनिक उच्च पदों में चयन एवं दूसरी उच्च स्तरीय परीक्षाओं की तैयारी के लिए कोचिंग का हब माना जाता है।

भारत युवाओं का देश है। संयुक्त राष्ट्र संघ ने अपनी रिपोर्ट में भारत को सबसे युवा देश माना है। देश की कुल आबादी में से तकरीबन 50 प्रतिशत आबादी 25 वर्ष आयु और 65 प्रतिशत आबादी 35 वर्ष आयु तक के नागरिकों की है। देश के इन भावी कर्णाधारों को कुशल नागरिक बनाने की गरज से शिक्षा, कौशल और तकनीकी प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है। बढ़ते वैश्वीकरण और निजीकरण के दौर में कॅरियर और 'सैलेरी पैकेज' जैसे शब्द भी युवाओं की महत्वाकांक्षाओं में जुड़ गए हैं।

एक शिक्षित युवा अपने कॅरियर के माध्यम से स्वयं एवं परिवार की महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति तथा परिवार, समाज और देश के विकास में अपने योगदान की उत्कृष्ट भूमिका देखना चाहता है। इस लक्ष्य के साथ ही उसके जीवन में परिश्रम और संघर्ष का दौर शुरू हो जाता है। लक्ष्य पाने के लिए युवाओं के अंदर समर्पण, परिश्रम और संघर्ष संतुलित रूप में तो वांछनीय हैं, लेकिन महत्वाकांक्षाओं का अतिरेक अगर जीवन को ही लीलने लगे तो वह अभिशाप बन जाता है।

पिछले कुछ वर्षों से युवाओं के बीच कॅरियर, पारिवारिक महत्वाकांक्षाओं, अकेलेपन एवं कोचिंग इंस्टीट्यूट्स की बेतहाशा फीस एवं घरेलू आर्थिक दबाव के कारण हो रही आत्महत्याओं की बढ़ती घटनाएं इसी कटु यथार्थ को उजागर करती हैं। वैसे तो युवा कॅरियर आकांक्षियों द्वारा आत्महत्या की बढ़ती घटनाएं देश के तकरीबन सभी स्थानों पर देखी जा रही हैं, लेकिन राजस्थान के कोटा के साथ ये ख़ास तौर अधिक जुड़ी हुई हैं। बीते वर्ष इस कोचिंग के गढ़ में विद्यार्थियों की आत्महत्या के 26 मामले प्रकाश में आए थे, जोकि एक साल में सबसे अधिक मामले हैं। कोटा को पूरे देश में मेडिकल, इंजीनियरिंग, प्रशासनिक उच्च पदों में चयन एवं दूसरी उच्च स्तरीय परीक्षाओं की तैयारी के लिए कोचिंग का हब माना जाता है। वहां कुकुरमुत्ते की तरह उग आए तकरीबन सभी कोचिंग इंस्टीट्यूट्स प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता दिलाने के लंबे-चौड़े दावे करते हैं। कहा जाए तो कोटा में कोचिंग व्यवसाय के कारखाने खुल गए हैं। देश के तकरीबन हर प्रांत, खास तौर पर उत्तरी भारत के हज़ारों युवा अपनी और परिवार की महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने की आस में इन इंस्टीट्यूट्स के जाल में फंस कर कोचिंग की पढ़ायी करने के लिए प्रवेश लेते हैं।

एडमिशन लेते समय तो उनके अंदर काफी उत्साह होता है, लेकिन जैसे-जैसे प्रतिस्पर्धात्मक पढ़ाई एवं मोटी फीस आदि खर्चों का बोझ बढ़ता है, उन्हें हताशा और कई तरह के दबाव घेरने लगते हैं। होता यह है कि अधिकांश कोचिंग इंस्टीट्यूट्स विद्यार्थियों से भारी-भरकम फीस वसूलते हैं, जिसकी पूर्ति के लिए कई विद्यार्थियों के निर्धन या मध्यम परिवारों को न केवल कर्ज़ लेना पड़ता है, बल्कि कई स्थितियों में जमीन जायदाद भी बेचनी पड़ती है। यह दोहरा बोझ विद्यार्थियों के मन को लगातार कांटे की तरह चुभता रहता है। वे कड़ी मेहनत करते हुए किसी भी हाल में स्वयं और परिवार के अरमानों को पूरा करने के संघर्ष में जूझते रहते हैं और बार-बार परीक्षाओं में बैठने के प्रयास करते हैं। यह बहुआयमी दबाव उन्हें तनाव से भर देता है, और सफलता नहीं मिल पाने पर इस तनाव की परिणति कई बार आत्महत्या के रूप में होती है।

माता-पिता इस तथ्य को समझ नहीं पाते कि हर विद्यार्थी बौद्धिक क्षमता एक जैसी नहीं होती। अगर वे स्वयं उच्च पदों पर नहीं रहे हों तो इस अधूरी महत्वाकांक्षा की पूर्ति की अपेक्षा बच्चों से करने लगते हैं। कई परिवार कोचिंग में अधिक व्यय और सफल नहीं हो पाने के लिए बच्चों को ताने देने से भी गुरेज नहीं करते। उन्हें समझना होगा कि घर से दूर रात दिन सफलता के लिए जूझ रहे बच्चों में से सभी को सफलता मिल ही जाए, यह ज़रूरी नहीं है।

इधर केंद्र सरकार ने इन घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए कोचिंग इंस्टीट्यूट्स के लिए जो नयी गाइडलाइन जारी की है, उसमें बेतहाशा फीस वसूलने पर पंजीकरण निरस्त किए जाने की चेतावनी दी है। विद्यार्थियों को भी समझना होगा कि जीवन अमूल्य है, महत्वकांक्षाएं और कॅरियर उसके बाद है। एक रास्ता बंद हो जाने का यह अर्थ नहीं कि आगे बढ़ने के लिए दूसरे दरवाज़े नहीं हैं। अपनी बौद्धिक एवं पारिवरिक क्षमता को परखते हुए महत्वाकांक्षाओं को समायोजित करना होगा। याद रहे, जिंदगी है तो संसार है, और संसार है तो कॅरियर के रास्तों की भी कमी नहीं।

## सोशल फोरम

# प्राण प्रतिष्ठा




तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

सनातन धर्म की मान्यता अनुसार 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई। आइए देंखे की सिख धर्म, जिसे अक्सर सनातन की ही शाखा कहा जाता है, इस संबंध में क्या कहता है। सिखों के पहले गुरु नानक जी द्वारा लिखित जपुजी साहिब के मूल मंतर में बहुत स्पष्ट रूप से ईश्वर के बारे में बताया गया है। गुरु नानक के बाद आये नौ अन्य गुरुओं ने भी ईश्वर की इसी कल्पना के आधार पर अपने विचारों को आगे रखा है। ईश्वर की ये कल्पना पूरे सिख धर्म की आधारशिला है। मेरा यहां किसी धर्म की किसी मान्यता से कोई विरोध नहीं। मेरा मकसद सिर्फ सिख धर्म के अनुसार ईश्वर की कल्पना को सामने रखना है। सिख धर्म के मूल मंत्र का हिंदी अनुवाद। मूलमंतर-'इक ओंकार, सतनाम, करता पुरुख, निरभौ, निरवैर, अकाल मूरत, अजुनी सैभंग, गुरु प्रशाद, जप आदि सच, जुगादि सच, नानक होसी भी सच।'

अनुवाद- 'ईश्वर एक है, वही सत्य है, वही इस सृष्टि का रचयिता यानी सब कुछ करने वाला है। ईश्वर भय से रहित है, किसी से बैर रखने वाला नहीं, ईश्वर राग द्वेष से दूर है। ईश्वर काल से परे है यानी ईश्वर अविनाशी है। उसका अस्तित्व सदैव बना रहता है। ईश्वर किसी योनि को धारण नहीं करता यानी ईश्वर जन्म मरण के चक्र से परे है। ईश्वर स्वयंभू है यानी वह स्वयं से ही प्रकाशवान है। ये बात आदि काल में भी सही थी, आज भी सही है और भविष्य में भी सही होंगी।' 'थापिया न जाई कीता न होई। आपे आप निरंजन सोई।।' ईश्वर की इसी कल्पना को आगे थोड़ा और स्पष्ट करते हुए गुरु जी कहते हैं कि ईश्वर को मूर्त रूप में स्थापित नहीं किया जा सकता है और न ही उसे बनाया जा सकता है। वह स्वयं से ही प्रकाशवान है। इस पाउडी के अंत में गुरु की महिमा बखान करते हुए कहते हैं कि गुरु के शब्द ही वेद हैं, गुरु ही शिव है, गुरु ही ब्रह्मा है और गुरु ही पारबती माई है। इस गुरु ने ही एक बात समझाई है कि इस संसार में समस्त प्राणी जगत का एक ही परमात्मा है। सबके भीतर एक, सबका मालिक एक, सबका साहिब एक। बस इसका विस्मरण न हो।

-फेसबुक वॉल से

# ना जाने कहां खो गया हमारा वो सुकून



शाश्वत तिवारी
वरिष्ठ पत्रकार

सिनेमा हॉल में देखिए, फिल्म का आखिरी सीन चल रहा है लगता है कि अब दो-चार मिनट में फिल्म खत्म हो जाएगी, लोग एग्जिट के पास जाकर खड़े हो जाते हैं, फिल्म ख़त्म होते ही ऐसे भागते हैं जैसे अब तक जेल में थे। ट्रेन अगर अपने गंतव्य पर पहुंचने वाली हो तो लोग पंद्रह मिनट पहले सामान लेकर खानदान सहित दरवाजे पर ऐसे लद जाते हैं कि ट्रेन क्या पता रुके न रुके, धीमी होते ही बीवी बच्चों समेत कूद जाना है।

अभी कुछ दिन पहले मैंने देखा, ओपन एयर थिएटर में क्लासिकल म्यूजिक का प्रोग्राम था। लोगों को पता चल गया था कि ये आखिरी परफोर्मेंस है तो दस मिनट पहले कुछ कद्रदान ये कहते हुए निकल गए कि बाद में पार्किंग में भीड़ हो गई तो गाडी फंस जायेगी, निकल लेते हैं। हमारे जीवन से धैर्य, तसल्ली, पेशेंस कहां चला गया? रील्स का जो ये ज्वालामुखी फटा है ये यही तो बता रहा है कि हम तीन मिनट का वीडियो भी शांति से नहीं देख सकते। हमें जानने की जल्दी तो है, सब कुछ जानना है लेकिन उसे समझने का धैर्य नहीं है।

आप माने ना माने आज हमने अपनी जिंदगी से ठहराव खो दिया है। अब हम रुक कर नहीं सोचते, थम कर उस गाने को पूरा नहीं सुनते जो हमारी आत्मा तक पहुंचने की कुव्वत रखता है। 'साहिब बीवी और गुलाम' जैसी क्लासिक फिल्म हमें स्लो लगती है। हम एक पांच सौ पेज की किताब नहीं पढ़ना चाहते इसलिए फेसबुक पर मैगी लेखकों का उदय हो रहा है जो आपको मोटी-मोटी किताबों में से कुछ उत्तेजक हिस्से निकाल कर पेश कर देते हैं और आपको लगता है हमने सब कुछ जान लिया। कहते हैं भगवान डिटेल्स में है लेकिन भगवान को भी कहां पता था कि डिटेल्स जानने की फुर्सत लोगों के पास रहेगी नहीं। किताबें तो बहुत दूर की बात रही लोगों के पास इतना धैर्य नहीं बचेगा कि सोशल मीडिया पर वो एक तीन पेज की फेसबुक पोस्ट पढ़ पाएं। वैसे तो ढाई पेज की चेखव की 'वांका' पढ़ना ही काफी है अगर हम वांका के दर्द को महसूस कर पाएं तो।

तसल्ली से एक बार थम कर, रुक कर, ठहर कर सोचिए कि ये जो जल्दी दिखा कर आप समय बचा रहे हैं इसका आप क्या उपयोग करने वाले हैं? ज़रा सोचिए कि ये जो जल्दी दिखा कर आप खो रहे हैं उसकी कीमत क्या है? सूचनाओं का ये अंबार जो हमारे दिमाग में सतत खलल मचाए हुए है वो हमें कहीं रुकने नहीं दे रहा है। एक तीन पेज की कविता पढ़कर उसको अपनी आत्मा तक पहुंचने देना और फिर उससे एक बेहतर संवेदनशील इंसान बनकर निकलने का वक्त नहीं है हमारे पास।

आपको और मुझे रुकने की ज़रूरत है। सब कुछ जानना हमारे लिए ज़रूरी नहीं है। हमारे पास वक्त की कोई कमी नहीं है। हमने जो ये शिगूफा छेड़ रखा है ना कि टाइम नहीं है। ये बकवास बात है। बहुत वक्त है हमारे पास, इसलिए रुकिए, ठहरिए और बैठ जाइए। सिनेमा हॉल से भागने की ज़रूरत नहीं है, ट्रेन से कूद कर कहीं नहीं जाना है, रिमोट को एक तरफ रखकर फिल्म को देखना है और किसी अच्छी किताब के दो पेज पढ़कर रूककर सोचना है कि क्या पढ़ा। क्षणों को अपने अन्दर आत्मसात नहीं किया तो रोबोट बन जाएंगे। बन क्या जाएंगे बन ही रहे हैं, आज आप का अपने ऊपर से कंट्रोल खत्म हो गया है। कोई और ही है जो आप को कंट्रोल कर रहा है है। आप पूरी तरह टीवी, मोबाइल, लैपटॉप के कहने पर ही काम कर रहे है। एक मिनट भी मोबाइल के बिना जीना मुश्किल है।

# पुलिस सुधार



सुलखान सिंह
सेवानिवृत्त डीजीपी, उप्र.

सर्वोच्च न्यायालय ने प्रकाश सिंह बनाम भारत सरकार एवं अन्य मामले में, 22 सितंबर 2006 को पुलिस सुधार के संबंध में ऐतिहासिक महत्व का फैसला दिया था। इस आदेश के कार्यकारी बिंदू निम्नलिखित हैः राज्य सुरक्षा आयोग का गठन।, पुलिस महानिदेशक का चयन एवं न्यूनतम दो वर्ष का कार्यकाल। आईजी जोन, डीआईजी. रेंज, जिला पुलिस अधीक्षक एवं थानाध्यक्ष को न्यूनतम दो वर्ष का कार्यकाल सुनिश्चित करना।, शांति व्यवस्था एवं अपराध विवेचना को अलग-अलग करना। पुलिस स्थापना बोर्डों का गठन।, पुलिस शिकायत प्राधिकरण का गठन तथा राष्ट्रीय सुरक्षा आयोग का गठन।

फैसले को आए हुए 17 साल से अधिक समय बीत चुका है। अभी तक सिर्फ पुलिस महानिदेशक के कार्यकाल एवं नियुक्ति प्रक्रिया के संबंध में कुछ राज्य कार्यवाही कर रहे हैं और वह भी आधी अधूरी। सुप्रीम कोर्ट में अवमानना का केस भी चल रहा है परंतु राज्य और केंद्र सरकार कोई परवाह नहीं कर रहे।

दरअसल सरकारों और नौकरशाही को नाजायज काम करवाने के लिए पुलिस पर पूरा शिकंजा चाहिए। पुलिस सुधर गई तो सरकार और नौकरशाही की गुंडागर्दी कैसे चलेगी? विरोधियों को ग़लत आरोप लगाकर जेल भेजना और सत्ताधारी पार्टी के नेताओं की दबंगई एवं गुंडागर्दी को संरक्षण कैसे होगा? नौकरशाही अपनी सनक में डाक्टर, इंजीनियर, शिक्षाधिकारियो, पत्रकारों और अन्य किसी को पुलिस से कैसे पकड़वाएंगे? याद रहे कि नौकरशाही थानाध्यक्षों को सीधे जुबानी हुक्म देती है और थानाध्यक्ष अपने स्तर से फर्जी मामला बनाता है। जनता अपने मंत्रियों, सांसदों और विधायकों से पुलिस सुधार के लिए नहीं कहती। नेता वोट के अलावा किसी और बात से चिंतित नहीं होते हैं।

## एक नजर

### बाल प्रतिभाओं को मिला सम्मान

**अमृत विचार, लखनऊ :** ग्राम विकास जन सेवा समिति ने बसंत पंचमी के उपलक्ष्य में रविवार को कला और संस्कृति के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाली बाल प्रतिभाओं को बाल प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया। पिज्जा डाइन, खुशी विहार, कनौसी में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पार्षद देवेंद्र सिंह यादव जीतू, विशिष्ट अतिथि सुरभि कल्चरल ग्रुप के संयोजक शैलेंद्र सक्सेना मौजूद रहे।

### निरीक्षण के दौरान पीएचसी से गायब मिले कर्मचारी

**अमृत विचार, बीकेटी :** बख्शी का तालाब स्थित कठवारा में बने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) का रविवार की सुबह करीब 10 :30 बजे डिप्टी सीएमओ डॉ. गोपीलाल ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कई कर्मचारी मौके पर उपस्थित न मिलने पर कार्रवाई करने का अल्टीमेटम दिया। डिप्टी सीएमओ ने कॉल कर उन्हें फटकार लगाई। दरअसल, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर सुबह 10 बजे से टीकाकरण किया जाना था। लेकिन 11 बजे तक न ही वैक्सीन पहुंची थी और न ही सभी कर्मचारी मौजूद थे। इतना ही नहीं डिप्टी सीएमओ ने सभी कर्मचारियों को केंद्र समय से खोलने और निर्धारित समय पर ही बंद करने के आदेश दिए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि दोबारा लापरवाही मिली तो कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान उन्होंने मौजूद डॉ.ममता से फाईलेरिया की दवाओं से सम्बंधित जानकारी ली।

# विधान परिषद में गूंजा बीएड प्रवक्ताओं की नियुक्ति का मामला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** महाविद्यालयों में पूर्ववर्ती सरकार द्वारा बीएड प्रवक्ताओं की नियुक्ति का मामला गहरा गया है। अमृत विचार की ओर से उठाई गई खबरों का संज्ञान लेते हुए विधान परिषद में तमाम से सवाल खड़े किये गए हैं। गहराती जांच के बीच जिम्मेदारों पर गाज गिरनी तय मानी जा रही है।

बता दें कि कानपुर, हमीरपुर, हाथरस और संतकबीरनगर के महाविद्यालयों में पूर्ववर्ती सरकार द्वारा 16 पदों पर बीएड प्रवक्ताओं की नियुक्ति की गई थी। नियुक्तियों को लेकर अमृत विचार ने सिलसिलेवार खबरों का प्रकाशन कर सवाल खड़े किये थे। हमीरपुर जनपद के प्रवक्ता डॉ. सलिल तिवारी की ओर से उठाए गए बिन्दुओं को खबर का प्रमुख आधार बनाया था। जिसको लेकर उच्च शिक्षा निदेशालय प्रयागराज की ओर से एक कमेटी गठित कर जांच शुरू की गई। हाल फिलहाल जांच का निष्कर्ष अभी बाकी है। सपा कार्यकाल में हुई नियुक्तियों को लेकर बीते दिन विधान परिषद में शिक्षक विधायक राजबहादुर सिंह चंदेल द्वारा प्रवक्ताओं की नियुक्ति से जुड़े दो बिन्दुओं से जुड़े सवाल खड़े किये। जिस पर बिन्दुवार सार निकलते दिखाई दिये। जिस तरह से जांच ने तूल पकड़ा है, ऐसे में जिम्मेदारों पर गाज गिरनी तय मानी जा रही है।


शिक्षा निदेशक के रडार पर आए 14 बीएड प्रवक्ता
प्रबंधकों की भूमिका पर भी सवाल, जांच शुरू, कामचलाऊ व्यवस्था दिखा कर किया गया था विनियमितीकरण

अमृत विचार में प्रकाशित खबर। अमृत विचार

**खबर का असर**

- अमृत विचार ने उठाया था बिन्दुवार मामला, चल रही है उच्च शिक्षा निदेशालय में जांच

**जांच कमेटी में निदेशालय के तीन अधिकारी सम्मिलित :** फर्जीवाड़े का दावा करने वाले प्रवक्ता के आरोपों को खंगालने के लिए त्रिस्तरीय जांच में निदेशालय के तीन अधिकारी सम्मिलित किये गए हैं। डॉ. केसी वर्मा, डॉ. बीए शर्मा और डॉ. जय सिंह संबंधित विश्वविद्यालयों और बेसिक शिक्षा विभाग से लगातार संपर्क बनाते हुए जानकारी इकट्ठा करने में लगे हुए हैं।

**त्रिस्तरीय हो रही है जांच**

नियुक्तियों को लेकर उच्च शिक्षा निदेशालय प्रयागराज के निदेशक प्रोफेसर ब्रम्हदेव द्वारा त्रिस्तरीय जांच कराई जा रही है। निदेशक बताते हैं कि पहली और दूसरी जांच का क्रम 16 और फिर 17 जनवरी से आरंभ हुआ। जबकि तीसरी जांच 7 फरवरी से शुरू की गई है। इसमें नियुक्ताएं पाए प्रवक्ताओं के बयान दर्ज कराये गए हैं। उनकी पत्रावलियों को खंगाला जा रहा है, ताकि साक्ष्यों का मिलान कराया जा सके।

# मार्कशीट में फंसी छात्रों की पढ़ाई की रफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



- ऑनलाइन परिणाम और मार्कशीट के नंबरों के मिलान न होने से छात्रों को आ रही बाधा
- लखनऊ विश्वविद्यालय में कई छात्रों के पास तीसरे सेमेस्टर की मार्कशीट

**अमृत विचार : लखनऊ** विश्वविद्यालय में छात्रों के हाथ थमाई गई मार्कशीट राहत कम मुसीबत ज्यादा साबित हो रही है। कारण, मार्कशीट पर पड़े रोल नंबर और ऑनलाइन रिकॉर्ड मेल नहीं खा रहे। ऐसे में रोजाना छात्रों को प्रशासनिक भवन के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

नंबरों का खेल किसी एक सेमेस्टर के लिए नहीं बल्कि बीए, बीएससी और बीकॉम के कई छात्रों को देखना पड़ा है। बताते हैं कि मार्कशीट पर दूसरा नंबर अंकित हो गया है। वहीं ऑनलाइन नंबरों का क्रम मार्कशीट से अलग है। ऐसे में समस्याएं बढ़ चली हैं। आर्यन, अमन और सुधांशु कहते हैं कि मार्कशीट में पड़े नंबर और ऑनलाइन नंबर एक दूसरे से मेल नहीं खा रहे थे। प्रशासनिक भवन जाकर समस्याओं का निस्तारण कराया गया। कई और छात्रों की इस तरह की समस्याएं रही हैं।

छात्र नेता विंध्यवासिनी शुक्ला का कहना है कि कई छात्र उनके पास भी आए थे। हो सकता है फार्म भरने के दौरान कोई त्रुटि आ गई हो। कई छात्रों की समस्याओं का निस्तारण उन्होंने स्वयं जाकर प्रशासनिक भवन में कराया है। उधर लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव का कहना है कि अभी तक उनकी जानकारी में ऐसा कोई भी मामला नहीं आया है। यदि किसी भी तरह की कोई समस्या आती है, तो संज्ञान होते ही उसका निस्तारण भी कराया जाता है।

## सरकार और संगठन के प्रतिनिधि करेंगे गांवों में रात्रि प्रवास

**अमृत विचार, लखनऊ :** सरकार और संगठन के प्रतिनिधि भाजपा के गांव चलो अभियान का हिस्सा बनने जा रहे हैं। सभी मंत्री, सांसद, विधायक, पार्टी पदाधिकारी, जिला पंचायत अध्यक्षों सहित अन्य जनप्रतिनिधि गांवों में प्रवास करेंगे। पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने रविवार को बताया कि, वह खुद और प्रदेश के मुख्यमंत्री भी अभियान के तहत गांवों में प्रवास करेंगे। भूपेन्द्र चौधरी ने पार्टी मुख्यालय पर कहा कि 7 फरवरी से शुरू हुए गांव चलो अभियान के तहत 10 फरवरी तक राज्य के 47,500 गांवों में पार्टी कार्यकर्ताओं ने सहभागिता दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य रानीमऊ गांव (अयोध्या) और ब्रजेश पाठक बघौरा गांव (बाराबंकी) में रविवार को प्रवास कर रहे हैं।

## आपदा प्रबंधन से निपटने के गुर सीखने गुजरात गए अधिकारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** आपदा (बाढ़, सूखा, भूकंप, आकाशीय बिजली) के दौरान जल्द से जल्द राहत पहुंचाने एवं जनहानि को रोकने के लिए राहत विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को विशेष प्रशिक्षण के लिए गुजरात भेजा गया है। सोमवार से शुरू होने वाले दो दिवसीय प्रशिक्षण में चार सदस्यीय अधिकारी त्वरित प्रबंधन के गुर सिखेंगे। आपदाओं से निपटने और इसके उचित प्रबंधन प्रशिक्षण के लिए गुजरात इंस्टीट्यूट ऑफ डिजास्टर मैनेजमेंट में 12 व 13 फरवरी को दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। अपर मुख्य सचिव राजस्व सुधीर गर्ग ने बताया कि आपदाओं से होने वाली जनहानि को न्यूनतम करने पर खासा फोकस है। इसी क्रम में विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को आपदा के उचित प्रबंधन के गुर सीखने और प्रशिक्षण दिलाने के लिए विभिन्न चरण में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहें हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में तीन नई राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) का गठन किया गया, जबकि प्रदेश की 11 आपदाओं को राज्य आपदा में शामिल किया गया। इसमें नाव दुर्घटना, सर्पदंश, सीवर सफाई, गैस रिसाव, बोरवेल में गिरना, मानव वन्य जीव द्वन्द, नदी में डूबना समेत 11 आपदाएं शामिल हैं।


अयोध्या में रामलला के दर्शन करने जाने से पूर्व जय घोष करते विधायक। अमृत विचार

# वाराणसी में खुलेगा दूसरा मेडिकल कॉलेज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** वाराणसी में चिकित्सीय सेवाएं और सुदृढ़ होंगी, बनारस हिन्दु विश्वविद्यालय के अलावा एक नया मेडिकल कॉलेज बनेगा। इसके लिए न केवल अस्पताल व जगह चिन्हित कर ली गई है बल्कि शासन ने अगले वित्तीय वर्ष में 400 करोड़ का बजट भी स्वीकृत कर दिया है। मेडिकल कॉलेज शुरू होने के बाद प्रदेश में स्वशासी मेडिकल कॉलेजों की संख्या 28 हो जाएगी।

वाराणसी में इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, बीएचयू के अलावा जिला अस्पताल पं.दीन दयाल उपाध्याय को अपग्रेड कर मेडिकल कॉलेज बनाया जाएगा। मेडिकल कॉलेज बनने के बाद यहां भी इलाज के साथ ही एमबीबीएस की पढ़ाई भी होगी। ये मेडिकल कॉलेज स्वशासी कॉलेज होगा। नए मेडिकल कॉलेज में मानक के अनुसार, 112 पद असिस्टेंट प्रोफेसर, प्रोफेसर व फिजिस्ट आदि के होंगे।

> वाराणसी में एक मेडिकल कॉलेज की जरूरत है, इसके लिए 100 बेडेड मेडिकल कॉलेज का प्रस्ताव तैयार कर बजट के लिए शासन में भेजा गया था, बजट भी स्वीकृत हो चुका है। अब प्रस्ताव को कैबिनेट में भेजा जाएगा, मंजूरी मिलने के बाद रूपरेखा को मूर्तरूप दिया जाएगा। कब तक शुरू हो जाएगा, कहना जल्दबाजी हो जाएगी।
>
> –किंजल सिंह, महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा विभाग, उप्र.

इस नए मेडिकल कॉलेज में इमरजेंसी मेडिसिन विभाग शुरू होने से शहर में इमरजेंसी सेवाएं दुरूस्त होने के साथ ही मरीजों को विभिन्न बीमारियों का अत्याधुनिक इलाज मिलना आसान हो जाएगा। मालूम हो कि प्रदेश में संचालित 35 सरकारी मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस की 3828 सीटों पर पढ़ाई हो रही है। इनमें से 13 मेडिकल कॉलेज स्वशासी हैं। इसके अलावा 14 नए स्वशासी मेडिकल कॉलेजों में प्रक्रियाधीन है, संभवतः नए सत्र में एमबीबीएस की 1400 सीटें और बढ़ जाएंगी, और वाराणसी में एमबीबीएस की 100 सीटों वाले नए मेडिकल कॉलेज के शुरू होने के बाद स्वशासी कॉलेजों की संख्या 28 हो जाएगी।

## बुलंद शहर के डिबाई सीएचसी बनेगा 100 बेडेड संयुक्त चिकित्सालय

**अमृत विचार, लखनऊ :** पश्चिम उत्तर प्रदेश में चिकित्सकीय सेवाओं को दुरुस्त करने के लिए बुलंदशहर के डिबाई सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र( सीएचसी) को उच्चीकृत करके 100 बेड का संयुक्त चिकित्सालय बनाया जाएगा। इसके लिए राज्य सरकार ने 14 .39 करोड़ रुपये स्वीकृत कर पहली किस्त भी स्वास्थ्य विभाग को भेज दी है। बुलंदशहर के डिबाई सीएचसी में मरीजों को अधिकता को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक नया संयुक्त चिकित्सालय बनाने का प्रस्ताव शासन में गया था। स्वास्थ्य विभाग के विशेष सचिव शिव सहाय अवस्थी ने शनिवार को स्वास्थ्य महानिदेशक को बजट जारी करते हुए निर्देश दिए हैं।

## एमजे अस्पताल पर लगा 50 हजार का जुर्माना

**अमृत विचार, लखनऊ :** सीतापुर रोड खदरा स्थित एमजे अस्पताल का संचालन स्वास्थ्य विभाग की जांच में अवैध पाया गया। जिसके बाद अस्पताल प्रशासन पर 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। जुर्माने की राशि भी अस्पताल प्रशासन द्वारा कोषागार में जमा करा दी गई है। हालांकि, अभी तक अस्पताल का पंजीकरण नहीं कराया जा सका है।

बता दें कि स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गत जनवरी माह में खदरा स्थित एमजे अस्पताल पर छापा मारा था। इस दौरान वहां पर तीन मरीज भर्ती मिले थे। अस्पताल का पंजीकरण नहीं था। मरीजों का इलाज करता केजीएमयू का छात्र मिला था। सीएमओ ऑफिस से अस्पताल को नोटिस दी गई थी। उसमें लिखा था कि निरीक्षण में तीन गंभीर मरीज भर्ती मिले थे। अस्पताल में कोई भी कुशल चिकित्सक नहीं था। यह नोटिस सोशल मीडिया पर भी वायरल हुई थी। फजीहत होने पर विभाग ने 50 हजार रुपए जुर्माना लगाने के लिए फाइल डीएम को भेजी थी। डीएम से संस्तुति मिलने के बाद जुर्माने की राशि कोषागार में जमा करवाई गई है। सीएमओ डॉ. मनोज अग्रवाल के मुताबिक, अस्पताल पर लगे जुर्माने की राशि कोषागार में जमा करा दी गई है। अस्पताल का संचालन अभी नहीं हो रहा है।

**समस्या** | 40 दिनों की ठंड ने 30 से 40 फीसद फसल को पहुंचाया नुकसान

# आलू की फसलों पर झुलसा रोग का ग्रहण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** 40 दिन की ठंड ने आलू की फसल को ऐसा नुकसान पहुंचाया कि झुलसा रोग पनप गया। ऐसे में किसानों की मुश्किलें बढ़ चली हैं। घटती उपज बाजार में आलू के भाव बढ़ने का संकेत दे रही है।

लखनऊ के आठ ब्लॉक क्षेत्रों में सबसे अधिक आलू की फसल उगाई जाती रही है। इस बार 40 दिन की ठंड और बारिश ने इन फसलों पर असर डाला है। कृषि वैज्ञानिक डॉ. सतेन्द्र कुमार सिंह कहते हैं कि लखनऊ और आसपास 12 हजार हेक्टेयर से अधिक आलू की फसल बोई जाती रही है। लेकिन इस बार बदलते मौसम का असर फसल पर पड़ा है, जिससे आलू में झुलसा रोग लग गया है। इन 40 दिनों के भीतर उपज भी कम हुई है। 30 से 40 फीसद फसलों को नुकसान पहुंचा है। कम उपज निश्चित तौर पर बाजार में आलू के भाव बढ़ा देंगे।


बदलते मौसम के प्रभाव की किसान को जानकारी देते कृषि वैज्ञानिक। अमृत विचार

**दाग आने के कारण कम होगी मांग :** मुंशी खेड़ा गांव के राजेंद्र सिंह कहते हैं कि आलू 90 दिन का हो गया है। मौसम के असर के कारण प्रति बीघा एक बोरी नटराजन की आवश्यकता है। खराब हो रही फसल की बाजार में मांग कम रहेगी। रुखारा वासी मकरंद सिंह ने बताया कि इस बार मौसम में आए परिवर्तन के कारण मटियारी भूमि में मौसम का प्रभाव पड़ा है। आढ़ती तो जांच परखकर उनसे कम पैसे में आलू खरीद लेंगे लेकिन फुटकर दामों में बड़ा असर देखने को मिलेगा।

**चना, मसूर, मटर भी हुई है प्रभावित :** कृषि वैज्ञानिक बताते हैं कि चना, मसूर, मटर में इस समय पुष्पन अवस्था होती है। जायद में प्रमुख रूप से खीरा, ककड़ी, तरबूज, खरबूजा की बोआई किसान प्रारंभ कर देते हैं, ऐसे में बेमौसम परिवर्तन और आद्रता अधिक होने से यह भी फसले प्रभावित हुई हैं।

**ऐसे करें फसलों का बचाव**

कृषि वैज्ञानिक डॉ. सतेन्द्र कुमार सिंह कहते हैं कि रबी फसलों के पकने का समय है और जायद की बोआई का समय प्रारंभ हो चुका है। आलू को झुलसा रोग से बचाने के लिए प्रति बीघा 10 किग्रा यूरिया का प्रयोग करें, इससे आलू का साइज और चमक बढ़ेगी। सरसों पछेती आलू, खरबूजा, तरबूज, खीरा एवं ककड़ी में बीमारी तेजी से फैल रही है। यदि पत्तियों पर कवक दिखाई पड़े, तो मौसम सही होने पर फफूंदी नाशक में कोजेब 75% डब्लूजी की 3 ग्राम मात्रा को एक लीटर पानी के दर से घोल बनाकर छिड़काव करें। सरसों, खीरा, ककड़ी, तरबूज, खरबूजा पर मांहू कीट तेजी से बढ़ेगा। इसके लिए इमिडाक्लोप्रिड नामक कीटनाशक की 0 .5 एमएल मात्रा को एक लीटर पानी के दर से घोल बनाकर छिड़काव करने से कीटों से मुक्ति मिलेगी।

## वर्ग पहेली-340

**बाएं से दाएं**

2.1. एक कंटीला पौधा जिसकी पत्तियां बबूल की तरह होती हैं और स्पर्श करने पर मुरझा जाती हैं, लाजवंती या छुईमुई नामक संवेदनशील पौधा, लज्जावती 2. कोमल या नाज़ुक मिज़ाज का व्यक्ति, कोई कमज़ोर वस्तु या व्यक्ति।

5.1. फ़ौजदार का कार्य या पद 2. मार-पीट की कोई घटना 3. न्यायालय जिसमें उक्त घटना की सुनवाई होती है।

7. पालित, पाला हुआ, जिसका पोषण किया गया हो।

8. कशीदे या बेलबूटे का काम, कपड़े पर कढ़े हुए बेल-बूटों का उभार।


**ऊपर से नीचे**

1.1. किसी के अनुचित व्यवहार के उपरांत दुखी होना व मनाने पर न मानना 2. अप्रसन्न अथवा नाराज़ होना।

3.1. प्रतिनिधि या कार्यकर्ता होने की अवस्था या भाव 2. मुख़्तार का काम या पेशा, प्रतिनिधित्व।

4.1. ध्वजा, पताका 2. (पुराण) इंद्र की ध्वजा।

6.1. फैले हुए होने की अवस्था या भाव, विस्तार, प्रसार 2. उतनी लंबाई-चौड़ाई जिसमें कोई चीज़ फैली हुई हो।



### वर्ग पहेली - 339 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 ता | सी | र | | | 2 जं |
| प | | | 3 अ | | भ |
| ती | | 4 अ | कृ | प | ण |
| | | | षि | | |
| 5 ऐ | 6 ड | हा | क | | 7 डा |
| | रा | | | | ब |
| 8 सं | वा | द | | | र |

## सुडोकू-57

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | | 9 | | 2 | |
| 2 | | 7 | | | 3 | | | |
| | 5 | | 1 | | | 7 | | 4 |
| | | 4 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | | | | 8 | |
| | 1 | | 6 | | | 2 | | |
| 5 | | | | | 1 | | 3 | |
| | | | 2 | | | 5 | | |
| 1 | | | 8 | | | | 6 | |

### सुडोकू - 56 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 5 | 6 | 3 | 1 | 9 | 8 | 4 | 7 |
| 4 | 9 | 8 | 7 | 5 | 2 | 6 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 5 | 9 | 2 |
| 3 | 2 | 7 | 5 | 9 | 4 | 1 | 6 | 8 |
| 1 | 8 | 4 | 6 | 3 | 7 | 9 | 2 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 | 4 | 7 | 3 |
| 9 | 1 | 5 | 2 | 7 | 6 | 3 | 8 | 4 |
| 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 3 | 7 | 5 | 9 |
| 8 | 7 | 3 | 9 | 4 | 5 | 2 | 1 | 6 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 12 फरवरी, सोमवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-तृतीया 17 .44 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- पूर्व। ऋतु-शिशिर।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुम्भ।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पूर्व भाद्रपद 14 .56 तक तत्पश्चात उत्तर भाद्रपद।

**मेष** — आज नौकरी पेशा लोग अपनी जॉब को लेकर थोड़े तनाव में रहेंगे। आपसे अनावश्यक धन खर्च हो सकता है। बेवजह के मामलों में आपको फंसने से बचना चाहिए। छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा न करें। अपनी सेहत का ध्यान रखें।

**वृष** — आज नई जॉब की शुरुआत हो सकती है। नई संपत्ति खरीदने के योग बन रहे हैं। प्राइवेट जॉब कर रहे लोगों की आय में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन बहुत सुखमय रहेगा। लवमेट्स प्रेम विवाह की योजना बना सकते हैं। आप आत्मविश्वास से भरपूर रहेंगे।

**मिथुन** — आज कार्यक्षेत्र में आप बड़ा प्रयोग करना चाहते हैं। लेकिन उसे करने में आपको कठिनाई महसूस होगी। पड़ोसियों के साथ आपके संबंध मधुर होंगे। अधिकारी वर्ग आपकी बातों को काफी गम्भीरता से लेंगे। आप अपने काम को लेकर दूसरों पर निर्भर रहेंगे।

**कर्क** — आज किसी जरूरी काम से आपको यात्रा करनी पड़ सकती है। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे लोगों को शुभ परिणाम मिल सकते हैं। आपको कुछ अच्छा सीखने को मिलेगा। व्यवसाय में ग्राहकों के साथ अच्छा व्यवहार रखना चाहिए।

**सिंह** — आज सहकर्मियों के साथ झगड़ा हो सकता है। पेट में दर्द की शिकायत हो सकती है। पुरानी बातें दोबारा सामने उभर के आ सकती हैं। छात्रों का मन पढ़ाई में नहीं लगेगा। आपकी छोटी-छोटी गलतियों को लोग बड़ा करके दिखायेंगे।

**कन्या** — आज आपको व्यवसाय में उत्तम परिणाम प्राप्त होंगे। आज सुबह से आप काफी ऊर्जावान महसूस करेंगे। महत्वपूर्ण कार्यों की योजना बना सकते हैं। जीवनसाथी के साथ अपने मन की इच्छाओं को शेयर करना हितकर होगा।

**तुला** — आज दूसरों की मदद करने से आत्मिक सन्तोष की अनुभूति होगी। परिवार के साथ आप अच्छा समय बितायेंगे। रुके हुए काम को पूरा करने में सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में आपको बड़ी जिम्मेदारियाँ प्राप्त हो सकती है।

**वृश्चिक** — आज किसी नई विधा का प्रयोग आप सीख सकते हैं। वैवाहिक जीवन खुशहाल रहेगा। विद्यार्थी पढ़ाई को लेकर काफी गम्भीर रहने वाले हैं। बुद्धिमान लोगों की संगत प्राप्त होगी। किन्तु दूसरों के मामलों में हस्तक्षेप करने से आपको बचना चाहिए।

**धनु** — आज बच्चों की गलत गतिविधियों को नजरअन्दाज न करें। विरोधी आपकी आलोचना करेंगे। विद्यार्थियों के लिए दिन बहुत अच्छा है। कारोबार में मनोनुकूल परिणाम मिलने की सम्भावना कम हैं। अनावश्यक खर्चों के कारण आपका बजट गड़बड़ा सकता है।

**मकर** — आज जॉब में आपको लापरवाही नहीं करनी चाहिए। धार्मिक कार्यों में आप रुचि लेंगे। आज आप काफी खुश रहेंगे। नए संपर्कों से लाभ मिलेगा। कोई मूल्यवान वस्तु आपको प्राप्त हो सकती है। दिल की बजाय दिमाग से काम करें।

**कुंभ** — आज आपको धन की कमी का सामना करना पड़ सकता है। जो भी काम करें पहले उसकी योजना बना लें। अनुचित खानपान के कारण पाचन खराब होने की आशंका है। शरीर में थकावट और कमजोरी महसूस हो सकती है।

**मीन** — आज प्रभावशाली लोगों के साथ आपके संबंध मधुर होंगे। कामकाजी महिलाओं के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। आज व्यवसाय में तेजी रहेगी। पहले हुए नुकसान की आज भरपायी हो सकती है। घर के किसी सदस्य के विवाह को लेकर चर्चा ज़ोर पकड़ेगी।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
- पहचान — दोपहर : 12 .00
- राम लखन — शाम : 06 .00

SONY MAX
- ब्लैक चोर — सुबह : 09 .00
- न तुम जानो न हम — रात : 09 .00

Utsav Gold
- मेरी जंग — सुबह : 11 .45
- लम्हे — शाम : 06 .15

ZEE CINEMA
- अकेले हम अकेले तुम — सुबह : 08 .40
- सलामे इश्क — रात : 07 .00

colors CINEPLEX
- क्या कहना — दोपहर : 12 .18
- चेन्नई एक्सप्रेस — शाम : 06 .58

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर रात-07 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

बेटी- मैं पड़ोसी से प्यार करती हूं और भाग रही हूं उसके साथ..
बाप - थैंक गॉड... मेरे पैसे और समय दोनों बच गए..
बेटी - पापा, मैं लेटर पढ़ रही हूं, ...जो मम्मी रखकर गई है...
बापबेहोश...

टीचर- तुम पंछी के बारे में सब जानते हो? टप्पू- हां टीचर
टीचर- अच्छा ये बताओ कौन सा पंछी उड़ नहीं सकता?
टप्पू- मरा हुआ पंछी, दे थप्पड़.... दे थप्पड़.
टप्पू की बात सुनकर टीचर ने उसे भरी क्लास में मुर्गा बना दिया..

## एक नजर

### मणिपुर में चार दिन पहले लापता हुआ ग्राम स्वयंसेवी मृत मिला

इंफाल, 11 फरवरी (भाषा) मणिपुर के कांगपोकपी जिले के मोल्हाम कुकी गांव से चार दिन पहले लापता हुआ 35 वर्षीय ग्राम स्वयंसेवक रविवार को मृत मिला। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि गोलियों से छलनी निंगथौउजाम मणिसना का शव सुरक्षा बलों और स्थानीय ग्रामीणों के तलाश अभियान के दौरान रविवार सुबह मिला। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि सात फरवरी को प्रतिद्वंद्वी समुदाय के सशस्त्र सदस्यों के हमले से पूर्वी इंफाल जिले के मोइरांगपुरेल इलाके की रक्षा के दौरान मणिसना लापता हो गया था। उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है।

### नवी मुंबई में रह रहे दो बांग्लादेशी गिरफ्तार

**ठाणे।** पुलिस के आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने कथित तौर पर भारत में अवैध रूप से रहने के आरोप में नवी मुंबई शहर से दो बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। साइबर पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि दोनों आरोपियों कि उम्र 24 वर्ष है, जिन्हें शुक्रवार को पनवेल के नादवे में खिदुकपाड़ा गांव से पकड़ा गया। उन्होंने बताया कि एटीएस के एक दस्ते ने खिदुकपाड़ा इलाके के निरीक्षण के दौरान दो व्यक्तियों को एक चॉल में रहते हुए पाया। पूछताछ के दौरान कोई वैध दस्तावेज नहीं दिखा पाए।

# लूट और फूट कांग्रेस का ऑक्सीजन: मोदी

## मध्य प्रदेश में प्रधानमंत्री बोले-लोकसभा चुनाव में भाजपा 370 की संख्या पार करेगी

झाबुआ, (मप्र) एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि उन्हें विश्वास है कि भाजपा आगामी लोकसभा चुनाव में 370 सीट का आंकड़ा पार कर जाएगी और इतना ही नहीं, संसद में विपक्षी नेता भी कह रहे हैं कि सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को 400 से अधिक सीट मिलेंगी। मध्य प्रदेश के झाबुआ जिले में आदिवासी समुदाय के सदस्यों की एक जनसभा संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस आदिवासी विरोधी है और केवल चुनाव के समय ही गांव, किसान और गरीब याद आते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि सत्ता से बाहर होने के बाद कांग्रेस और उसके सहयोगी फूट डालने की अपनी आखिरी रणनीति का सहारा ले रहे हैं।



झाबुआ : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मप्र के मुख्यमंत्री मोहन यादव के साथ झाबुआ में जनजातीय सम्मेलन के दौरान आदिवासी लाभार्थियों के साथ बातचीत की। ● एजेंसी

उन्होंने कहा-कांग्रेस जब सत्ता में रहती है तो लोगों को लूटने का काम करती है और जब सत्ता से बाहर होती है तो भाषा, क्षेत्र और जाति के आधार पर (समाज में) बांटने का काम करती है। लूट और फूट कांग्रेस का ऑक्सीजन है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस अपने ही पापों के दलदल में फंस चुकी है वह जितना निकलने की कोशिश करेगी उतना फंसेगी। उन्होंने कहा कि 2023 (विधानसभा चुनाव) में कांग्रेस की छुट्टी हो गई और आगामी लोकसभा चुनाव में इसका पूरा सफाया होना तय है।

### भारतीय मूल्यों पर आधारित शिक्षा प्रणाली समय की मांग

**टंकारा (गुजरात)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारतीय मूल्यों पर आधारित शिक्षा प्रणाली समय की मांग है। मोदी ने आर्य समाज के संस्थापक स्वामी दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती के अवसर पर गुजरात के मोरबी जिले में उनके जन्मस्थल टंकारा में आयोजित एक कार्यक्रम को डिजिटल माध्यम से संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने समाज सुधारक दयानंद सरस्वती की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने उस समय भारतीय समाज से वेदों की ओर लौटने का आह्वान किया था जब लोग गुलामी में जकड़े हुए थे।

# राकांपा को छीनकर दूसरों को दे दिया

पुणे, एजेंसी

वरिष्ठ नेता शरद पवार ने रविवार को कहा कि अजित पवार के नेतृत्व वाले गुट को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नाम और चुनाव चिह्न आवंटित किए जाने का निर्वाचन आयोग का फैसला मुझे हैरान करने वाला है।

पवार ने कहा कि लोगों के लिए कार्यक्रम और विचारधारा अहम है जबकि किसी चुनाव चिह्न की उपयोगिता एक सीमित समय के लिए होती है। दरअसल निर्वाचन आयोग ने छह फरवरी को घोषणा की थी कि अजित पवार गुट ही असली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) है और आयोग ने अजित पवार के नेतृत्व वाले समूह को राकांपा का चुनाव चिह्न 'घड़ी' आवंटित किया। उन्होंने कहा कि मुझे भरोसा है कि लोग निर्वाचन आयोग के फैसले का समर्थन

▸▸ **वरिष्ठ नेता शरद पवार ने निर्वाचन आयोग के फैसले पर जताई हैरानी**



नहीं करेंगे। इसके खिलाफ हमने उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है।'' पवार ने कहा कि निर्वाचन आयोग ने उन लोगों के हाथों से पार्टी छीन ली जिन्होंने इसे बनाया और उसने (आयोग ने) इसे दूसरों को दे दिया। पवार ने कांग्रेस से अलग होने के बाद 1999 में राकांपा की स्थापना की थी। उन्होंने कहा-निर्वाचन आयोग ने उन लोगों के हाथों से पार्टी छीन ली जिन्होंने इसे बनाया और आगे बढ़ाया। देश में ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री रह चुके पवार ने कहा कि उन्होंने अपना पहला चुनाव 'बैलों की जोड़ी' चुनाव चिह्न पर लड़ा था। उन्होंने कहा, ''कार्यक्रम और विचारधारा किसी भी चुनाव चिह्न से ज्यादा अहम है।

### किसी भाजपा नेता को ईडी का सामना नहीं करना पड़ा : शरद पवार

वरिष्ठ नेता शरद पवार ने रविवार को दावा किया कि भाजपा के सत्ता में आने के बाद से पार्टी के किसी भी नेता को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई का सामना नहीं करना पड़ा है। निर्वाचन आयोग द्वारा हाल में उनके भतीजे अजित पवार के नेतृत्व वाले गुट को 'मूल' राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के रूप में मान्यता देने और पार्टी का चुनाव चिह्न 'घड़ी' आवंटित करने पर शरद पवार ने कहा कि देश में ऐसी स्थिति कभी नहीं देखी गई है।

## छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के लगाए बम की चपेट में आने से एक जवान घायल

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में आज नक्सलियों के लगाए बम की चपेट में आकर एक जवान घायल हो गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार नेलसनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत डुमरीपालनार कैम्प से जवान एरिया डोमिनेशन और डी-माइनिंग के लिए निकले थे। तभी सुबह 9 बजे के आसपास डुमरीपालनार और तिमेनार के मध्य नक्सलियों के द्वारा लगाए गए बम की चपेट में आने से सीएएफ जवान पुनीत नेताम घायल हो गया। घायल जवान को पैर और पीठ पार चोट आई है। घायल जवान का प्राथमिक उपचार नेलसनार अस्पताल में किया गया।

## दिल्ली सरकार को 50 हजार रुपये की राशि देने का निर्देश

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने शहर सरकार को उस व्यक्ति के परिजन को 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि देने का निर्देश दिया है, जो कोरोना वायरस से संक्रमित था और जिसकी कोविड-19 की जटिलताओं के कारण मृत्यु हो गई थी।

▸▸ **कोविड-19 पीड़ित के लिए हाईकोर्ट ने दिया आदेश**

उच्च न्यायालय ने शहर सरकार की इस दलील को स्वीकार करने से इनकार कर दिया कि मौत का कारण दिल का दौरा पड़ना था और व्यक्ति की मृत्यु आरटी-पीसीआर रिपोर्ट में संक्रमित होने की बात सामने आने के एक महीने बाद हुई थी और इसलिए, उक्त व्यक्ति का परिवार मुख्यमंत्री कोविड -19 परिवार आर्थिक सहायता योजना (एमसीपीएएसवाई) के तहत मुआवजे का हकदार नहीं है। अदालत ने अस्पताल की इस रिपोर्ट पर गौर किया कि याचिकाकर्ता के पति को कोविड-19 हुआ था और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था और 19 जून, 2021 को मृत्यु होने तक वह अस्पताल में ही थे।

## मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने शाह को गारंटी योजनाओं पर खुली बहस की चुनौती दी

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने राज्य की यात्रा पर आए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को खुली बहस की चुनौती देते हुए रविवार को कहा कि वह यह साबित कर सकते हैं कि गारंटी योजनाओं की वजह से राज्य का खजाना खाली नहीं हुआ है। आज सुबह मैसुरु पहुंचे शाह चामुंडेश्वरी मंदिर गए और आगामी लोकसभा चुनावों की तैयारियों पर चर्चा के लिए राज्य भाजपा के नेताओं के साथ बैठकों में भाग लेने से पहले एक मेले में शिरकत की। सिद्धारमैया ने गारंटी योजनाओं के कारण राज्य सरकार का खजाना खाली होने के शाह के कथित दावे पर पलटवार किया है।


# पाला बदलने से इंडिया पर असर नहीं पड़ेगा

नई दिल्ली/रायगढ़, एजेंसी

विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के कुछ घटक दलों के पाला बदलकर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल होने के बीच कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने रविवार को कहा कि विपक्षी गठबंधन ''मजबूत'' है और इसकी सामूहिक ताकत से चिंतित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) राजनीतिक परिदृश्य में ''उन्मत्त बदलाव'' लाने की कोशिश कर रही है।

पायलट ने साक्षात्कार में कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी 'इंडिया' गठबंधन का हिस्सा हैं और उन्होंने विश्वास जताया कि उनके (बनर्जी के) साथ

▸▸ **सचिन पायलट बोले-ममता अब भी गठबंधन का हिस्सा**



सीट-बंटवारे को लेकर बातचीत के दौरान आगे का कोई रास्ता निकलेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा स्वयं को 370 सीट और राजग को 400 से अधिक सीट मिलने का दावा कर रही है, जो जमीनी स्तर पर व्यावहारिक आकलन के बजाय डींग हांकने वाला बयान और शब्दाडम्बर है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व वाली 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' छत्तीसगढ़ से गुजर रही है। ऐसे में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) की छत्तीसगढ़ इकाई के प्रभारी महासचिव ने इन बातों को खारिज कर दिया कि यह यात्रा पार्टी की चुनावी तैयारियों पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रही है।

पायलट ने कहा-जैसा कि हम बता रहे हैं, हम विभिन्न राज्यों में अपने ज्यादातर सहयोगियों के साथ सीट बंटवारे समझौते को अंतिम रूप दे रहे हैं। यात्रा जारी है और अन्य चीजें एआईसीसी नेतृत्व और राज्य प्रभारी संभाल रहे हैं। इन सभी बैठकों और बातचीत पर कांग्रेस अध्यक्ष (मल्लिकार्जुन खरगे) खुद नजर रख रहे हैं। उन्होंने कहा-हमारा प्रयास यह सुनिश्चित करना है कि हम एकजुट होकर लड़ें। हां, कुछ लोगों ने हमारा इंडिय गठबंधन छोड़ दिया है।

## किसानों के रास्ते में कीलें बिछाना अमृत काल है या अन्याय काल: प्रियंका

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने किसानों के प्रस्तावित 'दिल्ली चलो' मार्च से पहले राष्ट्रीय राजधानी की सीमा के पास कुछ स्थानों पर अवरोधक और सड़कों पर कीलें लगाने की खबरों को लेकर रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधा। कांग्रेस महासचिव ने किसानों को दिल्ली में प्रवेश करने से रोकने के लिए सड़कों पर बिछाई गई कीलें और कई अवरोधक लगे होने का एक वीडियो सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर साझा करते हुए सवाल किया कि किसानों के साथ यह अमृत काल है या अन्याय काल है। एक अधिकारी ने यहां कहा कि 13 फरवरी को किसानों के मार्च के मद्देनजर रविवार को राष्ट्रीय राजधानी के उत्तर-पूर्वी जिले में धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू की गई है।

# भाजपा-आरएसएस नफरत फैला रहे हैं : राहुल

रायगढ़, एजेसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को आरोप लगाया कि भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) नफरत फैला रहे हैं जबकि प्यार इस देश के डीएनए में है। राहुल गांधी की अगुवाई में 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' दो दिन के विराम के बाद रविवार को छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में फिर से शुरू हुई।

रायगढ़ के केवड़ाबाड़ी चौक पर एक सभा को संबोधित करते हुए गांधी ने कहा कि उनकी पार्टी-भविष्य की पीढ़ी के लिए एक ऐसा हिंदुस्तान चाहती है जहां नफरत और हिंसा न हो। कांग्रेस सांसद ने दावा किया-वर्तमान में, देश के हर कोने में नफरत और हिंसा फैलाई जा रही है। कुछ लोग



रायगढ़ : कांग्रेस नेता राहुल गांधी रविवार को छत्तीसगढ़ में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान महिला से हाथ मिलाते हुए। ● एजेंसी

▸▸ **भारत जोड़ो न्याय यात्रा में कांग्रेस नेता ने लगाया आरोप**

कहते हैं कि वे दूसरों को उनकी भाषा के आधार पर पसंद नहीं करते हैं जबकि कुछ लोग कहते हैं कि वे दूसरों को अन्य राज्यों से संबंधित होने के आधार पर पसंद नहीं करते हैं। ऐसे विचार देश को कमजोर करेंगे। गांधी ने आरोप लगाया-भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और आरएसएस नफरत फैला रहे हैं, जबकि प्यार इस देश के डीएनए में है। इस देश में अलग-अलग धर्म और भिन्न विचार रखने वाले लोग शांति और सौहार्द से रहते हैं। उन्होंने हिंसा प्रभावित मणिपुर का दौरा नहीं करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आलोचना की। गांधी ने दावा किया कि पूर्वोत्तर राज्य में गृहयुद्ध चल रहा है और केंद्र सरकार इस पर नियंत्रण नहीं कर पा रही है।

कांग्रेस नेता ने कहा-जब मैं वहां (मणिपुर) गया, तो मेइती समुदाय के लोगों ने मुझसे कुकी सुरक्षाकर्मियों को न लाने के लिए कहा, जबकि कुकी ने मेइती सुरक्षाकर्मियों के लिए भी यही बात कही। उनके वाहन पर चढ़ने वाले बच्चों को टॉफी देते हुए, गांधी ने एक लड़की से पूछा कि क्या वह न्याय चाहती है या अन्याय। इस पर लड़की ने जवाब दिया, न्याय।

# कारोबार/कृषि

## एक नजर

### एलआईसी को 25,464 करोड़ का आयकर रिफंड मिलने की उम्मीद

**नई दिल्ली।** भारतीय जीवन बीमा निगम को 25,464 करोड़ रुपये का आयकर रिफंड ऑर्डर मिला है और इसे चालू तिमाही (जनवरी-मार्च, 2024) के दौरान प्राप्त होने की संभावना है। एलआईसी के चेयरमैन सिद्धार्थ मोहंती ने यह जानकारी दी। पिछले महीने आयकर विभाग के आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण (आईटीएटी) ने 25,464.46 करोड़ रुपये के रिफंड के लिए सूचना जारी की थी। रिफंड पिछले सात मूल्यांकन वर्षों में बीमाधारकों को अंतरिम बोनस से संबंधित है। मोहंती ने तिमाही नतीजों की घोषणा के दौरान कहा-हम इस मामले को आगे बढ़ा रहे हैं और उम्मीद है कि इसी तिमाही के दौरान आयकर विभाग से रिफंड मिल जाएगा।

### विदेशी मुद्रा भंडार 5.74 अरब डॉलर बढ़ा

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति और स्वर्ण में बढ़ोतरी होने से 02 फरवरी को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 5.74 अरब डॉलर बढ़कर 622.5 अरब डॉलर हो गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 59.1 करोड़ डॉलर बढ़कर 616.7 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी आंकड़े के अनुसार, 02 फरवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 5.2 अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 551.3 अरब डॉलर पर पहुंच गई। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 60.8 करोड़ डॉलर बढ़कर 48.1 अरब डॉलर हो गया। वहीं, आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार में 5.8 करोड़ डॉलर की कमी हुई और यह घटकर 18.2 अरब डॉलर रह गया। हालांकि आईएमएफ के पास आरक्षित निधि 4.9 अरब डॉलर पर स्थिर रही।

# 4 कंपनियों का मार्केट कैप 2.18 लाख करोड़ बढ़ा

## रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी, एलआईसी और एसबीआई के बाजार पूंजीकरण में बढ़ोतरी

नई दिल्ली, एजेंसी

सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से चार के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 2.18 लाख करोड़ रुपये का इजाफा हुआ। सबसे अधिक लाभ भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को हुआ। शीर्ष 10 कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एलआईसी और एसबीआई के बाजार पूंजीकरण में बढ़ोतरी हुई।

इन कंपनियों का बाजार मूल्यांकन सामूहिक रूप से 2,18,598.29 करोड़ रुपये बढ़ गया। वहीं दूसरी ओर एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस, भारती एयरटेल,





हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी के बाजार मूल्यांकन में सामूहिक रूप से 1,06,631.39 करोड़ रुपये की गिरावट आई। पिछले सप्ताह बीएसई के 30 शेयरों वाले सेंसेक्स में 490.14 अंक या 0.67 प्रतिशत की गिरावट आई। समीक्षाधीन सप्ताह में एलआईसी का बाजार मूल्यांकन 86,146.47 करोड़ रुपये बढ़कर 6,83,637.38 करोड़ रुपये हो गया। एलआईसी का शेयर सोमवार को लगभग छह प्रतिशत की बढ़त के साथ पहली बार 1,000 रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इस दौरान एसबीआई की बाजार हैसियत 65,908.26 करोड़ रुपये बढ़कर 6,46,365.02 करोड़ रुपये हो गई। टीसीएस का बाजार मूल्यांकन 61,435.47 करोड़ रुपये बढ़कर 15,12,743.31 करोड़ रुपये और रिलायंस इंडस्ट्रीज का 5,108.09 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 19,77,136.54 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। टीसीएस के शेयर में मंगलवार को चार प्रतिशत का उछाल आया, जिससे इसका बाजार मूल्यांकन 15 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया।

### उच्चस्तर पर पहुंचा लार्ज-कैप म्यूचुअल फंड में निवेश

निवेशकों ने जनवरी में लार्ज-कैप म्यूचुअल फंड (बड़े शेयरों में निवेश वाले कोष) में 1,287 करोड़ रुपये का निवेश किया है। यह 19 माह में निवेश का उच्चस्तर है। छोटी और मझोली कंपनियों के कोषों में तेजी ने उनके मुनाफावसूली के लिए प्रेरित किया है और लॉर्ज-कैप में उनका निवेश बढ़ा है। इससे पहले दिसंबर, 2023 में उन्होंने लार्ज-कैप फंड से 281 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की थी। निवेश का मौजूदा स्तर पिछले साल जनवरी के 716 करोड़ रुपये के आंकड़े से 80 प्रतिशत अधिक है। इस ताजा प्रवाह के बाद बड़े शेयरों में निवेश करने वाले म्यूचुअल फंड का संपत्ति आधार जनवरी में 26 प्रतिशत बढ़कर तीन लाख करोड़ रुपये हो गया, जो एक साल पहले 2.38 लाख करोड़ रुपये था। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के हालिया आंकड़ों के अनुसार, लार्ज-कैप पर केंद्रित इक्विटी म्यूचुअल फंड को जनवरी में 1,287 करोड़ रुपये का निवेश प्राप्त हुआ। यह जुलाई, 2022 के 2,052 करोड़ रुपये के बाद का उच्चतम स्तर है।

## भारत ने कतर के साथ किया सबसे बड़ा गैस आयात का सौदा

**नई दिल्ली।** पेट्रोनेट द्वारा 2029 से 20 साल के लिए कतर से सालाना 75 लाख टन तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) खरीद अनुबंध का नवीकरण संभवतः दुनिया में इस ईंधन की खरीद का सबसे बड़ा सौदा है। इससे भारत को स्वच्छ ऊर्जा लक्ष्यों को हासिल करने में मदद मिलेगी। अधिकारियों ने यह बात कही है।

पेट्रोनेट के शीर्ष अधिकारियों ने कहा कि मूल 25-वर्षीय समझौते पर 1999 में हस्ताक्षर किए गए थे और इसमें आपूर्ति 2004 में शुरू हुई थी। तब से कतर ने कभी एक भी खेप में चूक नहीं की है और न ही उसने दाम काफी ऊंचे होने के दौरान भारतीय कंपनी द्वारा आपूर्ति नहीं लेने की वजह से 'खरीदों या भुगतान करो' प्रावधान के तहत कोई जुर्माना लगाया है।

## एफपीआई ने अब तक बॉन्ड बाजार में 15,000 करोड़ रुपये डाले

नई दिल्ली, एजेंसी

जेपी मॉर्गन इंडेक्स में भारत सरकार के बॉन्ड को शामिल किए जाने और व्यापक रूप से अर्थव्यवस्था के स्थिर परिदृश्य के बीच विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने अब तक देश के ऋण या बॉन्ड बाजार में शुद्ध रूप से 15,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है।

इससे पहले एफपीआई ने जनवरी में बॉन्ड बाजार में 19,836 करोड़ रुपये डाले थे, जो छह साल से अधिक समय का सबसे ऊंचा मासिक आंकड़ा है। इससे पहले जून, 2017 में एफपीआई ने बॉन्ड बाजार में 25,685 करोड़ रुपये का निवेश किया था। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, समीक्षाधीन अवधि में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने शेयरों से 3,000 करोड़ रुपये



से अधिक निकाले हैं। इससे पहले जनवरी में उन्होंने शेयरों से 25,743 करोड़ रुपये की भारी निकासी की थी। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा-भारतीय शेयर बाजार का ऊंचा मूल्यांकन मूल्यांकन और अमेरिका में बॉन्ड पर बढ़ता प्रतिफल है। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के एसोसिएट निदेशक - प्रबंधक शोध हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि शेयरों से निकासी की मुख्य वजह घरेलू के साथ-साथ वैश्विक बाजारों में ब्याज दर परिदृश्य को लेकर अनिश्चितता है।

## बायोगैस एसोसिएशन का सीबीजी संयंत्रों के लिए निवेश का सुझाव

**नई दिल्ली।** भारतीय बायोगैस एसोसिएशन (आईबीए) ने तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) के आयात में 1.2 करोड़ टन की कमी सुनिश्चित करने के लिए संपीड़ित बायोगैस (सीबीजी) संयंत्रों को बायोमास आपूर्ति के लिए जरूरी मशीनरी और उपकरणों के लिए 30,000 करोड़ रुपये के निवेश की सिफारिश की है। आईबीए के चेयरमैन गौरव केडिया ने कहा-धान के भूसे जैसे कृषि अवशेषों को जलाने के बजाय इनका जैव ऊर्जा उत्पादन और मिट्टी संवर्धन के लिए उपयोग करने से दोहरा लाभ मिलता है।

## प्रत्यक्ष कर संग्रह 2023-24 के संशोधित अनुमानों के 80 प्रतिशत पर पहुंचा

नई दिल्ली, एजेंसी

चालू वित्त वर्ष में अब तक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह सालाना आधार पर 20 प्रतिशत बढ़कर 15.60 लाख करोड़ रुपये हो गया है। यह राशि 2023-24 के संशोधित अनुमानों का 80 प्रतिशत है।

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने बयान में कहा-प्रत्यक्ष कर संग्रह के अनंतिम आंकड़ों में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है। ऐसे में 10 फरवरी, 2024 तक प्रत्यक्ष कर संग्रह से पता चलता है कि सकल संग्रह 18.38 लाख करोड़ रुपये है। यह राशि पिछले साल की इसी अवधि के मुकाबले 17.30 प्रतिशत अधिक है। वित्त वर्ष 2023-24 में 10 फरवरी तक रिफंड को हटाकर प्रत्यक्ष कर संग्रह 15.60 लाख करोड़ रुपये है, जो पिछले साल की इसी अवधि के मुकाबले 20.25 प्रतिशत अधिक है। यह संग्रह 2023-24 के लिए प्रत्यक्ष करों के कुल संशोधित अनुमान का 80.23 प्रतिशत है। बयान में कहा गया कि एक अप्रैल, 2023 से 10 फरवरी, 2024 के दौरान 2.77 लाख करोड़ रुपये का रिफंड जारी किया गया है। इस दौरान कॉरपोरेट आयकर (सीआईटी) और व्यक्तिगत आयकर (पीआईटी) के सकल राजस्व संग्रह में भी लगातार वृद्धि देखी गई।

## पेरू के साथ एफटीए के तहत सोने पर शुल्क रियायत प्रमुख चिंता

**नई दिल्ली।** पेरू के साथ प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के तहत सोने पर शुल्क छूट भारत के लिए सबसे चुनौतीपूर्ण मुद्दा है। भारत के पेरू से कुल आयात में सोने की हिस्सेदारी 80 प्रतिशत है। आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने रविवार को जारी रिपोर्ट में कहा कि भारत में सोने पर 10 प्रतिशत मूल सीमा शुल्क लगता है और मामूली शुल्क रियायतों से भी आयात में उल्लेखनीय वृद्धि हो सकती है। भारत और पेरू परस्पर व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के लिए एक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर बातचीत कर रहे हैं।

# पेटीएम पेमेंट्स सर्विसेज में चीन से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की जांच कर रही सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड की सहायक कंपनी पेटीएम पेमेंट्स सर्विसेज लिमिटेड (पीपीएसएल) में चीन से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की जांच कर रही है। पीपीएसएल ने नवंबर 2020 में भुगतान एग्रीगेटर के रूप में काम करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पास लाइसेंस के लिए आवेदन किया था। आरबीआई ने हालांकि नवंबर

▸▸ **आरबीआई ने पीपीएसएल के आवेदन को खारिज कर दिया**





2022 में पीपीएसएल के आवेदन को खारिज कर दिया और कंपनी को इसे फिर से जमा करने के लिए कहा, ताकि एफडीआई नियमों के तहत प्रेस नोट तीन का अनुपालन किया जा सके।

वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड (ओसीएल) में चीनी फर्म एंट ग्रुप कंपनी का निवेश है। इसके बाद, कंपनी ने एफडीआई दिशानिर्देशों के तहत निर्धारित प्रेस नोट तीन का अनुपालन करने के लिए ओसीएल से कंपनी में पिछले निवेश के लिए भारत सरकार के साथ 14 दिसंबर, 2022 को आवश्यक आवेदन दायर किया। सूत्रों ने कहा कि एक अंतर-मंत्रालयी समिति पीपीएसएल में चीन से निवेश की जांच कर रही है और उचित विचार तथा व्यापक जांच के बाद एफडीआई मुद्दे पर निर्णय लिया जाएगा। प्रेस नोट तीन के तहत, सरकार ने भारत के साथ भूमि सीमा साझा करने वाले देशों से किसी भी क्षेत्र में विदेशी निवेश से पहले उसकी मंजूरी लेना अनिवार्य कर दिया था।

# बुमराह की प्रशंसा में अश्विन ने कहा- बूमबॉल अद्भुत

## क्रिकेट के तीनों प्रारूप की आईसीसी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचना बुमराह की बड़ी उपलब्धि



### 9 विकेट लेकर टेस्ट में पहुंचे शीर्ष पर, इससे पहले वनडे और टी-20 में भी बनाया था स्थान

चेन्नई, एजेंसी

भारत के सीनियर ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने साथी जसप्रीत बुमराह की प्रशंसा करते हुए कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में उनकी बूमबॉल' ने कमाल कर दिया और इस तेज गेंदबाज का तीनों प्रारूप की आईसीसी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचना बहुत बड़ी उपलब्धि है। बुमराह के गेंद से शानदार प्रदर्शन से भारतीय टीम विशाखापत्तनम में दूसरे टेस्ट में 106 रन की जीत से शृंखला 1-1 से बराबर करने में सफल रही। इस तेज गेंदबाज ने इंग्लैंड की पहली पारी में 'रिवर्स स्विंग' से बेहतरीन प्रदर्शन किया और 45 रन देकर छह विकेट झटके। इसके बाद दूसरी पारी में तीन विकेट से मैच में 91 रन देकर कुल 9 विकेट प्राप्त किए। इस प्रदर्शन की बदौलत बुमराह टेस्ट रैंकिंग सूची में शीर्ष पर पहुंच गए और वह यह उपलब्धि हासिल करने वाले पहले भारतीय तेज गेंदबाज भी बने। बुमराह ने इससे पहले वनडे और टी20 में भी शीर्ष स्थान हासिल किया था। अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा कि सबसे शानदार प्रदर्शन 'बूमबॉल' था। बुमराह ने असाधारण गेंदबाजी की। वह 14 विकेट लेकर सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे और साथ ही नंबर एक टेस्ट गेंदबाज बन गए। सभी प्रारूपों में नंबर एक रैंकिंग हासिल करने वाले भारत के पहले तेज गेंदबाज। मैं उनका बड़ा प्रशंसक हूं और यह बहुत बड़ी उपलब्धि है। अश्विन ने कहा कि दूसरे टेस्ट के चौथे दिन खिलाड़ियों में जो उत्साह और ऊर्जा थी, उससे भारत को मनमुताबिक नतीजा हासिल करने में मदद मिली। उन्होंने कहा कि हम चौथे दिन बराबरी पर थे, लेकिन टीम के खिलाड़ियों में शानदार उत्साह, ऊर्जा और प्रदर्शन से शृंखला 1-1 से बराबर करने में मदद मिली। 5 मैच की शृंखला हैदराबाद, विशाखापत्तनम, राजकोट, रांची और धर्मशाला में खेली जा रही है। अश्विन ने कहा कि ज्यादातर भारतीय खिलाड़ियों ने इन स्थानों पर टेस्ट क्रिकेट नहीं खेला है।

**इंग्लैंड की पहली पारी में रिवर्स स्विंग से बेहतरीन प्रदर्शन कर 45 रन देकर 6 विकेट झटके थे**

# मैक्सवेल के शतक से ऑस्ट्रेलिया जीती

एडीलेड, एजेंसी



**वेस्टइंडीज को 34 रन से हराकर 3 मैच की शृंखला में 2-0 से बनाई बढ़त**

आल राउंडर ग्लेन मैक्सवेल (नाबाद 120 रन) के रिकॉर्ड बराबरी वाले शतक से ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को दूसरे 20-20 मैच में वेस्टइंडीज को 34 रन से हराकर 3 मैच की शृंखला में 2-0 से बढ़त हासिल की। मैक्सवेल ने 55 गेंद पर 8 छक्के और 12 चौके जमाए। उन्होंने टिम डेविड (14 गेंद में 31 रन) के साथ 92 रन की साझेदारी कर ऑस्ट्रेलिया को 4 विकेट पर 241 रन का स्कोर बनाने में मदद की। यह मैक्सवेल का पांचवां टी-20 अंतर्राष्ट्रीय शतक है, जिससे उन्होंने भारतीय स्टार रोहित शर्मा के रिकॉर्ड की बराबरी की। इस लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज ने पहले 7 ओवर में 5 विकेट गंवा दिए। कप्तान रोवमैन पावेल (63 रन) और आंद्रे रसेल (37 रन) ने उम्मीद जगाई, लेकिन लक्ष्य इतना पड़ा था कि टीम 20 ओवर में 9 विकेट पर 207 रन ही बना सकी। मार्कस स्टोइनिस ने 36 रन देकर 3 और पदार्पण कर रहे स्पेंसर जॉनसन ने 39 रन देकर 2 विकेट झटके। ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को होबार्ट में पहले टी-20 में वेस्टइंडीज को 11 रन से हराया था। बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद ऑस्ट्रेलिया का स्कोर भी 6.4 ओवर के बाद 3 विकेट पर 64 रन था। मैक्सवेल ने स्टोइनिस (16 रन) के साथ 82 रन की भागीदारी निभाने के बाद टिम डेविस के साथ 92 रन जोड़े। आंद्रे रसेल के अंतिम ओवर में 25 रन बने। मैक्सवेल ने 50 गेंद में शतक जड़ा जो ऑस्ट्रेलिया में टी20 अंतर्राष्ट्रीय में सबसे तेज शतक है। उन्होंने द. अफ्रीका के रिली रोसोऊ के 2022 विश्व कप के दौरान बांग्लादेश के खिलाफ 52 गेंद में बनाए शतक को पीछे छोड़ा।

## खेल डायरी

### नागल को चेन्नई ओपन का खिताब, शीर्ष 100 में पहुंचना तय



**चेन्नई, एजेंसी।** भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल ने रविवार को चेन्नई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में इटली के लुका नारदी को हराकर अपना पांचवां चैलेंजर स्तर का एकल खिताब जीता, जिससे उनका विश्व रैंकिंग में शीर्ष 100 में पहुंचना तय है। नागल ने इटली के अपने प्रतिद्वंद्वी को आसानी से 6-1 6-4 से हराया। इससे सोमवार को जारी होने वाली विश्व रैंकिंग में उनके 98वें स्थान पर पहुंचने की संभावना है। यह 2019 के बाद पहला अवसर होगा जबकि कोई भारतीय एकल खिलाड़ी शीर्ष 100 में जगह बनाएगा। तब प्रजनेश गुणेश्वरन ने यह उपलब्धि हासिल की थी। नागल ने इस सत्र की शानदार शुरुआत की है। उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई ओपन के मुख्य ड्रॉ के लिए क्वालीफाई किया और पहले दौर में शीर्ष 30 में शामिल खिलाड़ी अलेक्जेंडर बुब्लिक को हराया। वह इस समय शानदार फॉर्म में हैं और उन्होंने बिना कोई सेट गंवाए चेन्नई ओपन जीता।

### मेस्सी के नहीं खेलने पर अर्जेंटीना का चीन दौरा रद

**हांगकांग, एजेंसी।** स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी के हांगकांग में प्रदर्शनी क्लब मैच में नहीं खेलने से स्थानीय फुटबॉल अधिकारियों ने चीन में होने वाले अर्जेंटीना के दोनों मैत्री मैच को रद कर दिए। बीजिंग फुटबॉल संघ ने कहा कि वह मार्च में बीजिंग में आइवरी कोस्ट के खिलाफ अर्जेंटीना का मैत्री मैच आयोजित नहीं करेगा। बीजिंग की इस समय वो मैच आयोजित कराने की योजना नहीं है जिसमें लियोनल मेस्सी को हिस्सा लेना था। वहीं एक दिन पहले चीन के खेल अधिकारियों ने नाईजीरिया के खिलाफ अर्जेंटीना का प्रदर्शनी मैच रद्द कर दिया था। मेस्सी की कप्तानी में विश्व कप चैम्पियन अर्जेंटीना को 18 से 26 मार्च तक के अंतर्राष्ट्रीय ब्रेक के दौरान चीन का दौरा करना था।

### करण-मुकुंद बेंगलुरु ओपन के क्वालीफायर में हारे

**बेंगलुरु, एजेंसी।** भारतीय टेनिस खिलाड़ियों के लिए बेंगलुरु ओपन में दिन मुश्किल भरा रहा, जिसमें पांच घरेलू खिलाड़ी पुरुष एकल क्वालीफाइंग स्पर्धा से बाहर हो गए। वाइल्ड कार्ड से प्रवेश करने वाले करण सिंह को पहले दौर में डान एडिड से हार मिली जबकि शशिकुमार मुकुंद इटली के एस विन्सेंट रूगेरी से पराजित हो गए। पूर्व राष्ट्रीय चैम्पियन सिद्धार्थ विश्वकर्मा भी यूक्रेन के एरिक वाशेलबोइम से हार गए। वाइल्ड कार्ड से प्रवेश करने वाले निकी पूनाचा और आदिल कल्याणपुर भी बाहर हो गए। पूनाचा को आस्ट्रेलिया के बर्नार्ड टॉमिच से हार मिली। आदिल को कोरिया के आठवें वरीय युन सियोंग चुंग से शिकस्त मिली।

### तेजस्विन ने शुरुआती प्रतियोगिता में स्वर्ण जीता

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के ऊंची कूद के राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी एथलीट तेजस्विन शंकर ने बेल्जियम के हेस्ट-ऑप-डेन-बर्ग में इंटरनेशनल हाई जम्प गाला एल्मोस 2024 एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 2.23 मीटर की कूद लगाकर स्वर्ण पदक जीता। पिछले साल अक्टूबर के बाद पहली प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे 25 वर्षीय शंकर शनिवार को विश्व एथलेटिक्स इंडोर टूर चैलेंजर टूर्नामेंट में यूनान के एंटोनियोस मर्लोस (2.20 मीटर) से आगे रहे। शंकर के नाम पुरुषों की ऊंची कूद और डेकाथलॉन दोनों का राष्ट्रीय रिकॉर्ड है, लेकिन वह अपने 2.29 मीटर के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से बेहतर नहीं कर पाए। शंकर डेकाथलॉन पर भी ध्यान दे रहे हैं। उन्होंने पिछले साल एशियाई चैम्पियनशिप में इस स्पर्धा का कांस्य पदक और एशियाई खेलों में रजत पदक जीता था। उनकी निगाहें पेरिस ओलंपिक में जगह बनाने पर लगी हैं, लेकिन इसके लिए उन्हें 2.33 मीटर के क्वालीफाइंग मानक को हासिल करना होगा। प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे अन्य भारतीयों में जेसे संदेश 2.09 मीटर की कूद से संयुक्त 10वें स्थान पर रहे। शंकर अब 20 फरवरी को चेक गणराज्य में होने वाली एथलेटिक्स प्रतियोगिता में शिरकत करेंगे।




# अंडर-19 विश्व कप ऑस्ट्रेलिया ने जीता, भारत को 79 रन से हराया

## चौथी बार बना विजेता, 253 रन का दिया लक्ष्य, भारतीय टीम 174 पर सिमटी

बेनोनी (दक्षिण अफ्रीका), एजेंसी




ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को फाइनल मैच में 79 रन से जीत दर्ज करके चौथी बार अंडर-19 विश्व कप जीत लिया। ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 7 विकेट पर 253 रन का स्कोर खड़ा किया। भारतीय टीम इसके जवाब में 43.5 ओवर में 174 रन बनाकर आउट हो गई।

ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी की। उसकी तरफ से हरजस सिंह (55 रन), हैरी डिक्सन (42), कप्तान ह्यू वीबगेन (48) और ओलिवर पीक (नाबाद 46) ने योगदान दिया। भारतीय तेज गेंदबाज राज लिंबानी ने 3 जबकि बाएं हाथ के तेज गेंदबाज नमन तिवारी ने 2 विकेट लिए। भारतीय बल्लेबाजों में केवल 4 ने दोहरे अंक को छूआ, जिसमें सलामी बल्लेबाज आदर्श सिंह (47) और निचले क्रम के बल्लेबाज मुरूगन अभिषेक (42) भी हैं। ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज माहलि बीयर्डमैन ने 3, कैलम विडलर ने 2 और ऑफ स्पिनर रैफ मैकमिलन ने 3 विकेट लिया। भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने तीसरे ओवर में सलामी बल्लेबाज अर्शीन कुलकर्णी (3) का विकेट गंवा दिया जिन्होंने कैलम विडलर की गेंद पर विकेट के पीछे कैच दे दिया। मुशीर खान (22 रन) बड़ी पारी नहीं खेल पाए। माहलि बीयर्डमैन की गेंद उनके बल्ले का निचला किनारा लेकर विकेट में समा गई। आदर्श ने एक छोर संभाले रखा लेकिन दूसरी तरफ से विकेट गिरते रहे। कप्तान उदय सहारन (8) और सचिन धास (9) दोहरे अंक में भी नहीं पहुंच पाए जबकि प्रियांशु मोलिया (9) और विकेटकीपर बल्लेबाज अरावेल्ली अवनीश (0) ने भी निराश किया, जिससे भारत का स्कोर 6 पर 91 रन रहा। बीयर्डमैन ने आदर्श को विकेट के पीछे कैच कराकर उन्हें अर्धशतक पूरा नहीं करने दिया। मुरुगन और नमन तिवारी (नाबाद 14) नौवें विकेट के लिए 46 रन जोड़े।

वहीं लिंबानी ने सलामी बल्लेबाज सैम कोन्स्टास (0) को अंदर आती गेंद पर बोल्ड करके ऑस्ट्रेलिया को शुरू में झटका दिया। डिक्सन और वीबगेन ने दूसरे विकेट के लिए 78 रन की साझेदारी की। डिक्सन ने बाएं हाथ के तेज गेंदबाज तिवारी पर दो चौके और एक छक्का लगाया। डिक्सन और वीबगेन को लगातार ओवरों में आउट किया। वीबगेन ने प्वाइंट पर मुशीर खान को कैच दिया जबकि डिक्सन का कैच अभिषेक मुरूगन ने लपका। ऑस्ट्रेलिया का स्कोर तक 3 विकेट पर 99 रन था। हरजस और रियान हिक्स (20) ने चौथे विकेट के लिए 66 रन की साझेदारी की। उन्होंने पहला अर्धशतक पूरा किया। बाएं हाथ के स्पिनर सौम्य पांडे ने उन्हें पगबाधा आउट किया। रैफ मैकमिलन भी जल्द आउट हो गए, जिससे ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 6 पर 187 रन हो गया, लेकिन ओलिवर पीक और चार्ली एंडरसन (13) ने सातवें विकेट के लिए 34 रन जोड़कर टीम को अच्छे स्कोर तक पहुंचाया।

## स्कोर बोर्ड

**ऑस्ट्रेलिया** 253/7 (50 ओवर)

| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| हैरी डिक्सन का अभिषेक बो तिवारी | 42 | 56 | 3/1 |
| सैम कोन्स्टास बो लिम्बानी | 00 | 08 | 0/0 |
| ह्यू वीबगेन का मुशीर खान बो तिवारी | 48 | 66 | 5/0 |
| हरजस सिंह पगबाधा बो पांडे | 55 | 64 | 3/3 |
| रेयान हिक्स पगबाधा बो लिम्बानी | 20 | 25 | 2/0 |
| ओलिवर पीक नाबाद | 46 | 43 | 2/1 |
| राफ मैकमिलन का एवं बो मुशीर खान | 02 | 08 | 0/0 |
| चार्ली एंडरसन पगबाधा बो लिम्बानी | 13 | 18 | 0/1 |
| टॉम स्ट्रेकर नाबाद | 08 | 13 | 0/0 |

**अतिरिक्त:** (लेग बाई-11, नोबॉल-1, वाइड-7) 19, **विकेट पतन:** 1-16, 2-94, 3-99, 4-165, 5-181, 6-187, 7-221, **गेंदबाजी:** राज लिम्बानी 10-0-38-3, नमन तिवारी 9-0-63-2, सौम्य पांडे 10-0-41-1, मुशीर खान 9-0-46-1, मुरूगन अभिषेक 10-0-37-0, प्रियांशु मोलिया 2-0-17-0

**भारत** 174/10 (43.5 ओवर)

| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| हैरीआदर्श सिंह का हिक्स बो बीयर्डमैन | 47 | 77 | 4/1 |
| अर्शिन कुलकर्णी का हिक्स बो विडलर | 03 | 06 | 0/0 |
| मुशीर खान बो बीयर्डमैन | 22 | 33 | 3/0 |
| उदय सहारन का वीबगेन बो बीयर्डमैन | 08 | 18 | 0/0 |
| सचिन धास का हिक्स बो मैकमिलन | 09 | 08 | 1/0 |
| प्रियांशु मोलिया का विडलर बो एंडरसन | 09 | 21 | 0/0 |
| अरावेली अविनाश का एवं बो मैकमिलन | 00 | 02 | 00 |
| मुरूगन अभिषेक का वीबगेन बो विडलर | 42 | 46 | 5/1 |
| राज लिंबानी बो मैकमिलन | 00 | 05 | 0/0 |
| नमन तिवारी नाबाद | 14 | 35 | 0/1 |
| सौम्य पांडे का हिक्स बो स्ट्रेकर | 02 | 13 | 0/0 |

**अतिरिक्त:** (लेग बाई-7, नोबॉल-1, वाइड-10) 18, **विकेट पतन:** 1-3, 2-40, 3-55, 4-68, 5-90, 6-91, 7-115, 8-122, 9-168,10-174, **गेंदबाजी:** कैलम विडलर 10-2-35-2, चार्ली एंडरसन 9-0-42-1, टॉम स्ट्रेकर 7.5-1-32-1, महली बीयर्डमैन 7-2-15-3, रैफ मैकमिलन 10-0-43-3

# अफीफ की हैट्रिक से कतर ने जीता खिताब

**एशियाई कप**



**लुसैल (कतर), एजेंसी।** कतर ने अकरम अफीफ की पेनल्टी पर की गई हैट्रिक की बदौलत शनिवार को जोर्डन को 3-1 से हराकर लगातार एशियाई कप खिताब अपनी झोली में डाला। टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी और 8 गोल से शीर्ष स्कोररर अफीफ ने शनिवार को लुसैल स्टेडियम में तीनों स्पॉट किक को गोल में तब्दील करने में जरा भी गलती नहीं की। पिछले साल इसी स्टेडियम में विश्व कप का फाइनल खेला गया था, जिसमें लियोनल मेस्सी और किलियान एमबापे ने इसे रोमांचक बना दिया था। लेकिन शनिवार को अफीफ आकर्षण का केंद्र रहे और वह एशियाई कप फाइनल में हैट्रिक लगाने वाले पहले फुटबॉलर बने। जापान ने 2000 और 2004 में लगातार एशियाई कप खिताब जीता था। इसके बाद से कतर लगातार खिताब जीतने वाला पहला देश बन गया। स्टेडियम में 86,000 से ज्यादा दर्शक मौजूद थे। अफीफ ने 22वें मिनट में पहली पेनल्टी को गोल में बदला, जिसके बाद यजान अल नेमत ने 67वें मिनट में गोल कर जोर्डन को बराबरी पर ला दिया। अफीफ ने फिर 73वें मिनट में स्पॉट किक से और 'स्टॉपेज टाइम' (95वें मिनट) मिनट में स्पॉट किक से गोल कर अपनी टीम को जीत दिलाई। उन्होंने कहा कि मैं इन पेनल्टी को गोल में बदल सका क्योंकि मेरे साथियों को मुझ पर पूरा विश्वास था। यह तकनीक के बारे में नहीं बल्कि उस अहसास के बारे में है कि लोग यानी मेरी टीम मेरे पीछे समर्थन के लिए खड़ी है।

# भारत के खिलाफ बचे हुए तीन टेस्ट मैचों से बाहर इंग्लैंड के स्पिनर लीच

लंदन, एजेंसी



इंग्लैंड के बाएं हाथ के स्पिनर जैक लीच घुटने की चोट से भारत के खिलाफ बचे तीन टेस्ट मैच से बाहर हो गए। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने ये घोषणा की। लीच के स्थान पर किसी और खिलाड़ी को शामिल नहीं किया गया है। इससे संकेत मिलता है कि टॉम हार्टले, रेहान अहमद और शोएब बशीर की स्पिन तिकड़ी ही बचे हुए दौरे में रहेगी। जो रूट इंग्लैंड के चौथे स्पिन विकल्प हैं। लीच को हैदराबाद में पहले टेस्ट दौरान बाएं पैर के घुटने में चोट लगी थी, जिससे वह विशाखापत्तनम के टेस्ट में नहीं खेल पाए थे। ईसीबी ने कहा कि वह 24 घंटे में अबुधाबी से घर रवाना होंगे, जहां इंग्लैंड की टीम राजकोट में होने वाले टेस्ट से पहले रुकी है।

# बॉलीवुड हलचल

## शक्तिमान का किरदार निभा सकते हैं रणवीर



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता रणवीर सिंह सिल्वर स्क्रीन पर सुपरहीरो शक्तिमान का किरदार निभाते नजर आ सकते हैं। सुपरहिट टीवी सीरियल शक्तिमान में मुकेश खन्ना ने शक्तिमान का किरदार निभाया था। फिल्म शक्तिमान के निर्माण का ऐलान पिछले साल किया गया था। सोनी पिक्चर्स ने फिल्म शक्तिमान का ऐलान किया था और मुकेश खन्ना को इसका क्रिएटिव कंसल्टेंट बनाया था। कहा जा रहा है कि रणवीर सिंह ने शक्तिमान का किरदार निभाने में दिलचस्पी दिखाई है। निर्माताओं को लगता है कि वह शक्तिमान के किरदार के साथ पूरा इंसाफ कर सकते हैं। सोनी पिक्चर्स और साजिद नाडियाडवाला मिलकर इस फिल्म को प्रोड्यूस करेंगे। कहा जा रहा है कि जब एक बार रणवीर सिंह, डॉन 3 की शूटिंग खत्म कर देंगे उसके बाद शक्तिमान की शूटिंग शुरू होगी। बताया जा रहा है कि ये एक बिग बजट फिल्म होने वाली है। मेकर्स इसको बनाने में लगभग 300-350 करोड़ रुपये खर्च करने वाले हैं।

## वैलेंटाइन वीक पर 22 रोमांटिक फिल्में हुई री- रिलीज

**मुंबई, एजेंसी।** वैलेंटाइन वीक के अवसर पर 22 रोमांटिक फिल्में री- रिलीज की गई हैं। पीवीआर आईनॉक्स ने वेलेंटाइन वीक के अवसर पर कई रोमांटिक फिल्मों को री- रिलीज किया है। इन फिल्मों की लिस्ट में 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे', 'ये जवानी है दीवानी' 'जब वी मेट', 'मोहब्बतें', 'वीर जारा', 'प्यार का पंचनामा', 'दिल तो पागल है' और 'तू झूठी मैं मक्कार' समेत 22 फिल्में शामिल है। ये फिल्में मुंबई, दिल्ली और गोवा सहित 62 शहरों में री-रिलीज हुई हैं।

## 9 अरब कमाकर भी शांत नहीं होना वाला है 'एनिमल'



'एनिमल' से बॉक्स ऑफिस पर धूम मचाने वाले रणबीर कपूर आगे कई बड़ी फिल्मों में नजर आएंगे। दिसंबर 2023 में 'एनिमल' के जरिए रणबीर कपूर ने इतिहास रच दिया। रिलीज के पहले दिन से ही फिल्म का दबदबा रहा और दुनियाभर में इस फिल्म ने 915 करोड़ यानी 9 अरब का कारोबार किया और ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर हो गई। ये मामला यहीं पर रुकने वाला नहीं है। एनिमल के बाद रणबीर के खाते में और भी कई ऐसी फिल्में हैं, जो बॉक्स ऑफिस को हिलाकर रखने का दम रखती हैं। **निमल पार्क:** एनिमल के साथ ही मेकर्स ने ये भी ऐलान कर दिया था कि इसका सीक्वल आएगा, जिसे 'एनिमल पार्क' के नाम से रिलीज किया जाएगा। 'एनिमल' के आखिरी सीन को देखकर इस बात का अंदाजा लग गया था कि दूसरे पार्ट में और भी ज्यादा खून खराबा होने वाला है। 'एनिमल' की दमदार कमाई देखकर ये अनुमान लगाया जा सकता है कि 'एनिमल पार्क' भी बॉक्स ऑफिस हिलाकर रख सकती है। **ब्रह्मास्त्र 2:** रणबीर की अपकमिंग फिल्मों में 'ब्रह्मास्त्र 2' भी है। 2022 में इसका पहला पार्ट आया था। फिल्म ने वर्ल्डवाइड 400 करोड़ से ज्यादा की कमाई की थी। **रामायण:** इस लिस्ट में नितेश तिवेश तिवारी के डायरेक्शन में बनने जा रही 'रामायण' भी है। **लव एंड वॉर:** इस फिल्म को संजय लीला भंसाली बना रहे हैं। इसमें रणबीर के साथ उनकी पत्नी और एक्ट्रेस आलिया भट्ट भी नजर आएंगी। साथ ही विक्की कौशल भी इस फिल्म में लीड रोल में हैं। यानी इस फिल्म में ये तीनों बड़े सितारे एक साथ दिखेंगे। ऐसे में हो सकता है कि यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर धमाका कर दे। पिछले कुछ समय से एक फिल्म की और चर्चा हो रही है। कहा जा रहा है कि उस फिल्म को राजकुमार हिरानी बनाएंगे और रणबीर उसमें लीड रोल में होंगे। हालांकि अभी तक ऑफिशियल तौर पर कोई भी जानकारी नहीं है।

## रामचरण को लेकर फिल्म बनाएंगे संजय लीला भंसाली



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड के फिल्मकार संजय लीला भंसाली दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार रामचरण को लेकर फिल्म बना सकते हैं। संजय लीला भंसाली इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म लव एंड वॉर तथा वेब सीरीज हीरामंडी को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। चर्चा है कि इसके साथ ही भंसाली एक नई पैन इंडिया फिल्म बनाने की तैयारी में हैं। कहा जा रहा है कि भंसाली इस फिल्म में रामचरण को कास्ट करेंगे। फिल्म की कहानी अमीश त्रिपाठी की बुक, द लीजेंड ऑफ सुहेलदेव पर आधारित है। सुहेलदेव के रोल के लिए भंसाली की टीम ने कुछ समय पहले रामचरण से संपर्क किया है। रामचरण ने फिल्म की स्क्रिप्ट पढ़ ली है। यदि रामचरण के मन मुताबिक सबकुछ सही रहा तो वो इस फिल्म में राजपूत योद्धा सुहेलदेव का किरदार निभाते नजर आ सकते हैं। अमीश त्रिपाठी द्वारा लिखित, द लीजेंड ऑफ सुहेलदेव महान राजा सुहेलदेव की बहादुरी की कहानी पर आधारित है। राजा सुहेलदेव ने बहराइच की लड़ाई में गाजी सैय्यद सालार मकसूद की सेना को हराया था।

## दबंगी - मुलगी आई रे आई' में लीप के बाद रचना मिस्त्री ने ली आर्या की जगह



**मुंबई, एजेंसी।** सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन की दिलचस्प कहानी, 'दबंगी - मुलगी आई रे आई' में 14 फरवरी से 14 साल का लीप देखने को मिलेगा, जिसमें आर्या अपने बाबा अंकुश और अपनी आई छाया की मौत का बदला लेने के लिए वापस लौटेगी। जैसे-जैसे कहानी सामने आती है, दर्शक 14 साल का लीप देखेंगे, जो आर्या के प्रतिशोध से भरी कहानी को एक नई दिशा देगी। लीप के बाद बड़ी हो चुकी आर्या की भूमिका में प्रतिभाशाली अभिनेत्री रचना मिस्त्री कदम रखेंगी। ऐरा के वेश में और न्याय की चाहत से प्रेरित, आर्या, अभी भी अपनी दबंगी वाला हौसला रखती है, लेकिन नई परिपक्वता के साथ, अपनी आई, छाया और बाबा अंकुश की हत्याओं का प्रतिशोध चाहती है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# मुर्मू ने गोरखा राइफल्स की पहली बटालियन को सौंपी जिम्मेदारी



राष्ट्रपति भवन में आर्मी गार्ड बटालियन के साथ मौजूद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू।

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू रविवार को राष्ट्रपति भवन में आर्मी गार्ड के रूप में तैनात सिख रेजिमेंट की 6वीं बटालियन के औपचारिक बदलाव समारोह में शामिल हुईं।

समारोह के दौरान, सिख रेजिमेंट की 6वीं बटालियन ने औपचारिक आर्मी गार्ड बटालियन के रूप में अपना कार्यकाल पूरा कर लिया है। उन्होंने अब 5वीं गोरखा राइफल्स की पहली बटालियन को कार्यभार सौंप दिया।बता दें कि सेना की विभिन्न पैदल इकाइयां बारी-बारी से राष्ट्रपति भवन में आर्मी गार्ड के रूप में काम करती हैं। आर्मी गार्ड बटालियन राष्ट्रपति भवन में औपचारिक गार्ड कर्तव्यों का पालन करने के अलावा विभिन्न कार्यक्रमों गणतंत्र दिवस परेड, स्वतंत्रता दिवस परेड और बीटिंग द रिट्रीट समारोह में भी शामिल होती है। समारोह के दौरान राष्ट्रपति मुर्मू ने सिख रेजिमेंट की 6वीं बटालियन के सैनिकों की सराहना की।

**▸▸ राष्ट्रपति मुर्मू ने सिख रेजिमेंट की 6वीं बटालियन के सैनिकों की सराहना की**

## आर्थिक दृष्टिकोण को लेकर आश्वस्त है आईएमएफः जार्जीवा

**दुबई।** युद्ध और भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बावजूद अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) आर्थिक दृष्टिकोण को लेकर आश्वस्त है, क्योंकि वैश्विक अर्थव्यवस्था लचीली बनी हुई है।

दुबई में आयोजित वर्ल्ड गवर्नमेंट समिट को संबोधित करते हुए आइएमएफ की प्रबंध निदेशक क्रिस्टालिना जार्जीवा ने कहा कि संगठन एक रिसर्च पेपर प्रकाशित करेगा, जिसमें दिखाया जाएगा कि किस तरह ऊर्जा सब्सिडी को चरणबद्ध तरीके से खत्म करके पश्चिम एशिया 336 अरब डालर की बचत कर सकता है। यह रकम इराक और लीबिया की संयुक्त अर्थव्यवस्था के बराबर है। ऐसा करने से आर्थिक बचत ही नहीं होगी बल्कि प्रदूषण से निपटने में मदद मिलेगी और देश सामाजिक सरोकारों पर और ज्यादा खर्च कर सकेंगे।

## कई राज्यों में सुरक्षा के लिए लागू की जा रही हाई सिक्योरिटी

# नंबर प्लेट, हो रही अनिवार्य


*देश के कई राज्यों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट अनिवार्य हो रही है। इस प्लेट के कई फायदे हैं। कई लोग अभी भी इनको कार पर लगाने में संकोच करते हैं। जबकि यह सुरक्षा की दृष्टि से लागू की जा रही है। जानते हैं इस प्लेट के बारे में...*

### क्या है हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट

इन प्लेट्स को एल्युमिनियम से बनाया जाता है। जिनपर एक होलोग्राम लगा होता है जो क्रोमियम आधारित होता है। होलोग्राम के अंदर वाहन की पूरी जानकारी होती है। हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट पर सुरक्षा के लिए यूनिक लेजर कोड भी प्रिंट होता है। हर वाहन के लिए अलग कोड दिया जाता है। इसे आसानी से हटाया नहीं जा सकता। नए वाहनों के अलावा पुराने वाहनों पर भी इसे लगाना जरूरी है। अगर कोई वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो जाए तो ऐसे में कार में लगी हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट से वाहन के मालिक सहित सभी जानकारी मिल जाती है। इससे कार सवार घायलों के परिजनों तक जानकारी भेजी जा सकती है।




**क्या है खासियत**- सबसे बड़ी खासियत होती है कि अगर ये एक बार टूट जाए तो फिर इसे जोड़ा नहीं जा सकता। कोई भी इसे कॉपी कर नकली प्लेट नहीं बना सकता। इसी कारण वाहन की सुरक्षा बढ़ जाती है। प्लेट के चोरी होने या दूसरे वाहन में दुरुपयोग होने की आशंका कम होती है।




**अनिवार्य है प्लेट लगाना**- सेंट्रल मोटर व्हीकल एक्ट 1989 के नियम 50 के तहत वाहन पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाना अनिवार्य है। बगैर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के वाहन पाए जाने पर विभिन्न राज्यों में 1000 से लेकर 10 हजार रुपए तक जुर्माना है। इस लगवाने के लिए स्टेट ट्रांसपोर्ट की साइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

**कैसे बनवाएं**

- सरकार द्वारा अधिकृत पंजीकरण पोर्टल Bookmyhsrp.com पर जाएं
- सभी आवश्यक विवरण जैसे वाहन नंबर, चेसिस नंबर, इंजन नंबर, पता, संपर्क सूत्र,ऑप्शन आदि भरें।
- यदि वाहन निजी उपयोग के लिए है, तो स्क्रीन पर प्रदर्शित वाहन श्रेणी विकल्प के तहत 'non-transport' पर क्लिक करें।
- इस फॉर्म को सबमिट करें आपको अपने पंजीकृत मोबाइल नंबर पर एक यूजर नेम और पासवर्ड प्राप्त होगा।
- भुगतान करने के लिए दिए गए यूजर नेम और पासवर्ड का उपयोग करके लॉगिन करें। इसके साथ ही आपको एक रसीद भी मिल जाएगी
- जैसे ही आपके वाहन का एचएसआरपी नंबर तैयार हो जाएगा, आपको अपने पंजीकृत मोबाइल नंबर पर इसकी सूचना प्राप्त होगी।
- इस प्रक्रिया के कुछ समय बाद नंबर प्लेट आ जाएगा और आप इसे अपने वाहन में लगवा सकेंगे।

## एक नजर

### मेघालयः वैद्यनाथन ने हाई कोर्ट के मुख्य जज के रूप में ली शपथ

**शिलांग।** न्यायमूर्ति एस वैद्यनाथन ने रविवार को मेघालय उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। अधिकारियों ने बताया कि राज्यपाल फागू चौहान ने राजभवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में न्यायमूर्ति वैद्यनाथन को पद की शपथ दिलाई। न्यायमूर्ति एस वैद्यनाथन मुख्य न्यायाधीश संजीव बनर्जी का स्थान लेंगे। बनर्जी पिछले साल नवंबर में सेवानिवृत्त हुए थे। न्यायमूर्ति वैद्यनाथन अक्टूबर 2013 से मद्रास उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में सेवा दे रहें है।

### मुझसे गलती हो गई...कहकर हंगरी के राष्ट्रपति ने दिया इस्तीफा

**बुडापेस्ट।** हंगरी की राष्ट्रपति कैटलिन नोवाक ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। कैटलिन नोवाक ने शनिवार को इस्तीफे का एलान किया। दरअसल, उन्होंने एक ऐसे शख्स को माफ कर दिया, जिसने 2022 में अपने बॉस द्वारा नाबालिगों के यौन शोषण की बात छिपाई थी। इसके बाद पूर देश में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया और कैटलिन नोवाक को राष्ट्रपति पद से इस्तीफा देना पड़ा। नोवाक ने शनिवार को कहा, "राज्य के प्रमुख के रूप में, मैं आज आखिरी बार आपको संबोधित कर रही हूं। मैं राष्ट्रपति के कार्यालय से इस्तीफा दे रही हूं। जिन पीड़ितों को लगा होगा कि मैं उनके लिए खड़ी नहीं हो रही हूं। मैं बच्चों और परिवारों के साथ थी, हूं और हमेशा रहूंगी।



### अमेरिकाः हेलीकॉप्टर दुर्घटना में नाइजीरिया बैंक के सीईओ की मौत

**कैलिफोर्निया।** दक्षिण कैलिफोर्निया के मोहावी मरुस्थल में एक हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त हो गया। घटना में नाइजीरिया के सबसे बड़े बैंकों में से एक मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ), उनकी पत्नी और बेटे की मौत हो गई है। हेलीकॉप्टर शुक्रवार रात 10 बजे दुर्घटनाग्रस्त हुआ और सवार छह लोगों में एक्सेस बैंक के सीईओ हर्बट विग्वे भी शामिल थे। नाइजीरिया के पूर्व वित्त मंत्री नगोजी अकोंजो-इवेला ने इन मौत की पुष्टि की है। इवेला अब विश्व व्यापार संगठन के महानिदेशक हैं।

### ब्रिटेन में भारतवंशी युवक ने पत्नी की हत्या का जुर्म कबूला


**लंदन।** ब्रिटेन की राजधानी लंदन के दक्षिणी हिस्से में स्थित एक आवास पर पिछले साल अपनी पत्नी की हत्या करने का जुर्म कबूल कर लिया है। महक शर्मा (19) की 29 अक्टूबर की शाम हत्या करने के संदेह में साहिल शर्मा (24) को उनके मकान से गिरफ्तार किया गया था। शर्मा को किंगस्टन क्राउन कोर्ट में गुरुवार को पेश किया गया, जहां उसने महक की हत्या का जुर्म कबूला। अदालत अब इस मामले में 26 अप्रैल को सजा सुनाएगी। जांच निरीक्षक ने बताया, साहिल शर्मा के कृत्य ने एक परिवार को तबाह कर दिया।

## पाकिस्तानः गौहर ने कहा- पीटीआई को सरकार बनाने का न्योता देंगे राष्ट्रपति

# नवाज की रणनीति को सेना का समर्थन

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान को त्रिशंकु संसद का सामना करना पड़ा है। इस बीच राजनीतिक दलों ने रविवार को गठबंधन सरकार के गठन के लिए अपने प्रयास तेज कर दिए, जब यह स्पष्ट हो गया कि आम चुनाव के बाद देश में किसी पार्टी को बहुमत नहीं मिला है। पाकिस्तान में आम चुनाव गुरुवार को हुए थे, लेकिन नतीजों की घोषणा में असामान्य देरी के कारण माहौल खराब हो गया। कई पार्टियों ने तो हंगामा कर दिया और कुछ ने विरोध प्रदर्शन भी किया।



बता दें, पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने नवाज शरीफ के गठबंधन सरकार बनाने के आग्रह का समर्थन किया। वहीं, कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवर-उल-हक-काकड़ ने भी गठबंधन सरकार बनने की उम्मीद जताई है। दूसरी तरफ पीटीआई के अध्यक्ष बैरिस्टर गौहर अली खान ने कहा कि राष्ट्रपति आरिफ अल्वी उनकी पार्टी को सरकार बनाने के लिए निमंत्रण देंगे, क्योंकि उन्होंने नेशनल असेंबली में बहुमत हासिल कर लिया है। नवाज ने को अपने प्रतिद्वंद्वियों से गठबंधन सरकार बनाने की अपील की थी। सेना के समर्थन के बाद माना जा रहा है कि पाकिस्तान में नवाज शरीफ की पार्टी (पीएम-एल-एन) गठबंधन सरकार बनाने में कामयाब हो जाएगी।

बिलावल जरदारी भुट्टो की पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी को 54 सीटें मिलीं और विभाजन के दौरान भारत से आए उर्दू भाषी लोगों की कराची स्थित मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट पाकिस्तान (एमक्यूएम-पी) को 17 सीटें मिलीं। बाकी 12 सीटों पर अन्य छोटी पार्टियों ने जीत हासिल की।



### चुनाव के नतीजों को चुनौती वाली कई याचिकाएं दायर

पाकिस्तान की अदालतों में याचिकाओं की बाढ़ आ गई है, क्योंकि पीटीआई समर्थित कई उम्मीदवारों ने चुनावी धांधली का आरोप लगाते हुए चुनाव के नतीजों को चुनौती दी है। अधिकांश याचिकाएं लाहौर उच्च न्यायालय में दायर की गईं, इमरान समर्थित उम्मीदवारों ने चुनाव परिणामों के खिलाफ इस्लामाबाद उच्च न्यायालय का रुख किया। तीन याचिकाएं सिंध हाई कोर्ट में दायर की हैं। निर्वाचन आयोग ने रविवार को आम चुनाव के अंतिम परिणाम घोषित किए, जिसमें खान की पार्टी द्वारा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों ने 101 सीट पर जीत दर्ज की।

### राजनीतिक दलों के बीच झड़प में तीन लोगों की मौत, सात घायल

पाकिस्तान के दक्षिणी प्रांत सिंध में रविवार को दो राजनीतिक दलों के बीच झड़प में तीन लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि लरकाना जिले में पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) और ग्रैंड डेमोक्रेटिक अलायंस (जीडीए) के कार्यकर्ताओं के बीच बहस से शुरू हुई झड़प देखते ही देखते सशस्त्र संघर्ष में तब्दील हो गयी। दोनों दलों के बीच झड़प में गोलीबारी भी हुई, जिसमें दोनों दलों के कार्यकर्ता और उनकी सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मी हताहत हुए। सूत्रों ने बताया कि स्थिति को नियंत्रित करने के लिए स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची, जिसमें एक सहायक पुलिस उपनिरीक्षक समेत तीन लोगों की मौत हो गयी। पुलिस के हस्तक्षेप के बाद प्रदर्शनकारी तितर-बितर हो गये और स्थिति पर नियंत्रण कर लिया गया।

## ट्रायल कोर्ट को निचली अदालत कहना बंद करें रजिस्ट्री विभागः शीर्ष कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अपने रजिस्ट्री विभाग को कहा है कि वे ट्रायल कोर्ट को 'निचली अदालत' कहना बंद करें। निर्देश में ये भी कहा गया है कि ट्रायल कोर्ट के रिकॉर्ड को भी निचली अदालत के रिकॉर्ड नहीं कहा जाना चाहिए। जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस उज्जल भुयन ने दो लोगों की याचिका पर सुनवाई की, जिसमें इलाहाबाद हाईकोर्ट के उन्हें उम्रकैद की सजा सुनाने के फैसले को चुनौती दी गई थी।

सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा कि 'इस अदालत की रजिस्ट्री द्वारा ट्रायल कोर्ट को निचली अदालत कहना गलत है। साथ ही ट्रायल कोर्ट के रिकॉर्ड को भी निचली अदालत के रिकॉर्ड नहीं कहा जाना चाहिए। रजिस्ट्रार इस आदेश पर नोटिस लें।' याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने रजिस्ट्री से ट्रायल कोर्ट के रिकॉर्ड की सॉफ्ट कॉपी की मांग की थी और 6 फरवरी को सुनवाई की। अब 8 फरवरी को दिए अपने आदेश में सुप्रीम कोर्ट ने उक्त बात कही।

# हूती हमलों के बीच क्षेत्र में बड़ी शक्ति बनकर उभरा भारत

दुबई, एजेंसी

पिछले दो माह से भारत और भारतीय नौसेना लाल सागर और अरब सागर सहित इस पूरे समुद्री मार्ग की रक्षा के लिए बड़ी शक्ति बनकर उभरा है। भारतीय नौसेना ने दिसंबर से लेकर अब तक 17 जहाजों को समुद्री लुटेरों से से बचाया है। पिछले कुछ सप्ताह भारतीय नौसेना के आईएनएस सुमित्रा ने 36 घंटे में 2 जहाजों को सोमालियाई लुटेरों से बचाया। भारतीय विदेशमंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि अगर हमारे पास बुरी चीजें होती रहें, तो हम यह नहीं कह सकते हैं कि इससे हमारा कुछ लेना-देना नहीं है।

22 नवंबर 2023 को हूती विद्रोहियों ने कार्गोशिप गैलेक्सी लीडर को निशाना बनाया था। हूतियों ने वजह बताई- गाजा में इजराइली हमले। हूतियों के हमले बढ़ने के साथ दुनिया का सबसे महत्वपूर्ण समुद्री व्यापार मार्ग स्वेज-लाल सागर मार्ग की सुरक्षा खतरे में पड़ गई। अमेरिकी टास्क फोर्स में रहने की बजाय भारत ने अलग मोर्चा संभाला लाल सागर में होने वाले हूती हमले के बीच अमेरिकी नेतृत्व वाले 20 देशों के टास्क फोर्स ने ऑपरेशन प्रोस्पेरिटी गार्डियन' शुरू किया।

**2 महीने में भारतीय नौसेना ने समुद्री लुटेरों के 17 हमले रोके**



### अल-शबाब ने ली मोगादिशू में हमले की जिम्मेदारी

**दुबई।** सोमालिया की राजधानी मोगादिशू स्थित सैन्य अड्डे पर शनिवार को किए गए हमले की जिम्मेदारी अल-कायदा से जुड़े आतंकी संगठन अल-शबाब ने ली है। हमले में सैन्य प्रशिक्षण में भाग ले रहे तीन अमीराती सैनिकों व बहरीन के अधिकारी की मौत हो गई थी। हालांकि, रविवार को मरने वाले सैनिकों की संख्या पुष्टि नहीं हो सकी थी। सोमालिया के राष्ट्रपति हसन शेख मोहम्मद ने सैनिकों की मौत पर यूएई के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की थी।

### शेषनाग झील जमी...





**श्रीनगर :** जम्मू-कश्मीर और हिमाचल के पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी जारी है। श्रीनगर, शिमला समेत दूसरे शहरों में पारा शून्य के नीचे चल रहा है। यह तस्वीर अमरनाथ गुफा के तीर्थ मार्ग पर स्थित शेषनाग झील की है। वहां बर्फबारी के चलते वादियां बर्फ से ढकी हैं। पारा माइनस 18 डिग्री सेल्यियस चल रहा है। इस कारण शेषनाग झील जम चुकी है। झील को प्राचीन काल से ही पवित्र माना जाता है। समुद्र तल से 11,870 फीट ऊंचाई पर मौजूद ये झील ये पहलगाम से 10 किमी दूर है। ● एजेंसी

## कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न बिहार के वोट पाने की सियासतः उद्धव

मुंबई, एजेंसी

नरेंद्र मोदी सरकार ने आगामी लोकसभा चुनावों में पूर्वी राज्य से वोट पाने के लिए बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न से सम्मानित किया है। शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने रविवार को भारत रत्न को लेकर सरकार पर तंज कसा।

मुंबई में शिवसेना कार्यकर्ताओं के एक भाषण के दौरान, ठाकरे ने दावा किया कि भारतीय जनसंघ (जो कि भारतीय जनता पार्टी का अग्रदूत था) ने पिछड़े वर्गों को 26 प्रतिशत आरक्षण देने के ठाकुर के फैसले का विरोध किया था। ठाकरे ने कहा, लेकिन अब भाजपा बिहार में लोकसभा चुनाव में वोट चाहती है, इसलिए उनके लिए मरणोपरांत भारत रत्न की घोषणा की। मुझे खुशी है कि उनके (ठाकुर के) काम को इतने सालों के बाद स्वीकार किया जा रहा है। ठाकरे ने आगे कहा, भाजपा ने भारत रत्न के लिए डॉ. एस स्वामीनाथन के नाम की घोषणा की, लेकिन कृषि आय बढ़ाने पर उनकी अध्यक्षता वाले आयोग द्वारा की गई सिफारिश को लागू करने में विफल रही है। ठाकरे ने दावा किया, लोग इस खोखलेपन को समझ सकते हैं।

केंद्र सरकार ने इस साल देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार भारत रत्न के लिए पांच नामों की घोषणा की। इन पांच नामों में से वे हैं पूर्व प्रधानमंत्री पी वी नरसिम्हा राव और चौधरी चरण सिंह, डॉ एस स्वामीनाथन, कर्पूरी ठाकुर और भाजपा के दिग्गज लालकृष्ण आडवाणी।



**▸▸ शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे ने सर्वोच्च सम्मान को लेकर कसा तंज**

## ईरान के सुप्रीम नेता अयातुल्ला खामनेई का फेसबुक-इंस्टाग्राम अकाउंट बैन, उल्लंघन का आरोप

**तेहरान, एजेंसी।** ईरान के सर्वोच्च नेता आयातुल्लाह अली खामेनेई के फेसबुक और इंस्टाग्राम अकाउंट को ब्लॉक कर दिया गया है। मेटा प्रवक्ता ने जानकारी दी कि आयातुल्लाह अली खामेनेई के फेसबुक और इंस्टाग्राम अकाउंट के जरिए इन एप्स के गाइडलाइन्स का उल्लंघन किया जा रहा था।



बता दें कि ईरान खुलकर हमास का समर्थन कर रहा है। वहीं, अयातुल्ला अली खामेनेई कई सोशल मीडिया के जरिए भी इजराइल और अमेरिका के खिलाफ कार्रवाई करने की धमकी दे चुके हैं। अयातुल्ला अली खामेनेई ने गाजा पर इजरायल की बमबारी के साथ-साथ यमन के हूती विद्रोहियों द्वारा लाल सागर में शिपिंग पर हमलों के खिलाफ फिलिस्तीनी जवाबी कार्रवाई का भी सार्वजनिक रूप से समर्थन किया है। 35 साल से ईरान की सत्ता पर काबिज खामनेई के इंस्टाग्राम पर 50 लाख फॉलोअर्स हैं। बताते चलें कि हमास को अमेरिका द्वारा एक विदेशी आतंकवादी संगठन के रूप में नामित किया गया है। ईरान में इंस्टाग्राम और फेसबुक पर प्रतिबंध है, लेकिन ईरानी प्रतिबंधों से बचने के लिए यूजर्स फेसबुक, ट्विटर और यूट्यूब को वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क या वीपीएन से जरिए इस्तेमाल करते हैं।

## यूपीआई सेवाएं श्रीलंका और मॉरीशस में आज से होंगी शुरू

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को श्रीलंका और मॉरीशस में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से डिजिटल भुगतान प्रणाली यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) सेवाओं का शुभारंभ करेंगे। पीएम मोदी के साथ इस दौरान श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे और मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद जगन्नाथ भी मौजूद रहेंगे। विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी है।

विदेश मंत्रालय ने बताया कि पीएम मोदी इस दौरान दोनों देशों में यूपीआई के साथ-साथ रुपे कार्ड सेवाओं की भी शुरुआत करेंगे। आधिकारिक जानकारी में बताया गया है कि यह कार्यक्रम 12 फरवरी यानी आज दोपहर एक बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से होगा। मालूम हो कि श्रीलंका और मॉरीशस के साथ भारत के मजबूत सांस्कृतिक और आपसी संबंधों को देखते हुए इसे लॉन्च किया जा रहा है। भारत से श्रीलंका और मॉरीशस में यात्रा करने वाले भारतीय नागरिकों और इन दोनों देशों से भारत आने वाले यात्रियों को इस कदम से डिजिटल लेनदेन करने में सुविधा होगी।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि इस पहल से बिना रुके डिजिटल लेनदेन के माध्यम से व्यापक वर्ग के लोगों को लाभ होगा और देशों के बीच डिजिटल कनेक्टिविटी बढ़ेगी। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, भारत की यात्रा करने वाले मॉरीशस के नागरिकों के लिए यूपीआई निपटान सेवाओं की उपलब्धता को सक्षम करेगा।



**▸▸ पीएम मोदी विक्रम सिंघे मॉरिशस के पीएम जगन्नाथ वर्चुअली होंगे शामिल**

**चिंताजनक** जॉर्जिया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी ने शोध में दी नई जानकारी, एआई मॉडल ने हर बार युद्ध को चुना

# युद्धविराम नहीं, परमाणु युद्ध सुझाते हैं एआई मॉडल

वाशिंगटन, एजेंसी

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का लगातार हर क्षेत्र में दबदबा बढ़ता जा रहा है। युद्ध में भी इसके इस्तेमाल को लेकर लगातार प्रयोग हो रहे है। विशेषज्ञ लगातार इसके खतरे के प्रति आगाह कर रहे हैं लेकिन कुछ देशों ने ने इसका इस्तेमाल शुरू कर दिया है। एक हालिया शोध में पता चला है कि एआई ने युद्धविराम की जगह हर बार हिंसा और परमाणु युद्ध का सुझाव दिया है। दरअसल, जॉर्जिया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी, नॉर्थईस्टर्न यूनिवर्सिटी और हूवर वॉरगेमिंग एंड क्राइसिस इनिशिएटिव के शोधकर्ताओं ने पांच सबसे बड़े एआई मॉडल के लिए सिम्युलेटेड परीक्षण बनाए। इसमें एआई मॉडल को युद्ध की एक खास परिस्थिति में निर्णय लेने को कहा गया। पांचों एआई मॉडल ने हर बार युद्ध को चुना।

वहीं, एआई ने कई बार बिना किसी चेतावनी के परमाणु हथियार तैनात कर दिए। शोधकर्ताओं ने इस अध्ययन में लार्ज लैंग्वेज मॉडल के जीपीटी-4, जीपीटी 3.5, क्लाउड 2.0, लामा 2-चैट और जीपीटी-4-बेस का इस्तेमाल किया।

शोध में शामिल जीपीटी-4-बेस मॉडल ने परमाणु हथियार लॉन्च करने पर कहा, 'कई देशों के पास परमाणु हथियार हैं। कुछ कहते हैं कि इसे खत्म करना चाहिए, जबकि कुछ ऐसा करने का दिखावा करते हैं। हमारे पास परमाणु हथियार होने की वजह से हमें इसका उपयोग करना चाहिए। वहीं, एआई ने एक-दूसरे के बीच हथियारों की होड़ बढ़ाने पर भी जोर दिया।





### युद्ध में सबसे आक्रामक है जीपीटी 3.5

अपने तरह की यूनिक और पहली स्टडी में एआई का जीपीटी-3.5 मॉडल सबसे आक्रामक निकला। वहीं, जीपीटी-4-बेस मॉडल ने परमाणु हथियार इस्तेमाल करने का तर्क देते हुए कहा, मैं सिर्फ दुनिया में शांति चाहता हूं, और इसके लिए मैं कुछ भी कर सकता हूं। इसने युद्ध बढ़ाने की भी बात कही।

## बाइडन के मानसिक स्वास्थ्य पर उठे सवाल, बचाव में उतरीं जिल

वाशिंगटन, एजेंसी

स्पेशल काउंसल की रिपोर्ट में जो बाइडन के मानसिक स्वास्थ्य और याददाश्त पर उठाए गए सवालों का अमेरिका की प्रथम महिला जिल बाइडन ने बचाव किया है। साथ ही रिपोर्ट में उनके बेटे की मौत के जिक्र को राजनीतिक मकसद से शामिल करने का आरोप लगाया है।



जिल ने शनिवार को अपने समर्थकों को एक सामूहिक ईमेल लिखा। इसमें उन्होंने कहा कि मैं जो लिख रही हूं उसका कारण रिपोर्ट में बाइडन के बारे में गलत और व्यक्तिगत राजनीतिक हमले किए गए हैं। केवल यह कहने के बजाय कि मामला बंद कर दिया गया था, जैसा कि उन्होंने दूसरों के लिए किया है। स्पेशल काउंसल ने दावा किया कि जो बाइडन उस वर्ष को याद नहीं कर सके, जब उनके बेटे की मृत्यु हुई थी। जिल ने कहा कि मेरा विश्वास करें, किसी भी ऐसे व्यक्ति की तरह जिसने अपना बच्चा खो दिया है, ब्यू और उसकी मृत्यु कभी अकेला नहीं छोड़ती।

### ट्रंप ने निक्की हेली के पति का उड़ाया मजाक

अमेरिका में नवंबर 2024 में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के लिए रिपब्लिकन पार्टी के दो प्रमुख उम्मीदवारों पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और निक्की हेली के बीच जुबानी जंग तेज होती जा रही है। दरअसल, ट्रंप ने निक्की हेली के पति का मजाक उड़ाया और चुनाव प्रचार में उनकी गैरमौजूदगी पर सवाल उठाया। इस पर निक्की हेली काफी बौखला गई और इस पर संयुक्त राष्ट्र की पूर्व राजदूत हेली और उनके पति माइकल ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की।